डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित दिनांक 29.05.2023 से 04.06.2023 | वर्ष-40 | अंक-22 | मूल्य ₹ 10.00

# महाराणा प्रताप के शौर्य और वीरता की कहानियां पाठ्यक्रम में शामिल होंगी

## भोपाल में स्थापित किया जायेगा महाराणा प्रताप लोक - मुख्यमंत्री

**महाराणा प्रताप देश के शौर्य के प्रतीक हैं। भोपाल में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप लोक का निर्माण किया जाएगा। यह उनके त्याग, तपस्या, संघर्ष और बलिदान को श्रद्धांजलि होगी। स्मारक में महाराणा प्रताप के जीवन और कार्यों को चित्रित किया जाएगा। साथ ही उनके सात सहयोगियों भामाशाह, पुंजाभील, चेतक और अन्य के योगदान को भी चित्रित कर दर्शाया जाएगा। महाराणा प्रताप द्वारा अपनी संस्कृति और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए संघर्ष तथा जीवन मूल्यों पर अडिग रहने की उनकी क्षमता से आने वाली पीढ़ी अवगत हो सके और तदनुसार संस्कार ग्रहण कर सके, इस उद्देश्य से महाराणा प्रताप लोक का निर्माण सार्थक होगा। प्रदेश में शालेय पाठ्यक्रम में महाराणा प्रताप के शौर्य और वीरता की कहानियां पढ़ाई जाएंगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित लाल परेड मैदान में महाराणा प्रताप जयंती समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

### भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित कर रहे हैं मुख्यमंत्री

डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित कर रहे हैं। वे महाराणा प्रताप जी के आदर्शों पर चलकर प्रदेश का विकास कर रहे हैं। उन्होंने महाराणा प्रताप जी की जयंती पर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित कर यह संदेश दिया है कि हम सब उन्हें याद करें और उनके शौर्य, बलिदान, देश प्रेम और जीवन मूल्यों से प्रेरणा प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य करें।

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप का व्यक्तित्व और कृतित्व हम सभी को प्रेरणा देता है। ईमानदारी और सच्चाई से समाज के सभी वर्गों की सेवा करना, प्रगति और विकास के रास्ते पर प्रदेश को अग्रसर करने की प्रेरणा भी हमें महाराणा प्रताप से मिलती है। महाराणा प्रताप शौर्य, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के साथ वैभवशाली, गौरवशाली राष्ट्र के निर्माण के प्रतीक भी हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली, गौरवशाली, सम्पन्न, समृद्ध और शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। विश्व के समृद्ध और शक्तिशाली देशों में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है।

श्री चौहान ने महाराज छत्रसाल बुंदेला को प्रणाम करते हुए कहा कि उनके संबंध में मान्यता थी कि 'छत्ता तोरे राज में, धक-धक धरती होय- जित-जित घोड़ा मुख करे, तित-तित फतेह होए'। यह शूरवीरों की धरती है। ऐसे वीर पुरुषों के जन्म-दिवस पर अवकाश देना, उनका ऋण उतारने का एक प्रयास मात्र है। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप की प्रतिबद्धता का स्मरण करते हुए कहा कि यह मेरा प्रण है कि जो भी लोग हमारे देश और प्रदेश के हितों से खिलवाड़ करेंगे वह छोड़े नहीं जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महाराणा प्रताप की जयंती पर अवकाश और भोपाल में महारानी पद्मावती की मूर्ति स्थापित कर ऐतिहासिक कार्य किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपनी अधिकांश घोषणाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है, जो उनकी बड़ी उपलब्धि है।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना

## बुजुर्गों को विमान से तीर्थ-यात्रा कराने का मेरा सपना हुआ साकार - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** हमारी सरकार ने प्रदेश के बुजुर्गों को हवाई जहाज से तीर्थ-यात्रा कराने का संकल्प लिया था। मनुष्य, भौतिक प्रगति के साथ आध्यात्मिक शांति चाहता है। भारत धर्म प्रधान देश है, भक्ति मार्ग में तीर्थ-यात्रा को प्रभु दर्शन का प्रभावी मार्ग माना गया है। हमारे बुजुर्ग बिना कष्ट के कम समय में तीर्थ कर आध्यात्मिक शांति प्राप्त कर सकें इस उद्देश्य से विमान से तीर्थ-यात्रा शुरू की गई है। वर्तमान में विमान से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में एक परिवार से एक सदस्य तीर्थ-यात्रा पर जा सकता है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित राजा भोज विमानतल से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में विमान से यात्रा के शुभारंभ पर तीर्थ-यात्रियों से संवाद करते हुये कहीं।

मध्यप्रदेश गरीब बुजुर्ग तीर्थ-यात्रियों को हवाई यात्रा कराने वाला देश का पहला राज्य है। विमान से प्रयागराज जाने वाली पहली तीर्थ-यात्रा में 32 बुजुर्ग तीर्थ-यात्री शामिल हुए, जिसमें 24 पुरुष और 8 महिला तीर्थ-यात्री शामिल हैं।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि हमारी सरकार ने ऐसी व्यवस्था कर दी है, जिससे हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाई यात्रा कर सकेंगे। मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना में विमान से तीर्थ-यात्रा की व्यवस्था करना प्रधानमंत्री श्री मोदी की सोच को साकार करने का प्रयास है। यह यात्राएं लगातार जारी रहेंगी। उन्होंने बताया कि योजना में अब तक 7 लाख 82 हजार बुजुर्ग रेल से तीर्थ-यात्रा कर चुके हैं। विमान से तीर्थ-यात्राओं का क्रम निरंतर जारी रहेगा। प्रयागराज के साथ ही शिर्डी, मथुरा-वृंदावन और गंगासागर की यात्रा विमान से कराई जाएगी।

### शिवराज ने निभाई बेटे की भूमिका

बैरागढ़ वार्ड क्रमांक-2 की निवासी 72 वर्षीय श्रीमती सिया कुमारी शर्मा बताती हैं कि उनके कोई बच्चा नहीं है। वे सपने में भी सोच नहीं सकती थीं कि वे हवाई जहाज से यात्रा करेंगी और वह भी प्रयागराज की। जब पार्षद कुसुम चतुर्वेदी ने उन्हें इसकी जानकारी दी और फॉर्म भरवाया तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा।

### मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना

## पंद्रह जून से युवाओं का पंजीयन होगा प्रारंभ

**भोपाल,** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के युवाओं के लिये लर्न एण्ड अर्न की तर्ज पर रोज़गार के लिये कौशल सिखाने 'मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना' लागू की है। युवाओं को उद्योगों के साथ सर्विस सेक्टर में कौशल प्रशिक्षण के साथ स्टाइपेंड भी दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि युवाओं को बेरोज़गार नहीं रहने देंगे। इस उद्देश्य से युवाओं को रोज़गार के लिए कौशल सिखाने नई योजना लागू की जा रही है। युवाओं को कौशल सीखने के साथ भुगतान भी किया जाएगा। कौशल प्रशिक्षण के लिए कंपनियों और सर्विस सेक्टर को जोड़ा जाएगा। नई योजना, युवाओं में क्षमता संवर्धन कर उन्हें पंख देने की योजना है, जिससे वे खुले आसमान में ऊंची उड़ान भर सकें और उन्हें रोज़गार, प्रगति और विकास के नित नए अवसर मिलें।

योजना में ट्रेनिंग देने वाली संस्थाओं का पंजीयन 7 जून से और युवाओं का पंजीयन 15 जून से शुरू होगा। युवाओं का प्लेसमेंट 15 जुलाई से होगा। राज्य शासन और ट्रेनिंग देने वाली संस्थाओं के मध्य 31 जुलाई को अनुबंध होगा। योजना में युवाओं को एक अगस्त से प्रशिक्षण दिया जाना शुरू हो जायेगा।

योजना में चिन्हित प्रतिष्ठानों का पैन एवं जीएसटी पंजीयन अनिवार्य होगा। प्रतिष्ठान अपने कुल कार्य-बल के 15 प्रतिशत की संख्या तक प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दे सकते हैं। जिन प्रतिष्ठानों में कम से कम 20 लोग नियमित रूप से कार्यरत हों, उनके कुल कार्य-बल की गणना ईपीएफ जमा करने के आधार पर की जायेगी। युवाओं को स्टाइपेंड एक वर्ष तक दिया जायेगा।

## जन-कल्याण कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से महिला स्व-सहायता समूहों को जोड़ें

**भोपाल,** मध्यप्रदेश में चल रहे विकास और जन-कल्याण कार्यक्रम के क्रियान्वयन में स्व-सहायता समूह की बहनों को अपना सहयोगी बनाना चाहता हूं। जन-सामान्य की समस्याओं तथा लंबित कार्यों के जल्द निराकरण के लिए मध्यप्रदेश जन-सेवा अभियान-2 चलाया जा रहा है। अभियान के क्रियान्वयन और लाभ आसानी से समय-सीमा में पात्र लोगों को उपलब्ध कराने में स्व-सहायता समूह की बहनें सहयोग करें। योजनाओं और कार्यक्रम के क्रियान्वयन में स्व-सहायता समूहों को जोड़ने के लिए निश्चित चैनल विकसित किये जाएं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में स्व-सहायता समूहों के संकुल स्तरीय संगठनों की अध्यक्ष बहनों के साथ परिचर्चा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व-सहायता समूह की बहनें समाज-सुधार का आंदोलन भी चलाएं। बच्चों की पढ़ाई, बाल विवाह को रोकने तथा नशा-मुक्ति के लिए समूह अपने स्तर पर गतिविधियों और जागरूकता के लिए कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजीविका मिशन को सशक्त बनाने के लिए यह आवश्यक है कि हम अपनी जरूरत का सामान आजीविका स्टोर्स से ही लें। प्रदेश में आजीविका स्टोर और दीदी कैफे की संख्या बढ़ाई जाएगी।

श्री चौहान ने कहा कि महिला सशक्तिकरण मेरी जिंदगी का मिशन है। ईश्वर ने बेटा-बेटी को बराबर बनाया, लेकिन ऐतिहासिक कारणों से परिवार और समाज में बेटियों को दोयम दर्जे का माना गया। बहन-बेटियां घर-आंगन में काम करने की मशीन बन कर रह गईं। पुरुष प्रधान समाज में न तो उनकी इज्जत थी और न मान-सम्मान था। अबला शब्द महिलाओं का पर्यायवाची बन गया था। बेटियों का जन्म अभिशाप माना जाता था। राज्य सरकार ने इस वेदना और पीड़ादायी स्थिति को बदलने के प्रयास शुरू किए। ऐसे प्रयास किए जिससे बेटी को बोझ नहीं वरदान समझा जाये। जन्म लेते ही बेटी को लखपति बनाने वाली लाड़ली लक्ष्मी योजना हो या विवाह में सहायता के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना, यह प्रयास इसी सोच का परिणाम थे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

- **पिछला समाह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

## यूथ फॉर लाइफ प्रशिक्षण आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**भोपाल,** यूथ फॉर लाइफ कार्यक्रम के लिए युवा वर्ग के बढ़ते रुझान को देखते हुए पर्यावरण विभाग ने प्रशिक्षण के लिए आवेदन लेने की अंतिम तिथि 25 मई से बढ़ा कर 30 मई कर दी है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा युवा महापंचायत में व्यक्त किये गये संकल्प LiFE- (लाइफ स्टाइल फॉर इन्वायरमेंट) के लिये युवा नेतृत्व विकास के अंतर्गत Youth for LiFE प्रशिक्षण का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रदेश में आरंभ किया जा रहा है। इसमें भाग लेने के लिये युवाओं के आवेदन जिलों से आमंत्रित किये जा रहे हैं। आवेदकों के अनुरोध पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 मई 2023 तक बढ़ा दी गयी है। आवेदन प्रक्रिया संबंधी जानकारी के लिये एप्को की वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

## 20 मई

### भारत में पहली बार रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये के पार हुआ

● रक्षा क्षेत्र में भारत घरेलू उत्पादन बढ़ाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। भारत ने रक्षा उत्पादन के मामले में एक लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है। यह पहली बार है जब देश का रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का अस्थाई आंकड़ा एक लाख 6 हजार 800 करोड़ रुपये रहा है। ये पिछले वित्त वर्ष (95 हजार करोड़ रुपये) की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सरकार अब रक्षा उत्पादों के आयात पर निर्भरता कम करना चाहती है।

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान अपने अर्जित मुनाफे में से 87 हजार 416 करोड़ रुपये की राशि केंद्र सरकार को देगा। आरबीआई के गर्वनर डॉ. शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में हुई निदेशक मंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में घरेलू आर्थिक हालात और वैश्विक स्तर पर वित्तीय माहौल से जुड़े कई मुद्दों की समीक्षा की गई। इसके अलावा बैठक में आरबीआई की कुल पूंजी की छह प्रतिशत राशि आकस्मिक जोखिम बफर के तौर पर आरक्षित करने का निर्णय भी लिया गया। इससे पहले बफर के तौर पर 5.5 प्रतिशत राशि आरक्षित थी।

## 21 मई

### वाघशीर का समुद्री परीक्षण हुआ शुरू

● भारतीय नौसेना ने कलावरी श्रेणी की प्रोजेक्ट-75 के तहत छठवीं स्कॉर्पिन पनडुब्बी वाघशीर का समुद्री परीक्षण शुरू किया है। इस पनडुब्बी को 20 अप्रैल को गोवा के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा समुद्र में उतारा गया है। समुद्री परीक्षण पूरा होने के बाद आईएनएस वाघशीर को अगले वर्ष भारतीय नौसेना में कमीशन किया जाएगा। आईएनएस वाघशीर एक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी है। इस पनडुब्बी में अत्याधुनिक नेविगेशन और ट्रैकिंग सिस्टम लगे हैं।

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 1.39 करोड़ नए सदस्य जोड़े हैं, जो कि पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 (1.22 करोड़) की तुलना में 13.22 प्रतिशत अधिक हैं। यह जानकारी श्रम मंत्रालय द्वारा दी गई है। श्रम मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में आर्थिक गतिविधियों में बीते एक वर्ष से तेजी बनी हुई है। श्रम मंत्रालय के अनुसार मार्च 2023 में ईपीएफओ से जुड़ने वाले सदस्यों की संख्या 13.40 करोड़ रही। इनमें से 7.58 लाख ऐसे सदस्य हैं, जो पहली बार ईपीएफओ के दायरे में शामिल हुए हैं।

## 22 मई

### वायुसेना ने मिग-21 विमानों की उड़ान पर लगाई रोक

● भारतीय वायुसेना ने लड़ाकू विमान मिग-21 की उड़ान पर रोक लगा दी है। मिग-21 विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। वायुसेना ने कहा कि राजस्थान में क्रैश हुए मिग-21 विमान की जांच पूरी होने तक पूरे बेड़े के उड़ान भरने पर रोक लगाई गई है। फिलहाल सभी मिग-21 विमान अभी तकनीकी मूल्यांकन और जांच के दौर से गुजर रहे हैं।

● जलवायु परिवर्तन मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। जलवायु परिवर्तन से पिछले 50 वर्षों में विश्वभर में 20 लाख से ज्यादा लोगों की मृत्यु हुई है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने दी है। डब्ल्यूएमओ के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1970 से 2021 तक जलवायु परिवर्तन के कारण 356 लाख करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। इस दौरान जलवायु परिवर्तन के कारण हुई 20 लाख मौतों में से 90 प्रतिशत से अधिक मौतें विकासशील देशों में हुई हैं।

## 23 मई

### इसरो लॉन्च करेगा नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-01

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) आंध्रप्रदेश स्थित श्रीहरिकोटा से नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-01 का प्रक्षेपण करेगा। यह सैटेलाइट 29 मई को जीएसएलवी (जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल) से लॉन्च की जाएगी। इसरो ने बताया कि इस मिशन के लिए 2232 किलोग्राम वजन वाले एनवीएस-01 सैटेलाइट को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में तैनात करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस सैटेलाइट में पहली बार स्वदेशी एटॉमिक क्लॉक लगाई गई है।

● केंद्र सरकार कारीगर, बुनकर और आभूषण निर्माताओं को एक विशेष परीक्षण दिलायेगी। इस परीक्षण के जरिए ये कारीगर अपने उत्पाद ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर लिस्ट करा सकेंगे और निर्यात भी कर सकेंगे। विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) श्री संतोष कुमार सारंगी ने बताया कि सरकार इसके लिए एक आउटरिच प्रोग्राम शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन-प्रोडक्ट योजना के तहत रेडिमेड गारमेंट्स, जेम्स एंड ज्वेलरी और ओवर द काउंटर प्रोडक्ट्स के निर्यात की बड़ी संभावनाएं हैं, इसीलिए आउटरिच प्रोग्राम के तहत देश के कारीगर, बुनकर और आभूषण निर्माताओं को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## 24 मई

### नौसेना ने किया मध्यम दूरी की मिसाइल का सफल परीक्षण

● भारतीय नौसेना ने स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक युद्धपोत आईएनएस मोरमुगाओ से सतह से हवा में मार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइल (एमआरएसएएम) का सफल परीक्षण किया है। नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि आईएनएस मोरमुगाओ से सतह से हवा में प्रहार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइल का परीक्षण सफल रहा। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने सी-स्किमिंग तकनीक के जरिए समुद्र में मौजूद सुपरसोनिक लक्ष्य को मार गिराया। सी-स्किमिंग तकनीक उड़ान का एक तरीका है। इस तकनीक में कोई मिसाइल या विमान पानी की सतह के बेहद नजदीक उड़ान भरता है।

● उच्च शिक्षा के लिए अब भारतीय विद्यार्थियों को विदेश का रुख नहीं करना पड़ेगा। अब दुनिया के शीर्ष शैक्षणिक संस्थान भारत में अपना कैंपस खोलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के बाद अमेरिका के शीर्ष विश्वविद्यालय भारत में अपने कैंपस खोल सकते हैं। इस संबंध में दोनों देशों के बीच उच्च स्तर पर वार्ता जारी है। अमेरिका के अलावा ब्रिटेन से भी इस संबंध में वार्ता जारी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस वर्ष जनवरी में विदेशी शैक्षणिक संस्थानों को अपने कैंपस भारत में खोलने की अनुमति प्रदान की थी।

## 25 मई

### मजबूत स्थिति में है भारत का विदेशी मुद्रा भंडार

● भारत का विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत है और ये अगले 5-6 वर्षों में खराब से खराब परिस्थितियों में देश की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। यह जानकारी केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में दी। श्री गोयल ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत का मौजूदा विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 600 अरब डॉलर का है। दुनिया का अन्य कोई विकासशील देश इससे बेहतर स्थिति में नहीं है। इसके अलावा व्यापार के क्षेत्र में भी भारत लगातार आगे बढ़ रहा है।

● मौसम पूर्वानुमान के मामले में भारत लंबी छलांग लगाने जा रहा है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने बताया कि मौसम के सटीक पूर्वानुमान के लिए नोएडा स्थित राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र में आठ पेटाफ्लॉप सुपर कम्प्यूटर (प्रति सेकंड एक खरब गणना) और पुणे स्थित उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान में 10 पेटाफ्लॉप सुपर कम्प्यूटर की स्थापित किये जायेंगे। यह सुपर कम्प्यूटर इस वर्ष के अंत तक स्थापित हो जायेंगे।

## 26 मई

### हिन्दी भाषा में भी आयोजित होगी क्लैट 2024 परीक्षा

● राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के कंसोर्टियम ने विधि विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाले कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) के संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। कंसोर्टियम ने कहा कि विधि विश्वविद्यालयों में पांच वर्षीय एकीकृत बीए, एलएलबी ऑनर्स और एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए क्लैट 2024 परीक्षा 3 दिसम्बर, 2023 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा ऑफलाइन मोड में होगी। कंसोर्टियम ने कहा कि इस बार क्लैट परीक्षा अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी भाषा में भी आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया अगस्त 2023 में शुरू होगी।

● ईरान ने दो हजार किलोमीटर तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल खोर्रमशहर-4 का सफल परीक्षण किया है। यह मिसाइल सऊदी अरब से लेकर इजराइल और मध्य पूर्वी देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करने में सक्षम है। ईरान के रक्षा मंत्री जनरल मोहम्मद रजा अश्तियानी ने बताया कि इस मिसाइल को कम समय में लॉन्च करने के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मिसाइल को 1500 किलोग्राम वॉरहेड रखकर दागा जा सकता है। अश्तियानी ने कहा कि ईरान अपने रक्षात्मक मिसाइल कार्यक्रम आगे भी जारी रखेगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

आजाद पी 3 एकेडमी
सपनों की उड़ान आप भरें, उन्हें साकार हम करें। इंदौर
UPSC | MPPSC | MPSI | PATWARI | SAMVIDA 1,2,3
प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित
MPPSC MAINS NEW BATCH 30 MAY'23 NEXT BATCH 12 JUNE'23
MPPSC PRE+ MAINS HINDI+ ENGLISH (1 YEAR) 6 JUNE'23 | 20 JUNE'23 | 4 JULY'23 | 18 JULY'23
UG BATCH 3 YEARS PLAN GANGA
29 MAY'23 | 8 JUNE'23 | 22 JUNE'23 | 6 JULY'23
MPSI NEW BATCH 5 JUNE'23 | 19 JUNE'23
हेड ऑफिस : वेदा बिल्डिंग द्वितीय मंजिल, एम्पल हॉस्पिटल के पास, भंवरकुंआ, इंदौर
0731-4966653 / 54, 70244-86260
R-48585/2023

AIMR EXCEL BEYOND
APEX INSTITUTE OF MANAGEMENT AND RESEARCH, INDORE
(Approved by AICTE, MP Higher Education & Affiliated to DAVV, Indore)
REQUIRED FACULTY MEMBERS FOR
MBA, M.Com, PGDCA, B.Com (Plain, C.A. & Tax procedure) and B.A
■ Principal/ Director ■ Associate Professor's
■ Professor's ■ Assistant Professor's
Qualifications and Pay Scale as per UGC Norms.
Interested candidates may apply /mail with complete resume & testimonials along with two passport size photographs within 15 days for Under Code 28 Selection of DAVV University, Indore
UG-12-13, Royal Platinum, Sch.No.54, Vijay Nagar, Indore(M.P) 452010
Contact Number: 07389919192, 08878880866, Email: hr@aimrindore.com
Careers
R-48576/2023

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

| क्रमांक | ब्लैक एंड व्हाइट (रेट प्रति वर्ग सेंटी (Sq Per cm)) | रंगीन (रेट प्रति वर्ग सेंटी (Sq Per cm)) |
|---|---|---|
| 1. डीएवीपी (DAVP) रेट | 13.36 | 18.70 |
| 2. कॉन्ट्रैक्ट रेट | 70.00 | 98.00 |
| 3. कमर्शियल रेट | 80.00 | 112.00 |

फुल पेज का आकार

| | | |
|---|---|---|
| चौड़ाई | - | 25 सेंटीमीटर |
| लंबाई | - | 37 सेंटीमीटर |
| कुल वर्ग सेंटीमीटर | - | 925 वर्ग सेंटीमीटर |

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेंमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 22 29.05.2023 से 04.06.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - मनीष सिंह
● सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

# कोल जनजातीय सम्मेलन

कोल समाज के मान-सम्मान और प्रतिष्ठा की प्रतीक त्योंहर की कोल गढ़ी का जीर्णोद्धार किया जायेगा। इसके लिये 3 करोड़ 12 लाख रुपये स्वीकृत किये जायेंगे। भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस 9 जून से जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हो जायेगा। प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कोल भवन बनाये जायेंगे, इसकी शुरुआत रीवा से होगी। कोल समाज की प्रगति और उत्थान के लिये सरकार और समाज मिलकर काम करेंगे। शिक्षा, रोज़गार, स्व-रोज़गार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष गतिविधियां चलायी जायेंगी। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित अपने निवास परिसर में कोल जनजाति सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोल समाज की महिमा अद्भुत है। यह वह समाज है, जिसने भगवान को भी घर दिया। भगवान श्रीराम के वनवास के समय कोल समाज ने ही उन्हें फल-फूल और आश्रय देने का काम किया। साथ ही समाज के बंधुओं ने ही भगवान श्रीराम के लिये पर्ण कुटी का निर्माण किया। कोल समाज राम-भक्त और देश-भक्त समाज है। अंग्रेज़ों को खदेड़ने में भी कोल समाज आगे रहा है। वर्ष 1831 में बुध भगत और मदारा महतो के नेतृत्व में हुआ कोल विद्रोह कई जनजातियों के लिये अंग्रेज़ों के अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष का प्रेरणास्रोत बना। कोल समाज का अपना इतिहास है, इसके संरक्षण के लिये निरंतर कार्य जारी रहेगा। भले और भोले कोल समाज का सम्मान और प्रतिष्ठा पुनर्स्थापित की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भू-आवासीय अधिकार योजना में पट्टा देकर जमीन का मालिक बनाया जा रहा है। कोल समाज के जिन व्यक्तियों के पास रहने के लिये जमीन नहीं है, उनका सर्वे कराने के निर्देश भी दिये गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को प्लॉट दिया जायेगा। पट्टे के साथ ही घर बनाने के लिये भी आवश्यक सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में जमीन खरीद कर प्लॉट उपलब्ध कराये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई, सभी के स्वास्थ्य, युवाओं के रोज़गार और स्व-रोज़गार पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने समाजजन को प्रेरित करते हुये कहा कि हमें अपनी जिन्दगी बदलने के लिये ठोस प्रयास करने होंगे, हम गरीब रहने के लिये पैदा नहीं हुये हैं। बच्चों की शिक्षा, रोज़गार और स्व-रोज़गार के लिये लक्षित प्रयासों से ही आने वाली पीढ़ी समय के साथ चल सकेगी। इसके लिये समाज को सजग होना होगा। मुख्यमंत्री ने कोल विकास प्राधिकरण को मेधावी बच्चों की पढ़ाई, सरकारी नौकरी तथा मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज में भर्ती के लिये कोचिंग की व्यवस्था की दिशा में पहल करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं के स्व-रोज़गार के लिये आवश्यक प्रशिक्षण और लोन की व्यवस्था कर उन्हें रोज़गार मांगने वाला नहीं रोज़गार देने वाला बनाना है। मुख्यमंत्री ने कोल समाज की महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जुड़ने के लिये प्रेरित किया और लाड़ली बहना योजना की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये।

## जलवायु परिवर्तन से है दिल को खतरा

जलवायु परिवर्तन की चर्चा इन दिनों आम बात है। यह पृथ्वी पर मौजूद पेड़, पौधे, जानवर, जलीय जीव और मनुष्य पर सीधा असर डालते हैं। अब लोग इन बातों को लेकर जागरूक हो रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन के खतरों से किस तरह बचाव किया जाये। फ्रांस के शोधकर्ताओं ने जलवायु परिवर्तन और हृदय रोगों के बीच संबंध को लेकर चौंकाने वाले दावे किये हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान बढ़ रहा है इससे हृदय रोग का खतरा बढ़ रहा है, इससे निम्न रक्तचाप की समस्या भी बढ़ रही है। फ्रांस के मोंटपेलियर विश्वविद्यालय के शोधकर्ता प्रोफेसर फ्रेंकोइस रूबिल ने कहा कि यह शोध हार्ट अटैक के रोगियों में परिवेश के तापमान और शरीर के वजन के बीच सख्त संबंध दिखाने वाला पहला अध्ययन है। प्रोफेसर फ्रेंकोइस रुबिल ने बताया कि यह अध्ययन एक जून से 20 सितम्बर, 2019 के बीच किया गया, जब गर्मी का अच्छा प्रभाव होता है। जलवायु परिवर्तन के कारण लगातार बढ़ रही गर्मी सिर्फ हृदय रोगियों के लिये ही नुकसानदेह नहीं है, बल्कि गर्मी के कारण वजन घटने और निम्न रक्तचाप की समस्या भी हो सकती है तथा गर्मी के कारण इंसान के गुर्दे भी प्रभावित हो रहे हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि अध्ययन के दौरान गंभीर हार्ट अटैक वाले 1420 मरीजों को शामिल किया गया, जिनमें 28 प्रतिशत महिलायें थीं। शोध में शामिल प्रतिभागियों की औसत आयु 73 वर्ष और औसत वजन 78 किलोग्राम था। शोध के अनुसार अध्ययन में शामिल प्रतिभागियों का वजन और लक्षणों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिये टेलीमॉनिटरिंग सिस्टम का उपयोग किया गया था।

**- देवेश तिवारी**

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस 22 मई

# मानव सभ्यता का संरक्षण और जैव विविधता

प्रकृति की सभी चीजों में कुछ ना कुछ अद्भुत है अस्तु का यह कथन बिल्कुल सत्य है। इसलिए प्रकृति में मौजूद हर फूल, हर जीव, हर तत्व का संरक्षण आवश्यक है। यही जैव विविधता है। प्रतिवर्ष 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस मनाया जाता है। इसे 'विश्व जैव-विविधता संरक्षण दिवस' भी कहते हैं। इसका प्रारंभ संयुक्त राष्ट्र ने किया था। हमारे जीवन में जैव-विविधता का काफी महत्व है। हमें एक ऐसे पर्यावरण का निर्माण करना है, जो जैव-विविधता में समृद्ध, टिकाऊ और आर्थिक गतिविधियों के लिए हमें अवसर प्रदान कर सके। जैव-विविधता की कमी होने से प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़, सूखा और तूफान आदि आने का खतरा और अधिक बढ़ जाता है और वर्तमान समय में इसके दुष्प्रभाव दिन-प्रतिदिन हमारे सामने लगातार आते जा रहे हैं। लाखों विशिष्ट जीव कई प्रजातियों के रूप में पृथ्वी पर उपस्थित हैं और हमारा जीवन प्रकृति का अनुपम उपहार है। अतः पेड़-पौधे, अनेक प्रकार के जीव-जंतु, मिट्टी, हवा, पानी, महासागर-पठार, समुद्र-नदियां इन सभी प्रकृति की देन का हमें संरक्षण करना चाहिए, क्योंकि यही हमारे अस्तित्व एवं विकास के लिए काम आती हैं। प्राकृतिक एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में जैव-विविधता का महत्व देखते हुए ही जैव-विविधता दिवस को अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।

### जैव-विविधता दिवस की शुरुआत

अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र ने 1993 में की थी। नैरोबी में 29 दिसंबर, 1992 को हुए जैव-विविधता सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया था, किंतु कई देशों के व्यवहारिक कठिनाइयां जाहिर करने के कारण इस दिन को 22 मई को मनाने का निर्णय लिया गया। वैश्विक नेताओं ने भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक सुंदर और खुशहाल पृथ्वी सुनिश्चित करते हुए वर्तमान जरूरतों को पूरा करने के लिए 'सतत विकास' की एक व्यापक रणनीति पर सहमति व्यक्त की थी। 193 देशों ने इस पर हस्ताक्षर किए गए थे। भारत जैव-विविधता सम्मेलन (सीबीडी) का एक पक्षकार है। दिसंबर, 2018 को भारत ने जैव-विविधता सम्मेलन (सीबीडी) की छठी राष्ट्रीय रिपोर्ट प्रस्तुत की। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय जैव-विविधता प्राधिकरण द्वारा आयोजित राज्य जैव-विविधता बोर्डों की 13वीं राष्ट्रीय बैठक के द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत की गई थी।

### उद्देश्य और प्रभाव

इस दिवस का उद्देश्य ऐसे पर्यावरण का निर्माण करना है, जो जैव-विविधता में समृद्ध, टिकाऊ और आर्थिक गतिविधियों के लिए अवसर प्रदान कर सके। जैव-विविधता का तात्पर्य विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु और पेड़-पौधों का अस्तित्व धरती पर एक साथ बनाए रखने से होता है। इसकी कमी से बाढ़, सूखा और तूफान आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बढ़ जाता है।

पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने तथा खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने में भी जैव-विविधता की अहम भूमिका होती है। इसलिए हमें प्रकृति से उपहार के रूप में मिले पेड़-पौधे, अनेक प्रकार के जीव-जंतु, मिट्टी, हवा, पानी, महासागर, समुद्र, नदियों आदि का संरक्षण करना चाहिए।



इसमें विशेष तौर पर वनों की सुरक्षा, संस्कृति, जीवन के कला शिल्प, संगीत, वस्त्र-भोजन, औषधीय पौधों का महत्व आदि को प्रदर्शित करके जैव-विविधता के महत्व एवं उसके न होने पर होने वाले खतरों के बारे में जागरूक करना है।

### इस वर्ष की थीम

निस्संदेह यह वर्ष जैव-विविधता संरक्षण की दृष्टि से विशेष है। दिसंबर 2022 में हस्ताक्षर किए गए एक ऐतिहासिक समझौते कुनमिंग-मॉन्ट्रियल ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क को अपनाने पर केन्द्रित है। वर्ष 2023 की अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस की थीम है- फ्रॉम एग्रीमेंट टू एक्शन : बिल्ड बैक बायोडायवर्सिटी। यह इस विचार को बढ़ावा देता है कि, अब जबकि हमारे पास वैश्विक स्तर पर एक कार्य योजना पर सहमति है, तो हमें 2030 से पहले उन सभी उपायों को लागू करना होगा जिन पर समझौते में विचार किया गया है। केवल इस तरह से हम सुरक्षित और टिकाऊ जैविक विविधता को पुनः प्राप्त करने में सक्षम होंगे। जैविक विविधता पर कन्वेंशन का मुख्य संदेश यही है, जो सतत विकास के लिए आवश्यक है।

### जैव विविधता पर संकट अर्थात् मानवता पर संकट

अगर हम अपने आसपास मौजूद पथियों, फलों और जीवों को देखें तो ऐसी कई प्रजातियां हैं जो धीरे-धीरे नष्ट होने की स्थिति में पहुंच रही हैं इनका संरक्षण सिर्फ इन्हें बचाने के लिए आवश्यक नहीं है बल्कि पूरी मानव सभ्यता के संरक्षण में जैव-विविधता की महत्वपूर्ण भूमिका है। मछली लगभग 3 अरब लोगों को 20 प्रतिशत एनिमल प्रोटीन प्रदान करती है, मानव आहार का करीब 80 प्रतिशत से अधिक आहार पौधों से प्राप्त होता है। एक हिंदी कहावत है कि, 'जैसा खाओ अन्न वैसा होगा मन' इसे और आगे देखा जाए तो न सिर्फ मन बल्कि हमारे तन पर भी हमारे आहार का असर होता है। आज के दौर में देखा जाए तो धीरे-धीरे लोगों के भोजन में समरूपता आती जा रही है, विविधता खत्म होती जा रही है। यह एक बड़े संकट की ओर इशारा है। पिछले 100 साल में यदि देखा जाए तो 90 प्रतिशत से अधिक फसलों की किस्में किसानों के खेतों से गायब हो गई हैं। कई घरेलू जानवरों की आधी नस्लों को हमने खो दिया है, और दुनिया के सभी मुख्य मछली पकड़ने के मैदान अब उनकी स्थायी सीमाओं जैसे नहीं रहे हैं। स्थानीय-विविध खाद्य उत्पादन प्रणालियां खतरे में हैं, इसकी वजह अब स्थानीय लोगों में ज्ञान की कमी और उनका विलुप्त होना है। एग्रोबायोडायवर्सिटी गायब हो रही है और पारंपरिक चिकित्सा और स्थानीय खाद्य पदार्थों की कमी हो रही है। आहार में विविधता की कमी का सीधा असर बीमारियों या स्वास्थ्य जोखिम कारकों जैसे कि मधुमेह, मोटापा और कुपोषण से जुड़ा हुआ है और इसका पारंपरिक दवाओं की उपलब्धता पर सीधा प्रभाव पड़ता है। विकासशील देशों में ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले 80 प्रतिशत लोग बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल के लिए औषधीय पौधों पर आधारित दवाओं पर निर्भर हैं। इसलिए जैव-विविधता के संकट का असर मानव के स्वास्थ्य से लेकर हर क्षेत्र पर हो रहा है।

### पर्यावास और जैव-विविधता

वनस्पतियों तथा जीव-जंतुओं का निवास स्थान पर्यावास कहलाता है। जब इन्हें प्राकृतिक अथवा मानवीय क्रियाकलापों के कारण अपने पर्यावास को छोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है तो यह उनकी हानि अथवा कभी-कभी विनाश को बढ़ावा देता है। व्यक्तिगत एवं आर्थिक लाभ तथा भूमि उपयोग में होने वाले परिवर्तनों से पौधों एवं जीवों के पर्यावासों का तेजी से विनाश हो रहा है। भूमि उपयोग परिवर्तन में कृषि, उद्योग तथा मानव बस्तियों के लिए वनों की कटाई तथा भूमि अधिग्रहण को शामिल किया जाता है। मानव बस्तियों के निरंतर प्रसार के कारण कई पर्यावासों में विनाश के स्तर तक कमी आई है तथा वे विखंडित हो गए हैं। जब हम वनों से लकड़ी प्राप्त करने तथा कृषि उद्देश्यों के लिए पेड़ों को काटते हैं तो इससे हम वह अद्वितीय पारिस्थितिक तंत्र नष्ट कर रहे होते हैं जो अब उपलब्ध नहीं होगा। पर्यावास का विखंडन प्रजातियों को छोटी-छोटी आबादी में विभाजित करता है, जिससे वे अधिक समय तक जीवित नहीं रह सकते हैं। पर्यावास विखंडन जैव-विविधता के लिए नए क्षेत्रों में स्थानांतरित होने, प्रसार करने तथा उपनिवेशों के निर्माण में भौतिक अवरोध भी उत्पन्न करता है। एक अनुमान के अनुसार, सभी लुप्तप्राय, संवेदनशील तथा दुर्लभ प्रजातियों में से कई प्रजातियां पर्यावास हानि तथा उनके विखंडन के खतरे में है।

### विटले अवॉर्ड अर्थात् ग्रीन ऑस्कर

वन्य जीव जंतु संरक्षण पर काम करने के लिए विटले सम्मान दिया जाता है। विटले अवॉर्ड को ग्रीन ऑस्कर भी कहा जाता है। यह सम्मान लन्दन की रॉयल ज्योग्राफिकल सोसायटी में आयोजित एक समारोह में दिया जाता है। पुरस्कार के विजेताओं को 35000 पौंड दिए जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहद प्रतिष्ठित यह पुरस्कार दुनिया के विकासशील देशों में प्रकृति के संरक्षण के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर असाधारण कार्य करने वाले व्यक्ति को दिया जाता है, खासकर ऐसे व्यक्ति को, जिन्हें संरक्षण कार्य में मानवीय, पर्यावरणीय या राजनैतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इस वर्ष का अवॉर्ड केन्याई संरक्षणवादी डॉ. शिवानी भल्ला को दिया जा रहा है, उन्होंने उत्तरी केन्या में लोगों और वन्यजीवों के बीच सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। इवासो लायंस की स्थापना करने वाली शिवानी और उनकी टीम ने अपने समुदाय द्वारा शुरू किए गए कार्य से शेरों की खत्म होती संख्या के संकट को दूर करने में दो दशक का समय दिया है, उनके प्रयासों के माध्यम से इवासो परिदृश्य अब उत्तरी केन्या के एकमात्र क्षेत्रों में से एक है जहां शेर अब संरक्षित हो रहे हैं।

प्रकृति में मौजूद हर एक वनस्पति तथा जीव का वातावरण को रहने के योग्य बनाने में अलग-अलग महत्व है। इसलिए अगर हमें अपने वातावरण की शुद्धता को ऊंचे स्तर तक पहुंचाना है तो हमें जैव-विविधता के संतुलन को बनाए रखने पर अपना ध्यान केंद्रित करना होगा तथा थ्रू एंड थ्रो कल्चर को छोड़कर स्थायी विकास और स्थायी निवास के तौर पर प्रकृति को देखना होगा।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका : समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

## रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

**शुद्धिपत्र क्रमांक 09/03/2019, दिनांक 13.05.2023**

## राज्य सेवा परीक्षा 2019

### राज्य सेवा परीक्षा 2019 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का पुनरीक्षित रिक्ति विवरण

1. आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के प्रशासनिक पदों की पूर्ति हेतु ''राज्य सेवा परीक्षा - 2019'' का विज्ञापन क्रमांक 03/2019, दिनांक 14.11.2019 आयोग की वेबसाइट www.mppscdemo.in, www.mppsc.nic.in, एवं www.mppsc.com पर जारी किया गया है तथा ''रोज़गार और निर्माण'' समाचार पत्र के दिनांक 18.11.2019 के अंक में भी प्रकाशित किया गया है।
2. उपरोक्त विज्ञापन में निम्नानुसार पदों को विज्ञापित किया गया था :-

| क्र. | पदनाम | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या | | | | | रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या | | | | | मध्यप्रदेश के मूल निवासी भूतपूर्व सैनिकों हेतु आरक्षित पद संख्या | | | | | मध्यप्रदेश के मूल निवासी दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | SC | ST | OBC | EWS | UR | SC | ST | OBC | EWS | UR | SC | ST | OBC | EWS | VH | HH | OH | MD | Total |
| | **द्वितीय श्रेणी राजपत्रित** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | **सामान्य प्रशासन विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 1. | राज्य प्रशासनिक सेवा उप जिलाध्यक्ष | 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 3 | 1 | 2 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 27 |
| | **गृह (पुलिस) विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 2. | राज्य पुलिस सेवा उप पुलिस अधीक्षक (जी.डी.) | 6 | 4 | 4 | 6 | 2 | 2 | 1 | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 22 |
| | **वित्त विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 3. | कनिष्ठ वेतनमान कोषालय अधिकारी/ लेखाधिकारी/सहायक संचालक | 0 | 3 | 7 | 14 | 0 | 0 | 1 | 2 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 24 |
| 4. | सहायक संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा | 1 | 1 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 |
| | **वाणिज्यिक कर विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 5. | वाणिज्यिक कर अधिकारी | 0 | 1 | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| 6. | जिला आबकारी अधिकारी | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 7. | जिला पंजीयक | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | **श्रम विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 8. | श्रम पदाधिकारी (मुख्य निरीक्षक मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम) | 1 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| | **नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 9. | मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रेणी 'स' | 0 | 1 | 3 | 6 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10 |
| 10. | सहायक संचालक | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| | **पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 11. | विकासखण्ड अधिकारी | 2 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 |
| | **जनसम्पर्क विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 12. | सहायक संचालक, जनसम्पर्क | 3 | 3 | 0 | 4 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 11 |
| | आदिम जाति कल्याण विभाग | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 13. | जिला संयोजक | 1 | 0 | 1 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 6 |
| 14. | क्षेत्र संयोजक | 5 | 3 | 3 | 7 | 1 | 2 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 19 |
| | **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 15. | सहायक संचालक, खाद्य/जिला सिविल आपूर्ति अधिकारी | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| | **स्कूल शिक्षा विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 16. | सहायक संचालक | 17 | 9 | 12 | 16 | 6 | 6 | 3 | 4 | 5 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 | 60 |
| | **सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 17. | सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधन | 6 | 8 | 6 | 22 | 11 | 2 | 3 | 2 | 7 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 53 |
| | **सहकारिता विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 18. | सहायक आयुक्त, सहकारिता एवं सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं | 2 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 |
| | **तृतीय श्रेणी राजपत्रित** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | **वाणिज्यिक कर विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 19. | वाणिज्यिक कर निरीक्षक | 6 | 3 | 4 | 5 | 2 | 2 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 20 |
| 20. | आबकारी उप निरीक्षक | 30 | 17 | 7 | 8 | 7 | 10 | 6 | 2 | 3 | 2 | 4 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 69 |
| 21. | उप पंजीयक | 0 | 1 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 6 |
| | **राजस्व विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 22. | नायब तहसीलदार | 20 | 11 | 14 | 19 | 7 | 7 | 4 | 5 | 6 | 2 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 | 71 |
| | **सहकारिता विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 23. | सहकारिता निरीक्षक/सहकारिता विस्तार अधिकारी | 4 | 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 18 |
| | **श्रम विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 24. | सहायक श्रम पदाधिकारी | 2 | 1 | 2 | 5 | 1 | 1 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 11 |
| | **नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 25. | मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रेणी 'ग' | 0 | 0 | 1 | 18 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 19 |
| | **वित्त विभाग** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 26. | मध्यप्रदेश अधीनस्थ लेखा सेवा | 21 | 3 | 22 | 33 | 9 | 7 | 1 | 7 | 11 | 3 | 2 | 0 | 2 | 3 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 88 |
| | | 137 | 79 | 102 | 196 | 57 | 46 | 24 | 30 | 66 | 17 | 11 | 2 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 7 | 3 | 571 |

3. सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य सेवा परीक्षा 2019 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक रूप में घोषित किया जाना है, इस संबंध में संबंधित विभागों से प्राप्त रिक्ति विवरण के अनुसार मुख्य भाग 87% (14% ओ.बी.सी. पदों) के पदों का विवरण निम्नानुसार है -

| क्र. | विभाग का नाम | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | | | | | मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | SC | ST | OBC | EWS | UR | SC | ST | OBC | EWS | |
| 1. | सामान्य प्रशासन विभाग | राज्य प्रशासनिक सेवा उप जिलाध्यक्ष | 8 | 4 | 5 | 4 | 3 | 3 | 1 | 2 | 1 | 1 | 24 |
| 2. | गृह (पुलिस) विभाग | राज्य पुलिस सेवा उप पुलिस अधीक्षक (जी.डी.) | 6 | 4 | 4 | 3 | 2 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 19 |
| 3. | वित्त विभाग | सहायक संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा | 1 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 |
| 4. | वाणिज्यिक कर अधिकारी | वाणिज्यिक कर विभाग | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 4 |
| 5. | वाणिज्यिक कर विभाग | जिला आबकारी अधिकारी | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 6. | वाणिज्यिक कर विभाग | जिला पंजीयक | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 7. | श्रम विभाग | श्रम पदाधिकारी (मुख्य निरीक्षक मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम) | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 3 |
| 8. | नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग | मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रेणी ''ख'' | 0 | 1 | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 7 |
| 9. | नगरीय विकास एवं आवास विभाग | सहायक संचालक | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 10. | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग | विकासखण्ड अधिकारी | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 |
| 11. | जनसम्पर्क | सहायक संचालक, जनसम्पर्क | 3 | 3 | 0 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 9 |
| 12. | आदिम जाति कल्याण विभाग | जिला संयोजक | 1 | 0 | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 5 |
| 13. | आदिम जाति कल्याण विभाग | क्षेत्र संयोजक | 5 | 3 | 3 | 4 | 1 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 | 16 |
| 14. | सहायक संचालक, खाद्य/जिला सिविल आपूर्ति अधिकारी | खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 15. | स्कूल शिक्षा विभाग | सहायक संचालक | 17 | 9 | 12 | 8 | 6 | 6 | 3 | 4 | 3 | 2 | 52 |
| 16. | सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधन | सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग विभाग | 6 | 8 | 6 | 12 | 11 | 2 | 3 | 2 | 4 | 4 | 43 |
| 17. | सहकारिता विभाग | सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, म.प्र. | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 6 |
| 18. | वाणिज्यिक कर विभाग | वाणिज्यिक कर निरीक्षक | 6 | 3 | 4 | 3 | 2 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 18 |
| 19. | वाणिज्यिक कर विभाग | आबकारी उपनिरीक्षक | 30 | 17 | 7 | 8 | 7 | 10 | 6 | 2 | 3 | 2 | 69 |
| 20. | राजस्व विभाग | नायब तहसीलदार | 20 | 11 | 14 | 10 | 7 | 7 | 4 | 5 | 3 | 2 | 62 |
| 21. | सहकारिता विभाग | सहकारिता विस्तार अधिकारी | 4 | 3 | 4 | 3 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 16 |
| 22. | श्रम विभाग | सहायक श्रम पदाधिकारी | 2 | 1 | 2 | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 9 |
| 23. | नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग | मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रेणी ''ग'' | 0 | 0 | 1 | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 10 |
| 24. | वित्त विभाग | कनिष्ठ वेतनमान कोषालय अधिकारी/लेखाधिकारी/ सहायक संचालक | 0 | 3 | 7 | 7 | 0 | 0 | 1 | 2 | 3 | 0 | 17 |
| 25. | वाणिज्यिक कर विभाग | उप पंजीयक | 0 | 1 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 4 |
| 26. | वित्त विभाग | मध्यप्रदेश अधीनस्थ लेखा सेवा | 21 | 3 | 22 | 17 | 9 | 7 | 1 | 7 | 6 | 3 | 72 |
| | **कुल पद** | | **137** | **79** | **102** | **109** | **57** | **47** | **25** | **31** | **38** | **17** | **484** |

4. संबंधित विभागों से प्राप्त रिक्ति विवरण के अनुसार प्रावधिक भाग 13% (ओ.बी.सी. पदों के आधार पर) का रिक्ति विवरण निम्नानुसार है -

| क्र. | पद का नाम | विभाग का नाम | रिक्त पदों की संख्या | | | | | मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR (काल्पनिक) | SC | ST | OBC | EWS | UR (काल्पनिक) | SC | ST | OBC | EWS | |
| 1. | राज्य प्रशासनिक सेवा उप जिलाध्यक्ष | सामान्य प्रशासन विभाग | 3 | - | - | 3 | - | 1 | - | - | 1 | - | 3 |
| 2. | राज्य पुलिस सेवा उप पुलिस अधीक्षक (जी.डी.) | गृह (पुलिस) विभाग | 3 | - | - | 3 | - | 1 | - | - | 1 | - | 3 |
| 3. | सहायक संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा | वित्त विभाग | 1 | - | - | 1 | - | 0 | - | - | 0 | - | 1 |
| 4. | वाणिज्यिक कर विभाग | वाणिज्यिक कर अधिकारी | 1 | - | - | 1 | - | 0 | - | - | 0 | - | 1 |
| 5. | जिला आबकारी अधिकारी | वाणिज्यिक कर विभाग | 0 | - | - | 0 | - | 0 | - | - | 0 | - | 0 |
| 6. | जिला पंजीयक | वाणिज्यिक कर विभाग | 0 | - | - | 0 | - | 0 | - | - | 0 | - | 0 |
| 7. | श्रम पदाधिकारी (मुख्य निरीक्षक मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम) | श्रम विभाग | 1 | - | - | 1 | - | 0 | - | - | 0 | - | 1 |
| 8. | मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रेणी ''ख'' | नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग | 3 | - | - | 3 | - | 1 | - | - | 1 | - | 3 |
| 9. | सहायक संचालक | नगरीय विकास एवं आवास विभाग | 0 | - | - | 0 | - | 0 | - | - | 0 | - | 0 |
| 10. | विकासखण्ड अधिकारी | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग | 1 | - | - | 1 | - | 1 | - | - | 1 | - | 1 |
| 11. | सहायक संचालक, जनसम्पर्क | जनसम्पर्क | 2 | - | - | 2 | - | 0 | - | - | 0 | - | 2 |
| 12. | जिला संयोजक | आदिम जाति कल्याण विभाग | 1 | - | - | 1 | - | 0 | - | - | 0 | - | 1 |
| 13. | क्षेत्र संयोजक | आदिम जाति कल्याण विभाग | 3 | - | - | 3 | - | 1 | - | - | 1 | - | 3 |
| 14. | खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | सहायक संचालक, खाद्य/जिला सिविल आपूर्ति अधिकारी | 0 | - | - | 0 | - | 0 | - | - | 0 | - | 0 |
| 15. | सहायक संचालक | स्कूल शिक्षा विभाग | 8 | - | - | 8 | - | 2 | - | - | 2 | - | 8 |
| 16. | सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग विभाग | सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधन | 10 | - | - | 10 | - | 3 | - | - | 3 | - | 10 |
| 17. | सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, म.प्र. | सहकारिता विभाग | 1 | - | - | 1 | - | 0 | - | - | 0 | - | 1 |
| 18. | वाणिज्यिक कर निरीक्षक | वाणिज्यिक कर विभाग | 2 | - | - | 2 | - | 1 | - | - | 1 | - | 2 |
| 19. | आबकारी उपनिरीक्षक | वाणिज्यिक कर विभाग | 0 | - | - | 0 | - | 0 | - | - | 0 | - | 0 |
| 20. | नायब तहसीलदार | राजस्व विभाग | 9 | - | - | 9 | - | 3 | - | - | 3 | - | 9 |
| 21. | सहकारिता विस्तार अधिकारी | सहकारिता विभाग | 2 | - | - | 2 | - | 1 | - | - | 1 | - | 2 |
| 22. | सहायक श्रम पदाधिकारी | श्रम विभाग | 2 | - | - | 2 | - | 1 | - | - | 1 | - | 2 |
| 23. | मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रेणी ''ग'' | नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग | 9 | - | - | 9 | - | 3 | - | - | 3 | - | 9 |
| 24. | कनिष्ठ वेतनमान कोषालय अधिकारी/लेखाधिकारी/ सहायक संचालक | वित्त विभाग | 7 | - | - | 7 | - | 2 | - | - | 2 | - | 7 |
| 25. | उप पंजीयक | वाणिज्यिक कर विभाग | 2 | - | - | 2 | - | 1 | - | - | 1 | - | 2 |
| 26. | मध्यप्रदेश अधीनस्थ लेखा सेवा | वित्त विभाग | 16 | - | - | 16 | - | 5 | - | - | 5 | - | 16 |
| | **कुल पद** | | **87** | **-** | **-** | **87** | **-** | **27** | **-** | **-** | **27** | **-** | **87** |

**टीप -** उक्त पदों हेतु प्रारंभिक परीक्षा में चयनित प्रावधिक अभ्यर्थी साक्षात्कार में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे एवं माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरुद्ध ही चयनित होंगे न कि पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरुद्ध।

5. मूल विज्ञापन अनुसार ही रिक्तियों में से मध्यप्रदेश के मूल निवासी भूतपूर्व सैनिकों हेतु आरक्षित पदों की संख्या 22 एवं रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पद की संख्या :- 25 रहेगी। **पैरा 02 में उल्लेखित भूतपूर्व सैनिक तथा दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पद यथारूप पैरा-3 मुख्य भाग (87%) में शामिल रहेंगे।**

6. विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

**जी-13246/48564/2023** **उप सचिव**

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

**राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2019 परीक्षा दिनांक 21.03.2021 से 26.03.2021 तक एवं राज्य सेवा विशेष मुख्य परीक्षा-2019 परीक्षा दिनांक 15.04.2023 एवं 20.04.2023 तक नॉर्मलाईजेशन पश्चात संशोधित पुनरीक्षित नवीन परीक्षा परिणाम (माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा निर्णित याचिका क्रमांक-542/2021 निर्णय दिनांक 07.04.2022 तथा निर्णित याचिका क्र.-23828/2022 निर्णय दिनांक 29.11.2022 एवं अन्य संलग्न याचिकाओं के परिपालन में।)**

**विज्ञप्ति क्र.-2313/18/2021/अनु.-10** **इंदौर, दिनांक : 18.05.2023**

| 5 | 100422 | 59 | 112652 | 113 | 120561 | 167 | 131013 |
| 6 | 100854 | 60 | 112778 | 114 | 120676 | 168 | 131082 |
| 7 | 101001 | 61 | 112807 | 115 | 120775 | 169 | 131109 |
| 8 | 101147 | 62 | 112816 | 116 | 120864 | 170 | 131136 |
| 9 | 101830 | 63 | 113218 | 117 | 121136 | 171 | 131200 |
| 10 | 102116 | 64 | 113658 | 118 | 121297 | 172 | 131202 |
| 11 | 103400 | 65 | 113680 | 119 | 121523 | 173 | 131315 |
| 12 | 103471 | 66 | 113827 | 120 | 121960 | 174 | 131752 |
| 13 | 103523 | 67 | 113984 | 121 | 122147 | 175 | 132040 |
| 14 | 103600 | 68 | 113994 | 122 | 122250 | 176 | 132064 |
| 15 | 103863 | 69 | 114128 | 123 | 122447 | 177 | 132263 |
| 16 | 103978 | 70 | 114186 | 124 | 122481 | 178 | 132363 |
| 17 | 104026 | 71 | 114221 | 125 | 122845 | 179 | 132509 |
| 18 | 104102 | 72 | 114518 | 126 | 123370 | 180 | 132590 |
| 19 | 104488 | 73 | 114521 | 127 | 123454 | 181 | 133134 |
| 20 | 104549 | 74 | 114861 | 128 | 123532 | 182 | 133561 |
| 21 | 104771 | 75 | 114901 | 129 | 123612 | 183 | 133703 |
| 22 | 105104 | 76 | 115029 | 130 | 123644 | 184 | 133897 |
| 23 | 105260 | 77 | 115182 | 131 | 123822 | 185 | 134010 |
| 24 | 105680 | 78 | 115253 | 132 | 124041 | 186 | 134145 |
| 25 | 105699 | 79 | 115307 | 133 | 124087 | 187 | 134150 |
| 26 | 105906 | 80 | 115660 | 134 | 124832 | 188 | 134434 |
| 27 | 106090 | 81 | 115740 | 135 | 125109 | 189 | 134736 |
| 28 | 106285 | 82 | 115741 | 136 | 125383 | 190 | 134778 |
| 29 | 106312 | 83 | 116089 | 137 | 125556 | 191 | 134787 |
| 30 | 106481 | 84 | 116138 | 138 | 125590 | 192 | 134899 |
| 31 | 106484 | 85 | 116266 | 139 | 125663 | 193 | 135567 |
| 32 | 106628 | 86 | 116354 | 140 | 125675 | 194 | 135624 |
| 33 | 106802 | 87 | 116400 | 141 | 125966 | 195 | 135789 |
| 34 | 107366 | 88 | 116535 | 142 | 126161 | 196 | 136182 |
| 35 | 107888 | 89 | 116669 | 143 | 126307 | 197 | 136278 |
| 36 | 108217 | 90 | 116771 | 144 | 126717 | 198 | 136729 |
| 37 | 108287 | 91 | 117024 | 145 | 127020 | 199 | 136913 |
| 38 | 108555 | 92 | 117215 | 146 | 127369 | 200 | 137585 |
| 39 | 108980 | 93 | 117320 | 147 | 127544 | 201 | 137631 |
| 40 | 109281 | 94 | 117362 | 148 | 127829 | 202 | 137675 |
| 41 | 109514 | 95 | 117746 | 149 | 127888 | 203 | 137830 |
| 42 | 109872 | 96 | 117763 | 150 | 128016 | 204 | 137962 |
| 43 | 110260 | 97 | 117867 | 151 | 128190 | 205 | 137997 |
| 44 | 110586 | 98 | 117939 | 152 | 128721 | 206 | 138158 |
| 45 | 110943 | 99 | 118045 | 153 | 129202 | 207 | 138190 |
| 46 | 111075 | 100 | 118055 | 154 | 129207 | 208 | 138289 |
| 47 | 111192 | 101 | 118182 | 155 | 129220 | 209 | 139286 |
| 48 | 111329 | 102 | 118266 | 156 | 129318 | 210 | 139705 |
| 49 | 111548 | 103 | 118385 | 157 | 129606 | 211 | 139741 |
| 50 | 111679 | 104 | 118687 | 158 | 129660 | 212 | 139909 |
| 51 | 111744 | 105 | 118986 | 159 | 129740 | 213 | 139969 |
| 52 | 111837 | 106 | 119120 | 160 | 129923 | 214 | 141416 |
| 53 | 112042 | 107 | 119141 | 161 | 130019 | 215 | 141539 |
| 54 | 112231 | 108 | 119536 | 162 | 130052 | 216 | 141547 |
| 217 | 142007 | 300 | 192525 | 383 | 237680 | 466 | 280592 |
| 218 | 142247 | 301 | 193560 | 384 | 237981 | 467 | 281182 |
| 219 | 142947 | 302 | 193607 | 385 | 238585 | 468 | 281281 |
| 220 | 143612 | 303 | 193946 | 386 | 238835 | 469 | 281328 |
| 221 | 144002 | 304 | 193954 | 387 | 239123 | 470 | 282111 |
| 222 | 144747 | 305 | 194130 | 388 | 239925 | 471 | 282676 |
| 223 | 144901 | 306 | 194386 | 389 | 240393 | 472 | 282923 |
| 224 | 145183 | 307 | 194611 | 390 | 240940 | 473 | 283715 |
| 225 | 145767 | 308 | 194619 | 391 | 240950 | 474 | 284621 |
| 226 | 145793 | 309 | 195201 | 392 | 247994 | 475 | 285166 |
| 227 | 148303 | 310 | 195310 | 393 | 248151 | 476 | 285600 |
| 228 | 149946 | 311 | 195324 | 394 | 248402 | 477 | 285735 |
| 229 | 150053 | 312 | 195851 | 395 | 248425 | 478 | 285818 |
| 230 | 150656 | 313 | 195853 | 396 | 249184 | 479 | 286694 |
| 231 | 150668 | 314 | 195908 | 397 | 249284 | 480 | 290840 |
| 232 | 151029 | 315 | 196807 | 398 | 249440 | 481 | 291772 |
| 233 | 151851 | 316 | 196886 | 399 | 249613 | 482 | 293115 |
| 234 | 151939 | 317 | 197558 | 400 | 249738 | 483 | 294879 |
| 235 | 152397 | 318 | 197889 | 401 | 250330 | 484 | 295004 |
| 236 | 152922 | 319 | 198456 | 402 | 250637 | 485 | 295246 |
| 237 | 153791 | 320 | 199076 | 403 | 250812 | 486 | 295973 |
| 238 | 154645 | 321 | 199314 | 404 | 250906 | 487 | 296409 |
| 239 | 154995 | 322 | 199339 | 405 | 250971 | 488 | 296963 |
| 240 | 156812 | 323 | 200102 | 406 | 251189 | 489 | 297022 |
| 241 | 157249 | 324 | 200296 | 407 | 251218 | 490 | 297930 |
| 242 | 157357 | 325 | 200431 | 408 | 251416 | 491 | 298807 |
| 243 | 158598 | 326 | 200655 | 409 | 251429 | 492 | 299388 |
| 244 | 159309 | 327 | 201542 | 410 | 252091 | 493 | 300026 |
| 245 | 160144 | 328 | 201725 | 411 | 252159 | 494 | 300248 |
| 246 | 160190 | 329 | 201971 | 412 | 252216 | 495 | 300753 |
| 247 | 160305 | 330 | 202247 | 413 | 252959 | 496 | 301810 |
| 248 | 161688 | 331 | 202447 | 414 | 253430 | 497 | 301988 |
| 249 | 162486 | 332 | 202861 | 415 | 253483 | 498 | 302983 |
| 250 | 163083 | 333 | 203238 | 416 | 254071 | 499 | 304003 |
| 251 | 164475 | 334 | 204951 | 417 | 254086 | 500 | 304284 |
| 252 | 165529 | 335 | 205155 | 418 | 254237 | 501 | 304936 |
| 253 | 165541 | 336 | 205661 | 419 | 254281 | 502 | 305232 |
| 254 | 166479 | 337 | 206401 | 420 | 254577 | 503 | 305259 |
| 255 | 166574 | 338 | 209338 | 421 | 254977 | 504 | 305378 |
| 256 | 166951 | 339 | 209710 | 422 | 255212 | 505 | 307471 |
| 257 | 167173 | 340 | 210370 | 423 | 255771 | 506 | 307628 |
| 258 | 167184 | 341 | 210371 | 424 | 256111 | 507 | 307819 |
| 259 | 168194 | 342 | 211943 | 425 | 256407 | 508 | 310725 |
| 260 | 168259 | 343 | 212337 | 426 | 256458 | 509 | 311382 |
| 261 | 168813 | 344 | 212673 | 427 | 256566 | 510 | 313843 |
| 262 | 168928 | 345 | 213624 | 428 | 257393 | 511 | 314044 |
| 263 | 171164 | 346 | 214391 | 429 | 257409 | 512 | 314256 |
| 264 | 171195 | 347 | 218754 | 430 | 258214 | 513 | 314363 |
| 265 | 171627 | 348 | 219190 | 431 | 258615 | 514 | 314545 |
| 266 | 172084 | 349 | 219376 | 432 | 259584 | 515 | 314581 |
| 267 | 172346 | 350 | 219554 | 433 | 259772 | 516 | 314942 |
| 268 | 173498 | 351 | 220950 | 434 | 261347 | 517 | 315330 |
| 269 | 174521 | 352 | 221329 | 435 | 261402 | 518 | 315499 |
| 270 | 174770 | 353 | 221832 | 436 | 261509 | 519 | 315964 |
| 271 | 174775 | 354 | 223056 | 437 | 261882 | 520 | 316072 |
| 272 | 175743 | 355 | 223173 | 438 | 262075 | 521 | 317753 |
| 273 | 178084 | 356 | 224698 | 439 | 262288 | 522 | 317928 |
| 274 | 179661 | 357 | 225769 | 440 | 262446 | 523 | 318537 |
| 275 | 179803 | 358 | 225889 | 441 | 263063 | 524 | 319038 |
| 276 | 179896 | 359 | 227097 | 442 | 263718 | 525 | 319786 |
| 277 | 179988 | 360 | 227426 | 443 | 267937 | 526 | 320621 |
| 278 | 181348 | 361 | 227841 | 444 | 269840 | 527 | 320967 |
| 279 | 182409 | 362 | 228538 | 445 | 269879 | 528 | 321729 |
| 280 | 182930 | 363 | 228571 | 446 | 272490 | 529 | 322378 |
| 281 | 182977 | 364 | 228592 | 447 | 272550 | 530 | 322715 |
| 282 | 183598 | 365 | 228896 | 448 | 273002 | 531 | 323585 |
| 283 | 183657 | 366 | 228956 | 449 | 273466 | 532 | 323766 |
| 284 | 184077 | 367 | 230264 | 450 | 273821 | 533 | 323838 |
| 285 | 184291 | 368 | 230428 | 451 | 274209 | 534 | 324039 |
| 286 | 184543 | 369 | 230535 | 452 | 274671 | 535 | 324068 |
| 287 | 184715 | 370 | 230742 | 453 | 276878 | 536 | 324164 |
| 288 | 185141 | 371 | 231303 | 454 | 277300 | 537 | 324457 |
| 289 | 185161 | 372 | 231556 | 455 | 277871 | 538 | 324500 |
| 290 | 185530 | 373 | 231577 | 456 | 277968 | 539 | 324549 |
| 291 | 186631 | 374 | 233377 | 457 | 278301 | 540 | 324564 |
| 292 | 186665 | 375 | 233540 | 458 | 278484 | 541 | 324614 |
| 293 | 187704 | 376 | 233783 | 459 | 278580 | 542 | 326122 |
| 294 | 187865 | 377 | 234248 | 460 | 278778 | 543 | 326175 |
| 295 | 188792 | 378 | 234855 | 461 | 278875 | 544 | 326455 |
| 296 | 189098 | 379 | 235943 | 462 | 279279 | 545 | 326483 |
| 297 | 189188 | 380 | 236260 | 463 | 279597 | 546 | 326536 |
| 298 | 190300 | 381 | 236353 | 464 | 279654 | 547 | 327018 |
| 299 | 191948 | 382 | 236621 | 465 | 280456 | 548 | 328575 |

शेष अगले पृष्ठ पर

कार्यालय अधिष्ठाता

## शासकीय स्वशासी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक/स्था./विज्ञप्त/23/4180 जबलपुर, दिनांक : 16.05.2023

### सूचना

म.प्र. शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के एफ 2-2017/1/55 दिनांक 12.01.2018 द्वारा जारी म.प्र. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 के अंतर्गत स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के राजपत्र क्रमांक एफ-07-2019-25 आ.प्र. एक मध्यप्रदेश लोक सेवा अधिनियम 1994 (क्रमांक 21 सन 1994) की धारा 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार, एतद्द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) नियम, 1998 में संशोधन दिनांक 19.08.2019 के अनुसार, स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, नेताजी सुभाष चंद्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में सहायक प्राध्यापक के निम्नलिखित विषयों में रिक्त रहे पदों को शासन / एमसीआई (एन.एम.सी.) द्वारा निहित अर्हताऐं पूर्ण करते हों एवं मान्यता उच्च न्यायालय के निर्णय के अध्याधीन, राज्य स्तरीय रोस्टर का पालन करते हुए सीधी भर्ती द्वारा किया जाना है। रिक्त पदों हेतु पात्रता धारी योग्य उम्मीदवारों से आवेदन अधिष्ठाता कार्यालय चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर म.प्र. 482003 में आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन पत्र जमा करने की **अंतिम तिथि दिनांक 20.06.2023 सायं 05:30 बजे तक।**

**ASSISTANT PROFESSOR - STATE CANCER INSTITUTE**

| S.No. | Name of Subject | UR | EWS | OBC | ST | SC | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Anaesthesiology | - | - | - | 01 | - | |
| 2. | Pathology | 01 | - | 01 | - | - | |
| 3. | Radiodiagnosis | - | - | - | 01 | - | |
| 4. | Radiotherapy | - | - | 01 | 01 | - | |
| 5. | Nuclear Medicine | 01 | - | 01 | - | - | |
| 6. | Medical Physics | 01 | - | 01 | - | - | |
| 7. | Medical Oncology | 01 | - | 01 | - | - | |
| 8. | Surgical Oncology | - | - | 01 | - | - | |
| | **Total** | **04** | **-** | **06** | **03** | **-** | |

उपरोक्त चिन्हित पदों मे SC = अनुसूचित जाति, ST = अनुसूचित जनजाति, OBC = अन्य पिछड़ा वर्ग, EWS = आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग उम्मीदवार हेतु आरक्षित है।

**नोट :**

1. आवश्यकतानुसार पदों की संख्या घटायी / बढ़ायी जा सकती है।
2. विस्तृत जानकारी एवं आवेदन का प्रारूप चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाइट **www.nscbmc.ac.in** पर उपलब्ध है।
3. आवेदन पत्र डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से स्वशासी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में जमा कराये जा सकते हैं।
4. शैक्षणिक संवर्ग हेतु आवेदन पर विभाग का नाम तथा आवेदित पद का नाम और आरक्षण रोस्टर अनुसार किस वर्ग का आवेदक है, और किस वर्ग के रिक्त पद पर आवेदन करता है, उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।
5. विज्ञापित पदों के आरक्षण एवं नियुक्ति संबंधी समीचिन नियमों एवं भविष्य में नियुक्तियों के संबंध में अन्यथा लिये गए शासकीय निर्णय के अधीन नियुक्ति रहेंगी, एवं अभ्यर्थी नियुक्ति निरस्त होने की दशा में नियुक्ति के संबंध में अधिकार के रूप में मांग नहीं कर सकेंगे।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**नेताजी सुभाष चंद्र बोस (स्वशासी समिति)**
**चिकित्सा महाविद्यालय, जबलपुर**

जी–13253/48565/2023

## शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय

### आयुष परिसर, कलियासोत डेम के किनारे, एम.ए.सी.टी. हिल्स, भोपाल-03

क्रमांक/कॉलेज/पैरामेडिकल–डिप्लोमा प्रवेश/23/3641-49 भोपाल, दिनांक : 19.05.2023

### विज्ञप्ति

### पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षण सत्र 2022-23 में प्रवेश

शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय भोपाल में निम्नलिखित विषयों में संचालित पैरामेडिकल डिप्लोमा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं :–

| क्र. | पाठ्यक्रम का नाम | अवधि | उपलब्ध सीटें | प्रवेश हेतु शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|---|
| 01. | डिप्लोमा इन फार्मेसी (होम्योपैथी) | दो वर्ष | 30 | 10+2 साइंस ग्रुप बायोलॉजी/गणित/बायोटेक्नोलॉजी/कम्प्यूटर साइंस विषय में उत्तीर्ण |
| 02. | डिप्लोमा इन योगा | दो वर्ष | 50 | 10+2 साइंस ग्रुप बायोलॉजी विषय के साथ उत्तीर्ण या किसी भी विषय में स्नातक या सह चिकित्सीय परिषद् से योग/प्राकृतिक चिकित्सा में प्रमाण पत्र। |
| 03. | डिप्लोमा इन नेचुरोपैथी | दो वर्ष | 50 | 10+2 साइंस ग्रुप बायोलॉजी विषय के साथ उत्तीर्ण या किसी भी विषय में स्नातक या सह चिकित्सीय परिषद् से योग/प्राकृतिक चिकित्सा में प्रमाण पत्र। |

आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर पूर्ण विवरण सहित 500/- का बैंक ड्राफ्ट जो प्रधानाचार्य, शासकीय होम्योपैथी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल के नाम से देय होगा, संलग्न करना अनिवार्य है साथ ही 10वीं, 12वीं की अंकसूची, निवास, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा व स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्रवेश के समय महाविद्यालय में जमा करना होगा, सह चिकित्सीय परिषद् द्वारा प्रशिक्षण की शुल्क रुपये 41,530/- मात्र प्रतिवर्ष प्रति पाठ्यक्रम निर्धारित है। प्रत्येक पाठ्यक्रम में आरक्षण शासन के नियमानुसार रहेगा। प्रवेश के संबंध में आवेदन का प्रारूप व अन्य जानकारी महाविद्यालय के वेबसाइट **www.ghmcbhopalayush.in** पर उपलब्ध है। प्रवेश आवेदन की **अंतिम तिथि 29.05.2023 है।** दिनांक 29.05.2023 के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर किसी भी प्रकार विचार नहीं किया जायेगा।

**प्रधानाचार्य एवं सी.ई.ओ.**
**शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय**
**एवं चिकित्सालय भोपाल म.प्र.**

जी–13318/48568/2023

## M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

**(Government of Madhya Pradesh Undertaking)**
**REGIONAL OFFICE : 101, First Floor, ATULYA IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, INDORE-452007 (M.P.)**
**Phone : (O) 2970611, 2971311, 2974363, Fax No. : 0731-2972629**
**E-mail : ed.roind@mpidc.co.in, Website: www.invest.mp.gov.in**
**GSTN : 23AACCM6080D2ZT, CIN : U45203MP1981SGC001850**

No. MPIDC/R.O./IND/Tech/2023/3265 Date : 26.05.2023

### NOTICE INVITING TENDER

Tender for the following work have been proceeded on the e-procurement system– **http://www.mptenders.gov.in** as mentioned below :-

| S. No. | Name of Work | PAC (Rs. in Lacs) | Cost of Tender Form | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Hume pipe Drain work, BUSG and building repairing work at I/A Ujjaini Distt Dhar | Rs. 25.99 lacs | Rs. 5900/- | Rs. 25990/- |

The Detailed NIT and tender documents can be viewed and purchased after publication in newspaper **within 7 working days** from website – **http://www.mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/110057/2023 **EXECUTIVE ENGINEER**

R-48583/2023

**पिछले पृष्ठ का शेष**

| Sr. No. | Roll. No. | Sr. No. | Roll. No. | Sr. No. | Roll. No. | Sr. No. | Roll. No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 549 | 328700 | 580 | 341294 | 611 | 353388 | 642 | 370043 |
| 550 | 328741 | 581 | 341299 | 612 | 353926 | 643 | 371018 |
| 551 | 329293 | 582 | 341382 | 613 | 354381 | 644 | 371060 |
| 552 | 329528 | 583 | 341495 | 614 | 354945 | 645 | 372714 |
| 553 | 330104 | 584 | 341576 | 615 | 355585 | 646 | 374280 |
| 554 | 330569 | 585 | 342051 | 616 | 355831 | 647 | 374301 |
| 555 | 330718 | 586 | 342902 | 617 | 356139 | 648 | 375009 |
| 556 | 331696 | 587 | 343622 | 618 | 356569 | 649 | 376030 |
| 557 | 332201 | 588 | 343648 | 619 | 356604 | 650 | 377376 |
| 558 | 332769 | 589 | 344057 | 620 | 356766 | 651 | 378358 |
| 559 | 332857 | 590 | 344150 | 621 | 356917 | 652 | 379136 |
| 560 | 333015 | 591 | 344169 | 622 | 357045 | 653 | 379457 |
| 561 | 333582 | 592 | 344425 | 623 | 357087 | 654 | 380905 |
| 562 | 333768 | 593 | 344534 | 624 | 359303 | 655 | 381970 |
| 563 | 333832 | 594 | 345725 | 625 | 359483 | 656 | 382253 |
| 564 | 334150 | 595 | 346164 | 626 | 359753 | 657 | 384561 |
| 565 | 335194 | 596 | 346185 | 627 | 360051 | 658 | 384708 |
| 566 | 335970 | 597 | 346771 | 628 | 360284 | 659 | 385611 |
| 567 | 335998 | 598 | 347496 | 629 | 360552 | 660 | 386565 |
| 568 | 336595 | 599 | 348361 | 630 | 360811 | 661 | 386669 |
| 569 | 336764 | 600 | 348618 | 631 | 362470 | 662 | 387019 |
| 570 | 338406 | 601 | 348720 | 632 | 362510 | 663 | 387642 |
| 571 | 338608 | 602 | 348834 | 633 | 362812 | 664 | 387918 |
| 572 | 338761 | 603 | 349600 | 634 | 363216 | 665 | 389356 |
| 573 | 338878 | 604 | 349699 | 635 | 363255 | 666 | 390093 |
| 574 | 339531 | 605 | 350059 | 636 | 363481 | 667 | 390153 |
| 575 | 339610 | 606 | 351294 | 637 | 363657 | 668 | 390370 |
| 576 | 340370 | 607 | 352482 | 638 | 365747 | 669 | 390919 |
| 577 | 340457 | 608 | 352583 | 639 | 366491 | 670 | 391020 |
| 578 | 340659 | 609 | 352902 | 640 | 368915 | 671 | 391927 |
| 579 | 340846 | 610 | 352938 | 641 | 369412 | 672 | 392365 |
| 673 | 392374 | 699 | 402083 | 725 | 428349 | 751 | 445021 |
| 674 | 392432 | 700 | 404073 | 726 | 428359 | 752 | 445857 |
| 675 | 394190 | 701 | 405560 | 727 | 430490 | 753 | 446354 |
| 676 | 394255 | 702 | 409018 | 728 | 430754 | 754 | 447486 |
| 677 | 394360 | 703 | 409124 | 729 | 430916 | 755 | 447523 |
| 678 | 394405 | 704 | 409211 | 730 | 433621 | 756 | 447619 |
| 679 | 394749 | 705 | 411024 | 731 | 434809 | 757 | 448007 |
| 680 | 394963 | 706 | 411753 | 732 | 434892 | 758 | 448266 |
| 681 | 396005 | 707 | 413671 | 733 | 435611 | 759 | 449588 |
| 682 | 396482 | 708 | 414628 | 734 | 436512 | 760 | 450194 |
| 683 | 396629 | 709 | 417346 | 735 | 436769 | 761 | 453361 |
| 684 | 397249 | 710 | 418337 | 736 | 436861 | 762 | 453972 |
| 685 | 397909 | 711 | 418710 | 737 | 437020 | 763 | 456377 |
| 686 | 398346 | 712 | 418841 | 738 | 438370 | 764 | 456663 |
| 687 | 398579 | 713 | 421773 | 739 | 438848 | 765 | 457084 |
| 688 | 398699 | 714 | 422526 | 740 | 438850 | 766 | 462411 |
| 689 | 399322 | 715 | 422891 | 741 | 439178 | 767 | 463829 |
| 690 | 399676 | 716 | 423088 | 742 | 440294 | 768 | 464196 |
| 691 | 399956 | 717 | 423204 | 743 | 440363 | 769 | 464572 |
| 692 | 400080 | 718 | 423876 | 744 | 440537 | 770 | 465307 |
| 693 | 400086 | 719 | 423982 | 745 | 441948 | 771 | 465388 |
| 694 | 400169 | 720 | 424161 | 746 | 442053 | 772 | 465615 |
| 695 | 400311 | 721 | 424380 | 747 | 443136 | 773 | 465670 |
| 696 | 401092 | 722 | 425035 | 748 | 443842 | 774 | 465736 |
| 697 | 401531 | 723 | 426477 | 749 | 444342 | 775 | 466175 |
| 698 | 402078 | 724 | 427996 | 750 | 444680 | 776 | 466338 |

इस अतिरिक्त संशोधित परीक्षा परिणाम में वर्णित विवरण सहित आयोग की विज्ञप्ति क्रमांक-13039/04/202/अनु.-10 दिनांक 13.01.2023 द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम की शेष शर्तें एवं परीक्षा परिणाम का विवरण यथावत है।

R-48573/2023 **उप परीक्षा नियंत्रक**

# सीडीएस से बनाएं देश सेवा में प्रतिष्ठित कॅरियर

**'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।**

इस समय जिस तरह से चीन और पाकिस्तान के द्वारा सीमाओं पर लगातार तनाव किया जा रहा है और दुनिया में भारत का सैन्य बल रेखांकित हो रहा है, उससे देश के साहसी युवा सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ देश सेवा में प्रतिष्ठित कॅरियर बनाने के मद्देनजर कंबाइंड डिफेंस सर्विस एग्जामिनेशन (सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा-सीडीएस) की ओर लगातार आकर्षित होते हुए दिखाई दे रहे हैं। गौरतलब है कि कंबाइंड डिफेंस सर्विस एग्जामिनेशन संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के द्वारा वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है। कंबाइंड डिफेंस सर्विस एग्जामिनेशन के माध्यम से स्नातक छात्रों को सेना में जाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है। जहां शौर्य एवं पराक्रम की परीक्षा होती है और प्रतिष्ठा भी प्राप्त होती है।

उल्लेखनीय है कि कंबाइंड डिफेंस सर्विस एग्जामिनेशन के द्वारा जिन चार प्रमुख सैन्य अकादमियों के लिए चयन किया जाता है, वे इस प्रकार हैं– 1. भारतीय सैनिक अकादमी, (इंडियन मिलिट्री एकेडमी), देहरादून। 2. नौसेना अकादमी (नेवल एकेडमी)। 3. वायुसेना अकादमी (एयरफोर्स एकेडमी), हैदराबाद । 4. अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी), चेन्नई।

कंबाइंड डिफेंस सर्विस एग्जामिनेशन हेतु आयु सीमा-1. भारतीय सैनिक अकादमी के लिए अभ्यर्थी की आयु 19 से 24 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। 2. भारतीय नौसेना अकादमी के लिए अभ्यर्थी की आयु 19 से 22 वर्ष के मध्य होना चाहिए। 3. वायु सेना अकादमी के लिए अभ्यर्थी की आयु सीमा 19 से 23 वर्ष होनी चाहिए। 4. अधिकारी प्रशिक्षण हेतु अकादमी में चयन के लिए आयु 19 से 25 वर्ष निर्धारित की गई है। अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में चयन के लिए विवाहित एवं अविवाहित अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं जबकि शेष तीनों अकादमियों में केवल अविवाहित उम्मीदवार ही आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा सेना द्वारा निर्धारित शारीरिक मापदंडों को भी पूरा करना होता है।

## सीडीएस एग्जामिनेशन के लिए शैक्षिक योग्यताएं

1. भारतीय सैनिक अकादमी और अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी के लिए-किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की डिग्री या समकक्ष योग्यता। 2. नौसेना अकादमी के लिए-किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की डिग्री (10+2 स्तर तक भौतिकी एवं गणित विषयों सहित) अथवा इंजीनियरी के स्नातका 3. वायुसेना अकादमी के लिए-किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की डिग्री, 10+2 स्तर तक भौतिकी एवं गणित विषयों सहित अथवा इंजीनियरी के स्नातक।

**परीक्षा का पैटर्न-** जो छात्र कंबाइंड डिफेंस सर्विस की भारतीय सैनिक अकादमी, नौसैनिक अकादमी एवं वायुसेना अकादमी में प्रवेश लेना चाहते हैं उनके लिए प्रवेश परीक्षा में अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान और प्रारंभिक गणित के प्रश्नपत्र 2-2 घंटे की अवधि के होते हैं और प्रत्येक के लिए 100 अंक निर्धारित हैं। इंडियन मिलिट्री एकेडमी एग्जाम में जाने के लिए गणित का एग्जाम नहीं देना पड़ता है। भारतीय सैन्य अकादमी, भारतीय नौसेना अकादमी और वायुसेना अकादमी तीनों के परीक्षा का पैटर्न तकरीबन एक सा ही होता है। अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में प्रवेश के लिए अंग्रेजी तथा सामान्य ज्ञान के प्रश्नपत्र 2-2 घंटे की अवधि के होते हैं और प्रत्येक 100-100 अंक का होता है। प्रश्न का गलत उत्तर देने पर एक तिहाई अंक काट लिए जाएंगे अर्थात निगेटिव मार्किंग होगी। सभी विषयों के प्रश्नपत्रों में केवल वस्तुनिष्ठ प्रश्न ही होते हैं। लिखित परीक्षा क्लियर करने वाले उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है जिसमें पर्सनेलिटी तथा साइकोमैट्रिक परीक्षण होता है। लिखित परीक्षा तथा इंटरव्यू में प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम चयन होता है। परीक्षा में सफल होने के बाद कैंडिडेट्स को ट्रेनिंग के लिए इंडियन मिलिट्री अकादमी, एयरफोर्स अकादमी और नेवल अकादमी भेजा जाता है, जहां उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है।

कैसे करें कंबाइंड डिफेंस सर्विस एग्जामिनेशन दे रहे छात्रों को अपना चयन सुनिश्चित करने के लिए चाहिए कि वे सामान्य अध्ययन, प्रारंभिक गणित और अंग्रेजी की सुनियोजित तैयारी करें।

- **सामान्य ज्ञान की तैयारी**– सामान्य ज्ञान की तैयारी के लिए जरूरी है कि आप कक्षा 6 से कक्षा 12वीं तक की इतिहास, भूगोल, राज व्यवस्था आदि की एनसीईआरटी की पुस्तकें अपने अध्ययन संदर्भों में सम्मिलित करें। नियमित रूप से समाचार पत्र का अध्ययन करें। तैयारी के अच्छे संदर्भ रोज़गार और निर्माण और श्रेष्ठतम पुस्तकों का नियमित अध्ययन करें। सामान्य ज्ञान के तहत करंट अफेयर्स पर विशेष रूप से फोकस करें।
- **गणित के प्रश्नों हेतु सटीकता एवं गति जरूरी-** गणित के प्रश्न जैसे संगणन, तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालने आदि आपकी गति एवं सटीकता की जांच के लिए होते हैं। इस खंड में आपको प्रत्येक प्रश्न को सावधानीपूर्वक पढ़ना और हल करना चाहिए।
- **सामान्य अंग्रेजी-** अंग्रेजी विषय के प्रश्नों को ठीक तरह से हल करने के लिए अंग्रेजी व्याकरण की सही समझ बहुत आवश्यक है। समानार्थी एवं विपरीतार्थक शब्दों से संबंधित कई प्रश्न पूछे जाते हैं। इसके समुचित हल के लिए अभ्यर्थी को शब्द भंडार बनाने की आश्यकता है। कुछ प्रश्न वाक्यों में गलतियां ढूंढने से संबंधित होते हैं इसके लिए अंग्रेजी व्याकरण की विस्तृत जानकारी अत्यावश्यक है।
- **पिछले वर्षों के पेपर हल करें-** इस परीक्षा की तैयारी के लिए आप पिछले 10 वर्षों के प्रश्नों को हल करें। इससे आपको अपनी तैयारी का स्तर तथा परीक्षा का स्वरूप मालूम पड़ जाएगा। जिससे आप अपनी तैयारी बेहतर तरीके से कर पाएंगे। साथ ही आप पिछले सालों के पेपर देखकर मालूम करें कि किस चैप्टर से अधिकतम प्रश्न आते हैं।

यदि अच्छे अध्ययन संदर्भों से एवं पूरे समर्पण एवं मनोयोग से कंबाइंड डिफेंस सर्विस एग्जामिनेशन की तैयारी की जाए तो राष्ट्र रक्षा से जुड़े इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनौतीपूर्ण कॅरियर की ऊंचाइयां प्राप्त की जा सकती हैं।

**- डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

(लेखक, कॅरियर मार्गदर्शन के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं)

---

## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-02, भोपाल**
**Mobile : 9425601534, ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com**
**क्र. : मप्रपुआअविनि/303/पयं/भोपाल-02/तग्रा/2023**
**भोपाल, दिनांक : 25.05.2023**

### प्रेस विज्ञप्ति

''जिला चिकित्सालय राजगढ़ में 150 बिस्तरीय एमसीएच भवन एवं 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक का निर्माण कार्य जिला-राजगढ़ के निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक-01/2023-24 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER No. 2023_MPPHC_278718_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 20.06.2023 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/110020/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48582/2023

---

## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति शमशाबाद, जिला-विदिशा, म.प्र.

**क्र./मंडी/निर्माण/23-24/44** **शमशाबाद, दिनांक : 23.05.2023**

### निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2023_MPSAM_278502 एवं 2023_MPSAM_278503 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदायें **दिनांक 20.6.2023 को शाम 5:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www. mpmandiboard.co.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

**नोट :** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/110010/2023 **सचिव**

R-48581/2023

---

## कार्यालय आयुक्त जनजातीय कार्य भोपाल, म.प्र.

**क्रमांक/आकांक्षा योजना/RFP/2023-24/11162** **भोपाल, दिनांक : 26.05.2023**

### निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग म.प्र. द्वारा जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जैसे JEE, AIIMS/NEET, CLAT हेतु ऑफलाइन कोचिंग एवं JEE & NEET की ऑनलाइन कोचिंग की भी सुविधा प्रदान करने हेतु कोचिंग एजेंसी के चयन के संबंध में MPTENDERS Portal के माध्यम से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विभाग द्वारा जारी निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है :-

| S.No. | Tender ID | Work Name |
|---|---|---|
| 1. | 2023_TAD_279318_1 | Selection of coaching agency through QCBS method for providing coaching to ST students for preparation of AIIMS/NEET under Akanksha Yojna |
| 2. | 2023_TAD_279311_1 | Selection of coaching agency through QCBS method for providing coaching to ST students for preparation of Joint Entrance Exam (JEE) under Akanksha Yojna |
| 3. | 2023_TAD_279260_1 | Selection of coaching agency through QCBS method for providing coaching to ST students for preparation of Common Law Admission Test (CLAT) under Akanksha Yojna |
| 4. | 2023_TAD_279200_1 | Selection of coaching agency through QCBS method for providing online coaching to ST students for preparation of JEE & NEET under Akanksha Yojna |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **https://mptenders.gov.in** पोर्टल पर दर्शित तिथि तक क्रय की जा सकती है।
2. निविदा का विस्तृत विवरण पोर्टल पर देखा जा सकता है।
3. निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल ऑनलाइन पोर्टल पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

**(आयुक्त महोदय द्वारा आदेशित)**

**उपायुक्त**
**जी-13581/48586/2023** **जनजातीय कार्य, मध्यप्रदेश**

# सिकल सेल और टीबी मुक्त प्रदेश बनाने में सभी सहभागी बनें - राज्यपाल

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा देश - मुख्यमंत्री

**उमरिया,** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान उमरिया जिले में राज्यस्तरीय रोजगार दिवस और महिला सम्मेलन में शामिल हुए। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेश की 1309 एमएसएमई इकाइयों को 271 करोड़ 41 लाख रुपये का अनुदान और 2 लाख 26 हजार 647 युवाओं को विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं में 2114 करोड़ 48 लाख रुपये के लोन उपलब्ध कराने की प्रतीकात्मक शुरुआत की।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत से सिकल सेल एनीमिया एवं टीबी के उन्मूलन का संकल्प लिया है। इस जनहितकारी संकल्प को सफल बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। विशेषकर जनजातीय बहुल 20 जिले जो इस रोग से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, वहां इसकी जांच प्रारंभ की जा चुकी है, सभी नागरिक अपनी जांच अवश्य करायें। केंद्र सरकार द्वारा आनुवांशिक सिकल सेल एनीमिया के लिए वर्ष 2047 एवं टीबी उन्मूलन के लिए वर्ष 2025 तक का लक्ष्य रखा गया है। राज्यपाल ने कहा कि टीबी रोग को छुपायें नहीं, लक्षण होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त करें।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश की बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाई गई है। योजना से बहनें लाभ लेकर आत्मनिर्भर होंगी और उनकी छोटी-छोटी आर्थिक जरूरतें पूरी हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 जून बहनों की जिन्दगी में नया सौभाग्य लायेगा।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में पहले बेटियों को बोझ समझा जाता था। आधुनिक चिकित्सा संसाधनों का सहारा लेकर कोख में ही बेटियों का कत्ल कर दिया जाता था। इस स्थिति को सुधारने के लिए मैंने तय किया कि बेटियों को भी बेटों के समान विकास के सभी अवसर मुहैया हों। इसलिए हमारी सरकार ने तय किया कि प्रदेश में पैदा होने वाली बेटी लखपति बन कर आये। इस उद्देश्य से लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू की गई। बेटियों को सशक्त बनाने के लिये भी अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# मध्यप्रदेश के सभी ग्रामों में बनेंगी लाड़ली बहना सेनाएं - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान धार में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना महासम्मेलन को संबोधित करते हुये।

**धार,** बहनों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित हैं। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और कार्यों पर निगरानी रखने के लिए लाड़ली बहना सेनाओं की भूमिका को सक्रिय बनाया जाएगा। सभी ग्रामों में लाड़ली बहना सेनाएं बनेंगी। बड़े ग्रामों में 21 सदस्य और छोटे ग्रामों में 11 सदस्य शामिल की जाएंगी। नागरिकों की जिंदगी बदलना मेरी जिंदगी का उद्देश्य है। प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं तेजी से क्रियान्वित की जा रही हैं। आगामी 15 अगस्त तक एक लाख शासकीय पदों की भर्ती का कार्य पूर्ण होगा। भर्ती की प्रक्रिया निरन्तर जारी रहेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने धार जिले के गंधवानी में लाड़ली बहना महासम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। जहां विभिन्न संपत्तियां महिलाओं के नाम पर पंजीकृत हो रही हैं वहीं बहनों के कल्याण के लिए कई अभिनव योजनाएं संचालित हैं। लाड़ली बहना योजना प्रारंभ करने से प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण का कार्य आसान हुआ है। योजना से मिलने वाली राशि से महिलाओं को छोटे-छोटे खर्चों के लिए अन्य लोगों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, सहरिया और भारिया के लिए 1000 रुपये मासिक प्रदान करने की योजना प्रारंभ की गई थी। इस राशि से महिलाएं घर में फल, दूध, सब्जी आदि खरीदने का कार्य कर सकती हैं। लाड़ली बहना योजना भी इस विचार का विस्तार है। इसमें विशेष पिछड़ी जनजातियों के अलावा सभी बहनों के लिए प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 10 जून से महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलने लगेगा। पूर्व सरकार ने संबल योजना को बंद कर दिया और कन्याओं के विवाह के लिए सहायता देना भी बंद हो गया था, जिसे पुनः प्रारंभ किया गया। गरीब वर्ग के हित में सीएम राइज विद्यालय उपयोगी होंगे। ग्रामों में निर्धन तबके के विद्यार्थियों के लिए स्कूलों की व्यवस्था होनी चाहिए। इसी तरह हिंदी में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई की पहल भी की गई है। मुख्यमंत्री ने सीखो-कमाओ योजना से युवाओं को सहायता देने की जानकारी भी दी। धार जिले में पीएम मित्र पार्क प्रारंभ होने से क्षेत्र में महिलाओं को आसानी से रोजगार उपलब्ध होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामों में कन्या के जन्म पर कुछ दशक पूर्व मायूसी देखने को मिलती थी, लेकिन अब परिवर्तन आ रहा है। मध्यप्रदेश में बहनें और बेटियां सम्मान की पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने योजनाओं के क्रियान्वयन में जनसहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा जन-कल्याण के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों, लाड़ली लक्ष्मी से लेकर लाड़ली बहना योजना तक महिला सशक्तिकरण के लिए प्रारंभ की गई योजनाओं और कार्यक्रमों का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना सिर्फ योजना नहीं, एक सामाजिक क्रांति है। महिलाओं के सम्मान के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। शराब अहातों को बंद किया जाना, इस कड़ी में लिया गया अहम फैसला है।

# जनजातीय कार्य विभाग के नवनियुक्त शिक्षकों को प्रशिक्षण दे रहे मास्टर ट्रेनर्स

**भोपाल,** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आठ हजार से अधिक नवनियुक्त शिक्षकों के लिये पांच दिवसीय परिचयात्मक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रदेश के अनेक जिलों में इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न बैच में नवनियुक्त शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य डॉ. पल्लवी जैन गोविल ने बताया कि प्रशिक्षण से नवनियुक्त शिक्षक विभागीय संरचना, नीति, योजनाओं की जानकारी सहित शिक्षण संबंधी विभिन्न तकनीकों को सीख सकेंगे। जिला स्तर पर हो रहे प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रत्येक जिले में जनजातीय समुदायों की शिक्षा संबंधी स्थानीय आवश्यकताओं को प्राथमिकता देना है। विभिन्न प्रशिक्षण में सत्र संबंधी शिक्षा विभाग के उद्देश्य, लक्ष्य और राष्ट्रीय शिक्षा नीति से अवगत करवाया जाएगा।

### मास्टर ट्रेनर्स दे रहे प्रशिक्षण

नवनियुक्त शिक्षकों का विद्यालय में अपना प्रभार लेने से पूर्व यह पहला परिचयात्मक (इंडक्शन) कार्यक्रम है। आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी में मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया था। मास्टर ट्रेनर्स नवनियुक्त शिक्षकों को विभाग के शिक्षा संबंधी उद्देश्यों और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये मार्गदर्शन देंगे। भविष्य में भी सतत ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# जनता के आवेदनों के निराकरण के लिए निरंतर लगायें शिविर - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान 2.0 की प्रगति की समीक्षा करते हुये।

**भोपाल,** सीएम जन-सेवा अभियान 2.0 में जनता के आवेदनों के निराकरण के लिए निरंतर शिविर लगाये जायें। प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अमला अभियान में जनता की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए ध्यान दें। प्रदेश में 22 मई तक 90 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। अभियान को अच्छी सफलता मिल रही है। अभियान में नागरिकों को 68 सेवाओं का लाभ मिल रहा है। यह सुनिश्चित किया जाये कि पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित नहीं रहें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान 2.0 की प्रगति की वर्चुअल समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में भ्रमण के दौरान मुझे जनता से प्राप्त आवेदनों का कलेक्टर्स अत्यंत गंभीरता से सकारात्मक निराकरण करें। इलाज के मामलों में संवेदनशीलता से कार्यवाही की जाये। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 31 मई को अंतिम सूची प्रकाशित हो जाएगी। प्राप्त आवेदनों की आपत्तियों का निराकरण जल्द कर लें। आगामी 1 जून से स्वीकृति-पत्रों का वितरण घर-घर जाकर किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं भी स्वीकृति-पत्र वितरण करने जाऊंगा। आगामी 10 जून को सिंगल क्लिक से बहनों के खातों में योजना की राशि अंतरित की जायेगी।

श्री चौहान ने कहा कि ब्याज माफी के फार्म भरने का काम व्यवस्थित चलता रहे। किसी भी जिले में किसानों की उपज का भुगतान शेष न रहे। बिजली विभाग जले ट्रांसफार्मर बदलवाने और बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य ठीक ढंग से हों। नाले-नालियों की सफाई बरसात के पहले हो जाए। अतिवर्ष, बाढ़ से बचाव की बरसात के पूर्व की तैयारियां गंभीरता से कर लें। प्रदेश के जनजाति बहुल 89 ब्लॉक में पेसा नियम का प्रचार-प्रसार हो।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# मध्यप्रदेश में 21 जून को एक करोड़ लोगों को योग से जोड़ने का कार्यक्रम

**भोपाल,** मध्यप्रदेश में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जन-जागरूकता अभियान चला कर आयुष विभाग द्वारा एक करोड़ लोगों को जोड़े जाने के प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिये विभाग ने प्रदेश के समस्त आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी महाविद्यालय के प्राचार्यों के साथ संभागीय और जिला आयुष अधिकारियों को पत्र लिख कर सामूहिक प्रयास करने के निर्देश जारी किये हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिये कई संगठन भी ग्राम स्तर तक इसके लिये लगातार प्रयास कर रहे हैं।

### हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान कार्यक्रम शुरू

प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संगठन श्री राम चन्द्र मिशन और हार्टफुलनेस संस्थान प्रदेश के प्रत्येक गांव में योग एवं ध्यान के कार्य लगातार कर रहे हैं। केन्द्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय में इस वर्ष 'हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान' कार्यक्रम शुरू किया है। इस थीम पर संस्थान ने अपनी गतिविधियां जनअभियान परिषद के साथ प्रत्येक ग्राम पंचायत में शुरू की हैं। हार्टफुलनेस संस्थान ने जन-अभियान परिषद के साथ प्रत्येक ग्राम पंचायत में एकात्म अभियान भी शुरू किया है। अभियान के माध्यम से एकात्म की अवधारणा के साथ ग्राम स्तर पर सामाजिक समरसता, उत्तम स्वास्थ्य और तनाव से मुक्ति कराते हुए प्रत्येक नागरिक के जीवन में योग शैली को विकसित किया जा रहा है। स्वयंसेवी संगठनों द्वारा ग्राम स्तर पर योग एवं ध्यान के कम से कम 3 सत्र कराये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

आयुष विभाग द्वारा जन-समुदाय को 21 जून के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के लिये https://yogmahotsavmp.in वेबसाइट पर पंजीकृत भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद इन्हें सहभागिता के लिये ई-प्रमाण-पत्र भी जारी किये जायेंगे। आयुष विभाग ने उक्त दोनों संस्थानों के साथ एमओयू भी किया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संस्थान के सहयोग से किये जाने वाले सामूहिक योग की गतिविधि के वीडियो एवं फोटोग्राफ www.merilife.org पर अपलोड किये जाने के निर्देश आयुष विभाग द्वारा दिये गये हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से महिलाएं होंगी सशक्त - राज्यपाल

## महिलाओं को आगे बढ़ाना है राज्य सरकार का संकल्प - मुख्यमंत्री

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान डिंडौरी में आयोजित एक कार्यक्रम में हितलाभ वितरित करते हुये।

**डिंडौरी,** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान डिंडौरी जिले के रजत जयंती समारोह और महिला सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने जिले की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विकास की अनेक सौगातें देते हुए विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। समारोह में मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना में हितग्राहियों को आवासीय भूमि के अधिकार-पत्र और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में हितलाभ वितरित किए।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से प्रदेश की बहनें आर्थिक रूप से और सशक्त और आत्मनिर्भर होंगी। बहनें अब और मजबूती से अपनी बातें रख पायेंगी। राज्यपाल ने आह्वान किया कि बच्चों का अच्छा स्वास्थ्य एवं शिक्षा प्रगति के लिए अहम है। इस दिशा में शासन के प्रयास में सभी अभिभावक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। यह प्रसन्नता का विषय है कि राज्य सरकार सभी वर्गों, युवा, महिला, वंचित वर्ग एवं जनजातीय विकास के लिए पूरे समर्पण से कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने जल, जंगल एवं जमीन पर जनजातीय समाज के पारंपरिक अधिकारों को सशक्त बनाने के लिए जनजातीय बहुल 20 जिलों में पेसा एक्ट लागू कर दिया है। उन्होंने शासन द्वारा महिलाओं के लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों को सरकारी खरीद में प्राथमिकता देने के निर्णय की सराहना की साथ ही मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन में प्रथम रहने पर राज्य सरकार को बधाई दी।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य शासन का संकल्प बहनों की गरीबी दूर कर उन्हें आगे बढ़ाना और लखपति क्लब में शामिल कराना है। आजीविका मिशन में स्व-सहायता समूह की बहनों को रोजगारमूलक कार्यों से जोड़ने और आय बढ़ाने के कार्यों को सरकार आंदोलन का स्वरूप देगी। प्रदेश में बेटियों के कल्याण और सम्मान के लिए राज्य शासन की अनेक योजनाओं के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। हाल ही में शुरू हुई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से गरीब बहनों की जिंदगी बदल जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिंडौरी की जनता अभिनन्दनीय है। जिले में बेटों से अधिक बेटियों का जन्म होता है। यह साधारण बात नहीं है। यहां 1000 बेटों के अनुपात में बेटियों की संख्या 1104 है। डिंडौरी जिला माता-बहनों का सम्मान करना जानता है। यहां बहनें प्रगतिशील हैं, वे कोदो-कुटकी आदि मोटे अनाज के उन्नत बीज के संरक्षण का कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में माँ, बहन और बेटियों को भरपूर सम्मान दिया गया है। राज्य सरकार ने बेटियों को बचाने और बढ़ाने के प्रयास वर्ष 2003 से शुरू कर दिये थे। लाड़ली लक्ष्मी योजना से बेटियों को बचाने, उन्हें लखपति बनाने और पढ़ाई-लिखाई का इंतजाम किया गया। अब बेटियां परिवार पर बोझ नहीं हैं। राज्य शासन द्वारा गरीब बेटियों का विवाह मुख्यमंत्री विवाह-निकाह योजना में करवाया जा रहा है।

### मंत्रिपरिषद के निर्णय

## नव-गठित निवाड़ी जिले के लिये पदों के सृजन को दी गई मंजूरी

**भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रालय में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में नव-गठित निवाड़ी जिले के लिये विभिन्न संवर्गों के कुल 12 पदों में से 9 पदों को जिला टीकमगढ़ से रिडिप्लायमेंट से उपलब्ध कराने तथा 3 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं :-**

- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश सिविल पदों पर संविदा नियुक्ति नियम, 2017 के नियम 11 (3) के बाद परंतुक स्थापित करने का निर्णय लिया। संशोधन के अनुसार 'परन्तु यह कि राज्य शासन विशिष्ट प्रकरण में उपरोक्तानुसार उल्लेखित एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देने की शर्त को शिथिल कर सकेगा।'
- उल्लेखनीय है कि सिविल पदों पर संविदा नियुक्ति संबंधी नियम-2017 के नियम 11(3) के प्रावधान अनुसार संविदा नियुक्ति के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व की सूचना अथवा एक माह का वेतन जमा कर संविदा नियुक्ति समाप्त किए जाने का प्रावधान था।
- मंत्रिपरिषद ने पुनर्वास आयुक्त के 1 अस्थाई पद की समय अवधि 1 जुलाई 2022 से 30 जून 2027 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।
- साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 से बी.सी.ओ. पुनर्वास आयुक्त कार्यालय में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को प्रमुख राजस्व आयुक्त राजस्व विभाग के बी.सी.ओ. 0709 में मर्ज किया जाएगा।
- मंत्रिपरिषद ने राजभवन में जनजातीय प्रकोष्ठ का गठन किये जाने के संबंध में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 8 अप्रैल 2022 को जारी आदेश को अनुमोदित किया।

## सभी महाविद्यालय परिवहन व्यवस्था जुलाई माह से अनिवार्य रूप से लागू करें

**भोपाल,** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभागीय समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि सभी महाविद्यालय परिवहन व्यवस्था आगामी जुलाई माह से अनिवार्य रूप से लागू करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों खास कर छात्राओं को आवागमन में परेशानी न हो, इसलिए सभी महाविद्यालय और विश्वविद्यालय गंभीरता से इस व्यवस्था को लागू करें।

डॉ. यादव ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 6 विश्वविद्यालय रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, बरकतउल्ला विश्व-विद्यालय भोपाल, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर और विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किया गया है। इन विश्वविद्यालयों द्वारा 27 पेटेंट प्रगतिशील हैं।

प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री के.सी. गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए कॉन्सेप्ट नोट तैयार किया जा चुका है। अन्य राज्यों में स्थापित 12 कौशल विश्वविद्यालयों और संस्थानों का अध्ययन कर उनमें संचालित किए जा रहे पाठ्यक्रमों के आधार पर प्रस्ताव तैयार किया गया है। श्री गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2019-2020 के नियुक्त 2848 सहायक प्राध्यापकों में से प्रथम चरण में 674 सहायक प्राध्यापकों/ग्रंथपालों/क्रीड़ा अधिकारियों की परिवीक्षा समाप्ति के आदेश जारी हो चुके हैं।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये चलेगा विशेष अभियान

**भोपाल,** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 की प्रारंभिक गतिविधियां 25 मई 2023 से शुरू हो गई हैं। प्रदेश में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधि 4 अक्टूबर 2023 तक चलेगी। इस दौरान नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत मतदाताओं के नाम हटाने, वोटर आईडी कार्ड में संशोधन के लिए शनिवार एवं रविवार को विशेष शिविर भी लगाए जाएंगे। समस्त 52 जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने, मतदाताओं को 2 किमी से अधिक दूरी न तय करना पड़े, एक मतदान केंद्र पर 1500 से अधिक मतदाताओं की संख्या न होने, एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर होने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान यह गतिविधियां होंगी

द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्री-रिवीजन गतिविधि के दौरान 25 मई से 23 जून तक बीएलओ अपने मतदान केंद्र अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य किया जाएगा।

प्रदेश के सभी 64 हजार 100 मतदान केंद्रों, जिला मुख्यालयों में 2 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। राजनीतिक दलों को प्रारूप की प्रति उपलब्ध कराई जाएगी।

### 31 अगस्त तक लिए जाएंगे आवेदन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि 2 अगस्त से 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, मृत मतदाता और दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके साथ ही जो नागरिक 1 अक्टूबर 2023 की तारीख पर 18 साल की उम्र पूरी कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन लिए जाएंगे। 2 अगस्त से 31 अगस्त तक समस्त बीएलओ अपने अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे। 31 अगस्त तक प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण 22 सितंबर 2023 तक किया जाएगा। 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2023 को 18 साल की उम्र पूरी करने वाले नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के पात्र होंगे।

## पीएम मित्र पार्क के लिए निवेश की राह में कोई बाधा नहीं आने देंगे - मुख्यमंत्री

**धार,** मध्यप्रदेश को एक बड़ी उपलब्धि मिली, जब इंदौर संभाग के धार जिले के गंधवानी में वस्त्र उद्योग से संबंधित पीएम मित्र पार्क के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल के समक्ष एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम निवेश की राह में कोई बाधा नहीं आने देंगे। उन्होंने पीएम मित्र पार्क की स्थापना के लिए मध्यप्रदेश का चयन किए जाने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री श्री गोयल का आभार माना।

मुख्यमंत्री ने निवेशकों से कहा कि वे जब भी चाहें भोपाल आकर उनसे मिल सकते हैं। राज्य सरकार उन्हें कार्य करने और अपने उद्यम की स्थापना के लिए हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि पीएम मित्र पार्क मध्यप्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे रोजगार के करीब दो लाख अवसर का सृजन होगा। श्री चौहान ने निवेशकों को युवाओं के लिए लागू मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के बारे में भी बताया।

केंद्रीय मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पीएम मित्र पार्क की स्थापना के लिए रुचि दिखाई है और केंद्र सरकार के साथ बेहतर समन्वय किया है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव भी इस पार्क को प्रारंभ कराने के लिए लगातार सक्रिय रहे। यह पार्क धार जिले और समूचे वनवासी अंचल के औद्योगिक परिदृश्य को बदलने में मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल की उपस्थिति में पीएम मित्र पार्क के लिये एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये।

### पीएम मित्र पार्क की नजर में

| पदनाम | वेतनमान/वेतन/मानदेय | विभाग का नाम एवं पता जिसमें सेवाएं दी गई हैं | सेवा की वर्तमान स्थिति अर्थात वर्तमान में सेवा में है तो अनापत्ति प्रमाण लिया है अथवा नहीं |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| | | | |
| | | | |

10. अन्य योग्यताएं/अर्हताएं यदि कोई हैं जो इस पद के लिए वांछनीय हों .....
11. भारतीय पुनर्वास परिषद (RCI) का पंजीयन नंबर/दिनांक .....
12. बिंदु क्रमांक 1 से 11 में उल्लेखित विवरणों के संदर्भ में प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करें -

**संलग्न अभिलेखों का विवरण -**

(1) .....
(2) .....
(3) .....
(4) .....
(5) .....
(6) .....
(7) .....
(8) .....

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दर्शायी गई सम्पूर्ण जानकारी एवं संलग्न अभिलेख सत्य एवं सही हैं।

**आवेदक के हस्ताक्षर**
पूरा नाम .....
पता .....

**जी-13451/48571/2023**

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.-011

## NOTICE INVITING TENDER
## No. 221/MTN/2023 (BW)

**No./8238/22/D-12/NIT-Maint./2023** **Bhopal, Dated : 26.05.2023**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

**Name of Work :** Repair/Maintenance of Rural Roads.

**1. Table-1 : Name of Work :** Within 5 Year Maintenance (BW)

| S.No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Sehore | 1 | 267000.00 |

**2. Table No. 2 : Name of Work -** Post 5 Years (BW)

| S.No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Dewas | 1 | 4990000.00 |
| 2. | Khandwa | 1 | 2410000.00 |
| 3. | Sehore | 1 | 10004000.00 |

**3. Table No. 3 : Name of Work -** Post 10 Years (BW)

| S.No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Ujjain | 1 | 6954700.00 |

**4. Table No. 4 : Name of Work –** Post 15 Years (BW)

| S.No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Balaghat | 1 | 14848000.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **30.05.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER**
M.P. Madhyam/110061/2023 **(TENDER)**

R-48584/2023

## JYOTI COLLEGE OF EDUCATION
(Affiliated to Barkatullah University,Bhopal)

## B.Ed. Faculty Required
(Under College Code 28)

**Qualification as per NCTE/UGC norms.**
**Application are invited for B.Ed. course as follows:**

| S.No. | Post | No. of Post |
|---|---|---|
| 01 | Principal | 01 |
| 02 | Assistant Professor | 02 |

Salary as per UGC norms. Apply with all necessary documents before 07/06/2023 at Jyoti College of Education, Khasra No. 190/7, PH. No. 45, Village Dodi, Distt. Sehore (MP)
Email:- jyotiollegeofeducation@yahoo.in, jyoticollege1@gmail.com, Mob.: 9009304303

Principal

R-48578/2023

## REQUIRED For B.Ed

**Assistant Professor** (For All Subjects),
**Ph.D./NET, M.Ed. Compulsory,** (Selection under College Code 28)

Qualification & Eligibility as per UGC / NCTE Latest Norms. Submit your application online in principal.B.Ed@ipsacademy.org within 7days with complete CV at IPS Academy with Recent photographs.

IPS ACADEMY
THE ALL TIME LEADER OF CAMPUS PLACEMENT

Affiliated to DAVV, Indore, Higher Education, Bhopal & NCTE
Knowledge Village, Rajendra Nagar, A.B.Road.Indore-452012, (MP)

Principal, B.Ed. Programme, IPS Academy, Indore.

Adcom

R-48577/2023

## महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान मध्यप्रदेश

**ई-मेल : maharshipatanjali2014@gmail.com**
**वेबसाइट https://www.mpssbhopal.org**

### वर्ष 2023-24 की अधोसंरचना विकास हेतु वित्तीय सहायता के लिए आवेदन आमंत्रण नोटिस

महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान द्वारा संस्कृत के प्रचार प्रसार के उद्देश्य की पूर्ति हेतु संस्थान से सम्बद्धता प्राप्त 2023-24 हेतु (शासकीय एवं अशासकीय प्राच्य परंपरागत संस्कृत विद्यालयों को अधोसंरचना विकास हेतु प्रति विद्यालय न्यूनतम रु. 5 लाख से अधिकतम 10 लाख रु. तक) कार्यों के लिए वित्तीय सहायता अनुदान हेतु वर्ष 2023-24 के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। विहित प्रपत्र संस्थान की वेबसाइट **www.mpssbhopal.org** पर डाउनलोड किया जा सकता है। वे ही संस्थाएं आवेदन करें जिन्हें वर्ष 2023-24 के लिए महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान से उत्तरमाध्यमा स्तर (12वीं) तक सम्बद्धता प्राप्त है।

संस्थान की वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर अपेक्षित एवं निर्धारित मापदण्डों के अभिलेखों के साथ **दिनांक 10 जून 2023 तक** संस्थान के पते महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, तुलसी नगर भोपाल म.प्र. पिन कोड-462003 पर भेजना सुनिश्चित करें। दिनांक 10 जून 2023 के पश्चात् आवेदन मान्य नहीं होंगे।

म.प्र. माध्यम/109999/2023 **निदेशक**

R-48580/2023

## मोतीलाल नेहरू विधि महाविद्यालय, खण्डवा (म.प्र.)

(देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर से सम्बद्धता प्राप्त एवं बार कौंसिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली से सम्बद्धता अनुमोदित

### आवश्यकता है

**शैक्षणिक योग्यता एवं वेतन UGC के नियमानुसार**

**प्रिन्सिपल (1 पद)**
विधि विषय में Ph.D. एवं NET उत्तीर्ण, न्यूनतम 15 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव।

**एसोसिएट-प्रोफेसर विधि : (2 पद)**
विधि विषय में न्यूनतम 55% अंकों सहित स्नातकोत्तर उपाधि Ph.D. एवं NET/SLET उत्तीर्ण अनिवार्य है। न्यूनतम 10 से 15 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव।

**असिस्टेंट प्रोफेसर विधि : (4 पद)**
विधि विषय में न्यूनतम 55% अंकों सहित स्नातकोत्तर उपाधि Ph.D. एवं NET/SLET उत्तीर्ण अनिवार्य है। न्यूनतम 0-5 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव।

**नोट -** 1. आवेदक प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति एवं फोटो के साथ आवेदन **दिनांक 30 जून 2023** सचिव, दी लॉ एज्युकेशन सोसायटी, खण्डवा (मोतीलाल नेहरू विधि महाविद्यालय, सिविल लाईन्स, खण्डवा) के पते पर प्रेषित करें।
2. उक्त साक्षात्कार में सभी श्रेणी के उम्मीदवारों को अपने स्वयं के व्यय पर उपस्थित होना होगा। इसके लिये संस्था से कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। पदों की संख्या में परिवर्तन या विज्ञप्ति निरस्त करने का अधिकार दी लॉ एज्युकेशन सोसायटी, खण्डवा के पास सुरक्षित है।

**संपर्क 0733-2225577, 2222622 Email : motilal.nehlaw@gmail.com, hr.mnlawcollege@gmail.com**

**आर-48575/2023** **सचिव**

## कार्यालय संचालक
## विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति विकास विभाग
### राजीव गांधी भवन, 35-श्यामला हिल्स, भोपाल, म.प्र.
## विज्ञप्ति

**अंतिम तिथि - 31.05.2023**

**विषय :** विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदायों के उत्थान हेतु (शिक्षा एवं समाजसेवा) उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवक को **''संत श्री सेवालाल जी महाराज पुरस्कार''।**

राज्य शासन विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के लोगों के सर्वांगीण विकास यथा समाज के उत्थान एवं भागीदारी, शैक्षणिक विकास, आर्थिक विकास जैसे तथा सामाजिक बुराइयों को दूर करने वाले उक्त समुदायों (केवल विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय) से, म.प्र. के मूल निवासी समाज सेवक को **''संत श्री सेवालाल जी महाराज पुरस्कार''** दिया जावेगा। पुरस्कार हेतु चयनित व्यक्ति को राशि रुपये 1 लाख नगद एवं पुरस्कार के प्रतीक चिह्न से युक्त प्रशंसा पट्टिका प्रदाय की जावेगी।

प्रविष्टियां समाजसेवी द्वारा स्वयं अथवा उनके समाज की ओर से उनकी समाज सेवा में योगदान से सुपरिचित व्यक्ति द्वारा निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत की जा सकेंगी।

(1) सामाजिक कार्यकर्ता का पूर्ण परिचय (नाम, उपनाम, आयु, पता, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अथवा वोटर आईडी की छायाप्रति संलग्न करें।)
(2) निर्दिष्ट विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदायों के लोगों के उत्थान के लिये उनके द्वारा किये गये शिक्षा एवं समाज सेवा के कार्यों की विस्तृत जानकारी एवं तत्संबंधी अभिलेख एवं प्रमाण पत्र।
(3) यदि कोई अन्य पुरस्कार मिला हो, तो उसका विवरण।
(4) शिक्षा क्षेत्र एवं समाज सेवा कार्यों के विषय में कोई प्रतिवेदन प्रकाशित हुआ हो, तो उसका विवरण एवं प्रकाशित प्रत्येक प्रतिवेदन की एक-एक प्रतिलिपि।
(5) शिक्षा क्षेत्र एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र-पत्रिकाओं तथा संस्थाओं द्वारा की गई टिप्पणियों की फोटो प्रतियां/सत्य प्रतिलिपियां।
(6) आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साइज की फोटो जिसमें पीछे नाम लिखा हो तथा बैंक पासबुक की प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
(7) प्रति वर्ष विज्ञापन जारी होने पर समाज सेवक को नवीन प्रविष्टि प्रस्तुत करनी होगी।
(8) एक बार चयन नहीं होने का अभिप्राय यह नहीं होगा कि संबंधित समाज सेवक सेवा कार्य पुरस्कार के योग्य नहीं है, निर्धारित मापदंडों की पूर्ति करने वाले समाज सेवक प्रतिवर्ष नवीन प्रविष्टि प्रस्तुत कर सकेंगे।
(9) प्रविष्टि में अंतर्निहित तथ्यों/जानकारी के अलावा अन्य पश्चात्वर्ती पत्र व्यवहार पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
(10) समाज सेवी को इस बात का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने म.प्र. राज्य के विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु जनजाति वर्ग की दीर्घकालिक सेवा की है तथा वे अब भी इस क्षेत्र में सक्रिय हैं अर्थात पुरस्कार केवल भूतकालिक सेवा उपलब्धियों के आधार पर नहीं मिलेंगे, सेवा के क्षेत्र में परिणाममूलक निरंतरता आवश्यक है।
(11) पुरस्कार चूंकि समाज सेवक के समग्र योगदान के आधार पर दिया जावेगा, इसलिये शिक्षा एवं समाज सेवा कार्य में ऐसे व्यक्ति को, एक व्यक्ति के रूप में किये गये योगदान के संबंध में पर्याप्त प्रमाण होने चाहिए।
(12) शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में समाजसेवी के समग्र योगदान का संबंधित क्षेत्र/वर्ग में व्यापक प्रभाव परिलक्षित होना चाहिए।
(13) किसी स्वैच्छिक संस्था से संबद्ध समाजसेवी के उसी कार्य को पुरस्कार के लिये विचार में लिया जावेगा जिस कार्य में समाजसेवी सीधे तौर पर जुड़े हुए थे और अब भी हैं, संस्था की समस्त सेवा उपलब्धियों का समाजसेवी के हित में आंकलन नहीं होगा।
(14) शासकीय एवं अर्द्धशासकीय वेतनभोगी व्यक्ति पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे। आवेदक पर कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं हो तथा किसी अपराध में उसे कोई सजा नहीं हुई हो।

प्रविष्टि में दिये गये तथ्यों/निष्कर्षों/प्रमाणों का संपूर्ण उत्तरदायित्व प्रविष्टि प्रस्तुतकर्ता का रहेगा इस मामले में राज्य शासन किसी भी विवाद में पक्षकार नहीं माना जावेगा, परन्तु राज्य शासन को जहां वह आवश्यक समझे अपने सूत्रों से, दिये गये तथ्यों/निष्कर्षों/प्रमाणों के संबंध में, पुष्टि कराने का अधिकार होगा। एक बार प्रस्तुत प्रविष्टि केवल एक वर्ष के लिए मान्य होगी। पुरस्कार हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले म.प्र. के समाज सेवक को पुरस्कार योजना नियम 2014 लागू होगा। उक्त पुरस्कार की नगद राशि एकाधिक व्यक्तियों के मध्य जूरी के निर्णयानुसार विभाजित भी हो सकती है।

विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के लोगों के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवक को वर्ष 2023-24 के पुरस्कार हेतु राज्य के समाजसेवी अपनी प्रविष्टियां **दिनांक 31.05.2023** तक संचालक विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ जनजाति विकास, 35 राजीव गांधी भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल को प्रस्तुत करेंगे। प्रविष्टि के लिफाफे पर **''संत श्री सेवालाल जी महाराज पुरस्कार''** वर्ष 2023-24 अंकित होना चाहिए। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त प्रविष्टि पर जूरी द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। विज्ञप्ति विभाग की **वेबसाइट www.vimuktghumakkad.gov.in** पर लागऑन कर भी देखी जा सकती है।

**संचालक**

**जी-13472/48572/2023** **विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु जनजाति विकास विभाग**

## प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

# पर्यावरण अध्ययन

**प्र. 1 पर्यावरण एवं वन मंत्रालय का गठन कब किया गया था?**
अ. 1990 ब. 1995
स. 1985 द. 1980
**उत्तर- स. 1985**

**प्र. 2 चेर्नोबिल परमाणु दुर्घटना का संबंध किस देश से है?**
अ. यूक्रेन ब. यू.एस.ए.
स. फ्रांस द. जापान
**उत्तर- अ. यूक्रेन**

**प्र. 3 'थ्री माइल आइलैण्ड' का संबंध है?**
अ. परमाणु दुर्घटना क्षेत्र
ब. भूकंप विवर्तनिक क्षेत्र
स. महासागरीय गर्त
द. तेल रिसाव क्षेत्र
**उत्तर- अ. परमाणु दुर्घटना क्षेत्र**

**प्र. 4 वन संरक्षण अधिनियम के अनुसार प्राकृतिक संतुलन की दृष्टि से कितने प्रतिशत वन क्षेत्र पर वन होने चाहिए?**
अ. 35% ब. 25%
स. 31% द. 33%
**उत्तर- द. 33%**

**प्र. 5 'द फ्यूचर वी वांट' शीर्षक किस पृथ्वी शिखर सम्मेलन का था?**
अ. रियो+5 ब. रियो+10
स. रियो+15 द. रियो+20
**उत्तर- द. रियो+20**

**प्र. 6 'सतत विकास लक्ष्य' में कितने लक्ष्यों को शामिल किया गया है?**
अ. 15 ब. 17
स. 19 द. 21
**उत्तर- ब. 17**

**प्र. 7 UNEP की स्थापना कब की गई थी?**
अ. 1975 ब. 1973
स. 1972 द. 1980
**उत्तर- स. 1972**

**प्र. 8 इकोलॉजी शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?**
अ. पार्क
ब. मेडाक्स
स. फ्रेडरिक रेटजेल
द. अर्नस्ट हेकेल
**उत्तर- द. अर्नस्ट हेकेल**

**प्र. 9 निम्न में से कौन सा पौधा कीटभक्षी नहीं है?**
अ. नेपनथिस ब. यूट्रिकुलेरिया
स. डायोनिया द. हेनबेन
**उत्तर- द. हेनबेन**

**प्र. 10 पूर्णस्तंभ परजीवी का उदाहरण है?**
अ. लाइकेन ब. अमरबेल
स. लोरेन्थस स. विस्कम
**उत्तर- ब. अमरबेल**

**प्र.11 'पारिस्थितिकी तंत्र' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?**
अ. मेडाक्स
ब. ए.जी. टान्सले
स. कार्ल मोबियस
द. फोर्ब्स
**उत्तर- ब. ए.जी. टान्सले**

**प्र. 12 किसी जीव में हानिकारक पदार्थों के एकत्रीकरण को क्या कहा जाता है?**
अ. जैव संचयन
ब. अनुक्रमण
स. प्रतिजीविता
द. इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- अ. जैव संचयन**

**प्र. 13 प्रत्येक आहार श्रृंखला के चरण में कितने प्रतिशत ऊर्जा का स्थानान्तरण अगले चरण में होता है?**
अ. 90% ब. 20%
स. 10% द. 30%
**उत्तर- स. 10%**

**प्र. 14 तालाब के पारिस्थितिक तंत्र का जीवभार पिरामिड बनेगा?**
अ. सीधा
ब. उल्टा
स. उल्टा या सीधा
द. इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- ब. उल्टा**

**प्र. 15 किसी पारिस्थितिक तंत्र में संचित ऊर्जा का पिरामिड बनेगा?**
अ. सदैव सीधा
ब. सदैव उल्टा
स. उल्टा या सीधा
द. इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- अ. सदैव सीधा**

**प्र. 16 चट्टानों में उगने वाली वनस्पति को क्या कहा जाता है?**
अ. मोजोफाइट्स
ब. हाइड्रोफाइट्स
स. लीथोफाइट्स
द. जेरोफाइट्स
**उत्तर- स. लीथोफाइट्स**

**प्र. 17 दो पारिस्थितिक तंत्रों के मध्य के संक्रमण क्षेत्र को कहते हैं?**
अ. बायोटोप ब. निके
स. इकोटोन द. बायोम
**उत्तर- स. इकोटोन**

**प्र. 18 प्रकाश संश्लेषण किस रंग में होता है?**
अ. लाल एवं हरा
ब. हरा एवं नीला
स. पीला एवं लाल
द. लाल एवं नीला
**उत्तर- द. लाल एवं नीला**

**प्र. 19 जिस सामुदायिक अंत:क्रिया में दोनों प्रजातियों को लाभ हो उसे कहा जाता है?**
अ. प्रतिजीविता
ब. परजीविता
स. प्रतिस्पर्द्धा
द. सहजीविता
**उत्तर- द. सहजीविता**

**प्र. 20 वह समुदाय जो स्थायी, परिपक्व जटिल एवं दीर्घकालिक होता है, कहलाता है?**
अ. अग्रगामी समुदाय
ब. चरम समुदाय
स. प्रवासी समुदाय
द. प्रबल समुदाय
**उत्तर- ब. चरम समुदाय**

**प्र. 21 कुछ पौधों के द्वारा एलर्जिक या हानिकारण रसायनों का स्राव करने की प्रक्रिया क्या कहलाती है?**
अ. जैव आवर्धन
ब. एलोपैथी
स. एलीलोपेथी
द. अमेन्से लिज्म
**उत्तर- स. एलीलोपेथी**

**प्र. 22 पीने के पानी में नाइट्रेट की अधिकता से कौनसा रोग हो जाता है?**
अ. फ्लुओरोसिस
ब. इटाई-इटाई
स. ब्लू बेबी सिंड्रोम
द. मिनामाटा
**उत्तर- स. ब्लू बेबी सिंड्रोम**

**प्र. 23 वर्ष 2021 में व्हिटली अवॉर्ड किसे प्रदान किया गया था?**
अ. नुक्लु फोम
ब. राजेंद्र सिंह
स. कैलाश सांखला
द. मेधा पाटकर
**उत्तर- अ. नुक्लु फोम**

**प्र. 24 एजेंडा - 21 किस सम्मेलन में स्वीकृत किया गया था?**
अ. क्योटो-प्राटोकॉल
ब. पृथ्वी सम्मेलन
स. नगोया प्रोटोकॉल
द. कार्टाजेना प्रोटोकॉल
**उत्तर - ब. पृथ्वी सम्मेलन**

**प्र. 25 स्टॉकहोम समझौता किस वर्ष संपन्न हुआ था?**
अ. 1972 ब. 1980
स. 1990 द. 1992
**उत्तर- अ. 1972**

**प्र. 26 हरित जलवायु कोष की स्थापना किस सम्मेलन के अंतर्गत हुई?**
अ. दोहा सम्मेलन
ब. रियो सम्मेलन
स. वारसॉ सम्मेलन
द. कानकुन सम्मेलन
**उत्तर- द. कानकुन सम्मेलन (मैक्सिको 2010)**

**प्र. 27 'ग्रीन मफ्लर' किससे संबंधित है?**
अ. नाभिकीय प्रदूषण
ब. ध्वनि प्रदूषण
स. मृदा प्रदूषण
द. वायु प्रदूषण
**उत्तर- ब. ध्वनि प्रदूषण**

**प्र. 28 विश्व पृथ्वी दिवस कब मनाया जाता है?**
अ. 22 अप्रैल ब. 20 अप्रैल
स. 21 मार्च स. 22 मई
**उत्तर-अ. 22 अप्रैल**

**प्र. 29 निम्न में से किस प्रदूषक से रक्त कैंसर हो सकता है?**
अ. कैडमियम ब. सीसा
स. बेंजीन द. $CO_2$
**उत्तर- स. बेंजीन**

**प्र. 30 एक्स किरणों की खोज किसने की थी?**
अ. रदरफोर्ड ब. रॉंटजन
स. थॉमसन द. चेडविक
**उत्तर- ब. रॉंटजन**

**प्र. 31 ध्वनि तीव्रता की इकाई क्या है?**
अ. डेसीबल ब. न्यूटन
स. हर्ट्ज द. एंगस्ट्रॉम
**उत्तर- अ. डेसीबल**

**प्र. 32 केंद्रीय गंगा प्राधिकरण की स्थापना कब की गई थी?**
अ. 1990 ब. 2012
स. 2010 द. 1985
**उत्तर- द. 1985**

**प्र. 32 आर्सेनिक की अधिकता से कौनसी बीमारी हो ती है?**
अ. इटाई-इटाई
ब. क्लैक फुट
स. सिलिकोसिस
द. ब्रोंकाइटिस
**उत्तर- ब. क्लैक फुट**

**प्र. 33 जुगाली करने वाले पशुओं से कौनसा प्रदूषक उत्सर्जित होता है?**
अ. $CO_2$
ब. मीथेन
स. कार्बन मोनो ऑक्साइड
द. हाइड्रोजन सल्फाइड
**उत्तर- ब. मीथेन**

**प्र. 34 निम्न में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है-**

| | | |
|---|---|---|
| | टाइगर रिजर्व | स्थान |
| अ. | इंद्रावती बाघ अभयारण्य | - छत्तीसगढ़ |
| ब. | डंपा-बाघ अभयारण्य | - मिजोरम |
| स. | सत्यमंगलम बाघ अभयारण्य | - कर्नाटक |
| द. | पेरियार अभयारण्य | - केरल |

**उत्तर- स. सत्यमंगलम बाघ अभयारण्य -कर्नाटक**

**प्र. 35 राष्ट्रीय पर्यावरण शोध संस्थान (NEERI) कहां स्थित है?**
अ. भोपाल ब. देहरादून
स. नागपुर द. कोयम्बटूर
**उत्तर- स. नागपुर**

**प्र. 36 जल प्रदूषण निवारण और नियंत्रण अधिनियम कब पारित किया गया था?**
अ. 1970 ब. 1980
स. 1981 द. 1974
**उत्तर- द. 1974**

**प्र. 37 भारत ने पहली राष्ट्रीय वन्य जीव कार्ययोजना कब अपनाई थी?**
अ. 1990 ब. 1983
स. 1980 द. 1986
**उत्तर- ब. 1983**

**प्र. 38 भारत में कुल कितने जैव मण्डल आरक्षित क्षेत्र हैं?**
अ. 20 ब. 12
स. 11 द. 18
**उत्तर- द. 18**

**प्र. 39 वर्तमान में भारत के कुल कितने जैव आरक्षित क्षेत्रों को यूनेस्को की 'MAB' की सूची में शामिल किया गया है?**
अ. 12 ब. 10
स. 8 द. 16
**उत्तर- अ. 12**

**प्र. 40 मध्यप्रदेश में कुल कितने बायोस्फियर रिजर्व क्षेत्र है?**
अ. 1 ब. 2
स. 4 द. 3
**उत्तर- द. 3**

**प्र. 41 'साइलेंट वैली नेशनल' पार्क कहां स्थित है?**
अ. कर्नाटक ब. आंध्रप्रदेश
स. केरल द. तमिलनाडु
**उत्तर- स. केरल**

**प्र. 42 पश्चिमी घाट की सर्वोच्च चोटी का नाम क्या है?**
अ. डोडा बेट्टा
ब. नीलगिरि
स. महेंद्रगिरी
द. अनाईमुडी
**उत्तर- द. अनाईमुडी**

**प्र. 43 सिंह पुंछ वानर (lion tailed macaque) किस क्षेत्र में विशेष रूप से पाये जाते हैं?**
अ. उत्तर-पूर्वी भारत
ब. हिमालयी क्षेत्र
स. पश्चिमी घाट
द. तराई क्षेत्र
**उत्तर- स. पश्चिमी घाट**

**प्र. 44 'ब्लैक बक' नेशनल पार्क कहां स्थित है?**
अ. प. बंगाल ब. गुजरात
स. कर्नाटक द. विपुरा
**उत्तर- ब. गुजरात**

**प्र. 45 सारगेसो सागर कहां स्थित है?**
अ. दक्षिणी अटलांटिक
ब. उत्तरी अटलांटिक
स. हिंद महासागर
द. अंटार्कटिक
**उत्तर- ब. उत्तरी अटलांटिक**

**प्र. 46 भारतीय वन प्रबंधन संस्थान कहां स्थित है?**
अ. नागपुर ब. देहरादून
स. भोपाल द. मसूरी
**उत्तर- स. भोपाल**

**प्र. 47 निम्न में किस राज्य में सर्वाधिक वन प्रतिशत पाया जाता है?**
अ. मध्यप्रदेश
ब. अरुणाचल प्रदेश
स. मिजोरम
द. विपुरा
**उत्तर- स. मिजोरम**

**प्र. 48 जंगली गधे किस क्षेत्र में पाये जाते हैं?**
अ. कच्छ का रण
ब. दाचीगाम
स. जिम कार्बेट
द. इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- अ. कच्छ का रण**

**प्र. 49 नल सरोवर पक्षी अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?**
अ. राजस्थान ब. कर्नाटक
स. बिहार द. गुजरात
**उत्तर- द. गुजरात**

**- आशीष कुमार श्रीवास**
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करते हैं।)

## मध्यप्रदेश में हर गरीब परिवार के पास होगा आवासीय भू-खण्ड - मुख्यमंत्री

**पन्ना,** मध्यप्रदेश की धरती पर हर गरीब परिवार के पास आवासीय भू-खण्ड रहेगा। उन्हें आवासीय भू-अधिकार-पत्र दिये जा रहे हैं। कृषि महाविद्यालय के छात्र अच्छे कृषि वैज्ञानिक बन किसानों के हित में कार्य कर मध्यप्रदेश का नाम रोशन करेंगे। पन्ना जिले के विकास के लिये हर संभव प्रयास किये जायेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि महाविद्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय की छात्रा सेजल की मांग पर महाविद्यालय भवन के साथ छात्रावास भवन बनाने की घोषणा की और कहा कि महाविद्यालय भवन के साथ छात्रावास का निर्माण भी प्रारंभ किया जाये। उन्होंने महाराजा छत्रसाल को प्रणाम कर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को कॉलेज भवन के लिये बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने ग्राम हमाई में नल-जल योजना प्रारंभ करने के निर्देश दिये और मंगल भवन बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्राम की जनजातीय बस्ती में पात्र गरीब परिवारों को मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना में पट्टे प्रदान किये जायें। मुख्यमंत्री ने हमाई ग्राम पंचायत से बरखेड़ा, पहाड़ी खेड़ा होते हुए मजगुआ तक डामर सड़क बनाने के निर्देश दिये।

केंद्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि बुंदेलखंड अब पलायन करने वाले लोगों का क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह विकसित बुंदेलखंड बन गया है। मध्यप्रदेश पूरे देश में कृषि के क्षेत्र में लगातार अव्वल आ रहा है। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री को बधाई देता हूं। किसानों के हित में जो कार्य किये गये हैं, वह अभूतपूर्व हैं।

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

# सामान्य अध्ययन

**प्रश्न 1. मंगल ग्रह को समर्पित मंगल नाथ मंदिर मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित है?**
(अ) रीवा
(ब) उज्जैन
(स) सांची
(द) जबलपुर
**उत्तर - (ब) उज्जैन**

**प्रश्न 2. गेहूं का वैज्ञानिक नाम क्या है?**
(अ) मेग्नीकेटा इण्डिका
(ब) सिट्रस लिमोनीम
(स) केप्सिकम
(द) ट्रिटिकम एस्टिवम
**उत्तर - (द) ट्रिटिकम एस्टिवम**

**प्रश्न 3. मध्यप्रदेश का जलियांवाला बाग हत्याकांड कहां हुआ था?**
(अ) टीकमगढ़
(ब) निवाड़ी
(स) खण्डवा
(द) छतरपुर
**उत्तर - (द) छतरपुर**
**व्याख्या** - मध्यप्रदेश में चरणपादुका नरसंहार को मध्यप्रदेश का जलियांवाला बाग हत्याकांड के नाम से जाना जाता है। जो 14 जनवरी 1931 को हुआ था।

**प्रश्न 4. विजयनगर की स्थापना हरिहर और बुक्का ने किसके आशीर्वाद से की थी?**
(अ) विद्यादत्त
(ब) विद्यारण्य
(स) तुकाराम
(द) रामदास
**उत्तर - (ब) विद्यारण्य**
**व्याख्या** - संगमवंश से संबंधित हरिहर और बुक्का ने विजयनगर राज्य की स्थापना तुंगभद्रा नदी के तट पर की थी। जिसकी राजधानी हम्पी थी।

**प्रश्न 5. किस धातु का गलनांक इतना कम है कि वह हाथ में ही पिघल जाता है?**
(अ) पारा
(ब) स्ट्रोंजियम
(स) गैलियम
(द) रैडियम
**उत्तर - (स) गैलियम**

**प्रश्न 6. मीरा कुमार कौन-सी लोकसभा की अध्यक्ष रही थीं?**
(अ) तीसरी
(ब) पांचवीं
(स) पन्द्रहवीं
(द) सत्रहवीं
**उत्तर - (स) पन्द्रहवीं**

**प्रश्न 7. स्थानीय स्वशासन का जनक किसे कहा जाता है?**
(अ) लार्ड मेयो
(ब) लार्ड रिपन
(स) होर्डिंग
(द) डलहोजी
**उत्तर - (ब) लार्ड रिपन**

**प्रश्न 8. निम्न में से किसे हटाने का प्रावधान संविधान में नहीं है?**
(अ) उपराष्ट्रपति
(ब) राष्ट्रपति
(स) राज्यपाल
(द) एटार्नी जनरल
**उत्तर - (स) राज्यपाल**

**प्रश्न 9. यामिनी कृष्णमूर्ति का संबंध किस शास्त्रीय नृत्य से है?**
(अ) कत्थक
(ब) भरतनाट्यम
(स) कथकली
(द) उपरोक्त सभी
**उत्तर - (ब) भरतनाट्यम**

**प्रश्न 10. व्यास सम्मान किस क्षेत्र में दिया जाता है?**
(अ) विज्ञान
(ब) साहित्य
(स) कृषि क्षेत्र
(द) खेल
**उत्तर - (ब) साहित्य**

**प्रश्न 11. गोत्र शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किस काल में हुआ था?**
(अ) ऋग्वैदिक काल
(ब) उत्तर वैदिक काल
(स) मौर्य काल
(द) सिंधु घाटी सभ्यता में
**उत्तर - (अ) ऋग्वैदिक काल**

**प्रश्न 12. लोयल किस नदी के किनारे स्थित था?**
(अ) सिंधु
(ब) व्यास
(स) भोगवा
(द) गंगा
**उत्तर - (स) भोगवा**

**प्रश्न 13. हड़प्पा सभ्यता की आकृति किस प्रकार की है?**
(अ) आयताकार
(ब) त्रिभुजाकार
(स) वर्गाकार
(द) कोई नहीं
**उत्तर - (ब) त्रिभुजाकार**

**प्रश्न 14. विश्व में सर्वाधिक सहकारी संस्थाएं किस देश में हैं?**
(अ) भारत
(ब) पाकिस्तान
(स) बांग्लादेश
(द) श्रीलंका
**उत्तर - (अ) भारत**

**प्रश्न 15. जैन धर्म में कितने तीर्थंकर का उल्लेख किया गया है?**
(अ) 24 (ब) 25
(स) 20 (द) 22
**उत्तर - (अ) 24**

**प्रश्न 16. निम्न में से किसे इन्टरनेट के जनक के रूप में जाना जाता है?**
(अ) विन्ट सर्फ
(ब) पास्कल
(स) सबीर भाटिया
(द) टिम कुक
**उत्तर - (अ) विन्ट सर्फ**

**प्रश्न 17. भारतीय ब्रह्म समाज के संस्थापक कौन थे?**
(अ) देवेन्द्रनाथ टैगोर
(ब) केशवचन्द्र सेन
(स) राजा राममोहन राय
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर - (ब) केशवचन्द्र सेन**

**प्रश्न 18. मुस्लिम लीग द्वारा पाकिस्तान दिवस किस तारीख को मनाया गया था?**
(अ) 25 अप्रैल
(ब) 5 फरवरी
(स) 14 जुलाई
(द) 23 मार्च
**उत्तर - (द) 23 मार्च**

**प्रश्न 19. साहू एवं ताराबाई के बीच 1707 में कौनसा युद्ध हुआ था?**
(अ) खेड़ा का युद्ध
(ब) आंग्ल मराठा युद्ध
(स) पानीपत का युद्ध
(द) पाल खेड़ा का युद्ध
**उत्तर - (अ) खेड़ा का युद्ध**

**प्रश्न 20. बॉल पेन के आविष्कारक कौन हैं?**
(अ) वाटर मैन
(ब) जे एल बेयर्ड
(स) जॉन जे लाउड
(द) रोइटंजन
**उत्तर - (अ) वाटर मैन**

**प्रश्न 21. टेक्नोलॉजी से संबंधित इन्फोसिस कंपनी के संस्थापक कौन हैं?**
(अ) रतन टाटा
(ब) नारायण मूर्ति
(स) अजीज प्रेम जी
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर - (ब) नारायण मूर्ति**

**प्रश्न 22. अंतरिक्ष में जाने वाले प्रथम भारतीय कौन थे?**
(अ) राकेश शर्मा
(ब) इंदिरा गांधी
(स) कल्पना चावला
(द) सुनीता विलियम्स
**उत्तर - (अ) राकेश शर्मा**

**प्रश्न 23. नागासाकी में गिराए गए परमाणु बम में प्रयोग किया गया था -**
(अ) यूरेनियम 230
(ब) प्लूटोनियम 239
(स) प्लूटोनियम 235
(द) यूरेनियम 238
**उत्तर - (ब) प्लूटोनियम 239**

**प्रश्न 24. सुनहरी क्रांति संबंधित है -**
(अ) सोना से
(ब) फलों से
(स) बागवानी से
(द) रेशा से
**उत्तर - (ब) फलों से**

**प्रश्न 25. होल्कर मूल रूप से किस वंश से संबंधित हैं?**
(अ) मराठा
(ब) सिंधिया
(स) राजपूत
(द) भोसले
**उत्तर - (अ) मराठा**

**प्रश्न 26. निम्न में से किन समाचार पत्रों का प्रकाशन महात्मा गांधी द्वारा किया गया?**
(अ) इंडियन ओपिनियन
(ब) नवजीवन, हरिजन
(स) यंग इंडिया
(द) उपरोक्त सभी
**उत्तर - (द) उपरोक्त सभी**

**प्रश्न 27. बोवेस्पा किस देश से संबंधित है?**
(अ) सिंगापुर
(ब) इटली
(स) लंदन
(द) ब्राजील
**उत्तर - (द) ब्राजील**

**प्रश्न 28. डलहौजी की हड़पनीति का शिकार राज्य नहीं था -**
(अ) झांसी
(ब) सतारा
(स) अवध
(द) संभलपुर
**उत्तर - (स) अवध**

**प्रश्न 29. लाहौर षड्यंत्र कांड में निम्नलिखित में से किस क्रांतिकारी को फांसी नहीं हुई थी?**
(अ) बटुकेश्वर दत्त
(ब) सुखदेव
(स) सरदार भगत सिंह
(द) राजगुरू
**उत्तर - (अ) बटुकेश्वर दत्त**

**प्रश्न 30. राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**
(अ) 1982
(ब) 1986
(स) 1985
(द) 1997
**उत्तर - (अ) 1982**

**प्रश्न 31. बेसबॉल के एक पक्ष में कितने खिलाड़ी होते हैं?**
(अ) 7
(ब) 8
(स) 9
(द) 10
**उत्तर - (स) 9**

**प्रश्न 32. अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) का मुख्यालय कहां स्थित है?**
(अ) पेरिस (फ्रांस)
(ब) वेलिंगटन (न्यूजीलैण्ड)
(स) जिनेवा (स्विटजरलैण्ड)
(द) टोक्यो (जापान)
**उत्तर - (स) जिनेवा (स्विटजरलैण्ड)**

**प्रश्न 33. विधान परिषद किसी साधारण विधेयक को किस अवधि तक रोक सकती है?**
(अ) 3 माह
(ब) 4 माह
(स) 6 माह
(द) 14 दिन
**उत्तर - (ब) 4 माह**

**प्रश्न 34. किस वित्त मंत्री द्वारा सर्वाधिक बार बजट पेश किया गया है?**
(अ) चौधरी चरण सिंह
(ब) जवाहर लाल नेहरू
(स) मोरार जी देसाई
(द) मनमोहन सिंह
**उत्तर - (स) मोरार जी देसाई**

**प्रश्न 35. तारों के मध्य की दूरी ज्ञात करने की इकाई क्या कहलाती है?**
(अ) खगोलीय इकाई
(ब) प्रकाश वर्ष
(स) कॉस्मिक मीटर
(द) इनमें से कुछ नहीं
**उत्तर - (ब) प्रकाश वर्ष**

**प्रश्न 36. हवाई जहाज के उड़ने के लिए निम्न में से कौनसा मण्डल उपयुक्त माना जाता है?**
(अ) क्षोभ मण्डल
(ब) समताप मण्डल
(स) बाह्य मण्डल
(द) कोई नहीं
**उत्तर - (ब) समताप मण्डल**

**प्रश्न 37. प्रेस का मुक्तिदाता किसे कहा जाता है?**
(अ) लार्ड डलहौजी
(ब) चार्ल्स मेटकॉफ
(स) लार्ड विलियम बेंटिक
(द) लार्ड रिटन
**उत्तर - (ब) चार्ल्स मेटकॉफ**

**प्रश्न 38. दास कैपिटल किसके द्वारा लिखित प्रसिद्ध पुस्तक है?**
(अ) अब्राहम लिंकन
(ब) जवाहर नेहरू
(स) हिटलर
(द) कार्ल मार्क्स
**उत्तर - (द) कार्ल मार्क्स**

**प्रश्न 39. नालन्दा विश्वविद्यालय किस धर्म की शिक्षा का प्रधान केन्द्र था?**
(अ) जैन
(ब) वैष्णव
(स) बौद्ध
(द) सिक्ख
**उत्तर - (स) बौद्ध**

**प्रश्न 40. हुमायूंनामा की रचना किसके द्वारा की गई थी?**
(अ) बाबर
(ब) हुमायूं
(स) गुलबदन बेगम
(द) अकबर
**उत्तर - (स) गुलबदन बेगम**

**प्रश्न 41. तीनों गोलमेज सम्मेलन के समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कौन थे?**
(अ) डेविड केमरन
(ब) रिषी सुनक
(स) रेम्जे मैकडोनाल्ड
(द) बोरिस जॉनसन
**उत्तर - (स) रेम्जे मैकडोनाल्ड**

**प्रश्न 42. 'मैं एक क्रांतिकारी के रूप में कार्य करता हूं' कथन किसके द्वारा कहा गया?**
(अ) महात्मा गांधी
(ब) जवाहरलाल नेहरू
(स) मोहम्मद अली जिन्ना
(द) सुभाषचन्द्र बोस
**उत्तर - (ब) जवाहर लाल नेहरू**

**प्रश्न 43. किस यूरोपीय देश को रोटी की डलिया के नाम से जाना जाता है?**
(अ) यूक्रेन
(ब) फिनलैण्ड
(स) फ्रांस
(द) कनाडा
**उत्तर - (अ) यूक्रेन**

**प्रश्न 44. पाक जलसंधि किस-किस को जोड़ती है?**
(अ) अण्डमान सागर एवं दक्षिण चीन सागर
(ब) मन्नार एवं बंगाल की खाड़ी
(स) दक्षिण चीन एवं फिलीपीन्स सागर
(द) बेरिंग सागर एवं चुकसी सागर
**उत्तर - (ब) मन्नार एवं बंगाल की खाड़ी**

**प्रश्न 45. कील नहर कहां स्थित है?**
(अ) स्वीडन
(ब) भारत
(स) जर्मनी
(द) पनामा
**उत्तर - (स) जर्मनी**

**प्रश्न 46. हुंडरू जलप्रपात किस नदी पर स्थित है?**
(अ) शरावती नदी
(ब) चम्बल नदी
(स) टोंस नदी
(द) स्वर्णरेखा नदी
**उत्तर - (द) स्वर्णरेखा नदी**

**प्रश्न 47. केन्द्रीय कृषि मौसम विज्ञान केन्द्र कहां स्थित है?**
(अ) कानपुर
(ब) पूना
(स) लखनऊ
(द) शिमला
**उत्तर - (ब) पूना**

**- सुजय जैन**
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करते हैं।)

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

# अर्थशास्त्र

**प्रश्न 1. निम्न में से किसे अंतर्राष्ट्रीय करेंसी के रूप में 'कागजी स्वर्ण' के नाम से जाना जाता है?**
(अ) डॉलर
(ब) विशेष आहरण अधिकार
(स) यूरो
(द) येन

**उत्तर - (ब) विशेष आहरण अधिकार**

**व्याख्या -** 1969 में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के नियंत्रण में विशेष आहरण अधिकार का सृजन किया गया।

**प्रश्न 2. जब किसी अर्थव्यवस्था में व्यापार घाटा और राजकोषीय घाटा दोनों हो तो उसे कहा जाता है -**
(अ) दोहरा घाटा
(ब) पूंजीगत घाटा
(स) चालू खातागत घाटा
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**उत्तर - (अ) दोहरा घाटा**

**प्रश्न 3. निम्न में से किस वित्तीय वर्ष में भारतीय रुपये का दो बार अवमूल्यन किया गया?**
(अ) 1966-67
(ब) 1991-92
(स) 1990-91
(द) 1989-90

**उत्तर - (ब) 1991-92**

**व्याख्या -** 1 जुलाई व 3 जुलाई 1991 को रुपये का दो चरणों में 18-19 प्रतिशत का अवमूल्यन किया गया।

**प्रश्न 4. सार्वजनिक वस्तुओं के संबंध में असत्य कथन बताइये -**
(अ) ये गैर प्रतिस्पर्धा होती हैं। अर्थात् एक व्यक्ति दूसरों की संतुष्टि को कम किये बिना अपनी संतुष्टि बढ़ा सकता है।
(ब) ये अवर्ज्य होती हैं अर्थात् किसी को इन वस्तुओं का लाभ उठाने से वर्जित करने का कोई तरीका नहीं है।
(स) सार्वजनिक वस्तुयें बिना किसी भुगतान के निःशुल्क प्राप्त होती हैं।
(द) ये वस्तुयें प्रतिस्पर्धी प्रकृति की होती हैं।

**उत्तर - (द) ये वस्तुयें प्रतिस्पर्धी प्रकृति की होती हैं।**

**प्रश्न 5. कथन - मुद्रा का अवमूल्यन निर्यात को बढ़ाने के लिये किया जाता है। कारण - मुद्रा के अवमूल्यन के कारण विदेशी बाजार में देशी वस्तुयें सस्ती हो जाती हैं।**
(अ) कथन सही और कारण गलत है।
(ब) कथन गलत और कारण सही है।
(स) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
(द) कथन और कारण दोनों सही है, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।

**उत्तर - (स) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।**

**व्याख्या -** अवमूल्यन का अर्थ है, विदेशी मुद्रा की तुलना में देशी मुद्रा के मूल्य में कमी होना।

**प्रश्न 6. रुपये के अवमूल्यन से आपात में कमी आयेगी, क्योंकि आयतित वस्तुओं की राज्यों में कीमत अधिक होगी, साथ ही विदेशों में वही वस्तुयें सस्ती होंगी। अतः निर्यात में वृद्धि होगी। निम्न विशेषतायें किस विनिमय प्रणाली से संबंधित हैं -**
(1) इस विनिमय दर व्यवस्था में विनिमय दर का निर्धारण सरकार के द्वारा किया जाता है।
(2) इस विनिमय प्रणाली में जब सरकार द्वारा विनिमय दर में वृद्धि की जाती है, तो इसे मुद्रा का अवमूल्यन कहते हैं।
(अ) स्थिर विनिमय दर
(ब) परिवर्तनशील विनिमय दर
(स) प्रबंधित तिरती विनिमय दर
(द) वास्तविक विनिमय दर

**उत्तर - (अ) स्थिर विनिमय दर**

**प्रश्न 7. ब्रेटन वुड्स प्रणाली के अंतर्गत निम्न में से किस संगठन/संगठनों की स्थापना हुई है?**
(अ) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(ब) विश्व बैंक
(स) यूनेस्को
(द) अ एवं ब

**उत्तर - (द) अ एवं ब**

**प्रश्न 8. विनिमय दर की सर्वोत्तम परिभाषा निम्न में से कौनसी है?**
(अ) एक देश से दूसरे देश में पूंजी का संचलन।
(ब) घरेलू मुद्रा के मूल्य में विदेशी मुद्रा में सापेक्ष गिरावट।
(स) एक निश्चित समय में किसी देश का अन्य देश के साथ आयात-निर्यात का अनुपात।
(द) विदेशी मुद्रा की एक इकाई क्रय में खर्च हुई घरेलू मुद्रा की कुल इकाई।

**उत्तर - (द) विदेशी मुद्रा की एक इकाई क्रय में खर्च हुई घरेलू मुद्रा की कुल इकाई।**

**व्याख्या -** दूसरे देश की मुद्रा के रूप में प्रथम देश की मुद्रा की कीमत को विनिमय दर कहा जाता है। चूंकि यह दो मुद्राओं के बीच एक प्रतिसाम्य की स्थिति होती है, इसीलिये इसे दो में से किसी भी प्रकार से परिभाषित किया जा सकता है।

**प्रश्न 9. विनिमय दर के संबंध में निम्न में से असत्य कथन बताइये -**
(अ) किसी वस्तु की देशी कीमत स्तर और विदेशी कीमत स्तर के अनुपात को वास्तविक विनिमय दर कहा जाता है।
(ब) किसी देश की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा की माप के लिये वास्तविक विनिमय दर का प्रयोग किया जाता है।
(स) वास्तविक विनिमय दर एक से अधिक होने पर विदेशों की तुलना में देशी वस्तुयें महंगी होंगी।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**उत्तर - (स) वास्तविक विनिमय दर एक से अधिक होने पर विदेशों की तुलना में देशी वस्तुयें महंगी होंगी।**

**व्याख्या -** यदि वास्तविक विनिमय दर एक से अधिक है तो अपने देश की तुलना में विदेश में वस्तुयें अधिक महंगी होंगी।

**प्रश्न 10. निम्नलिखित में से सही जोड़ी बताइये -**
**शब्द**
(अ) व्यापार घाटा
(ब) अदृश्य घाटा
(स) गैर उपदान आय
(द) उपरोक्त सभी
**अर्थ**
(अ) आयात का निर्यात से अधिक होना
(ब) सेवाओं का व्यापार
(स) पर्यटन

**उत्तर - (द) उपरोक्त सभी**

**प्रश्न 11. निम्न में से किसे पूंजीगत खाते के अंतर्गत नहीं रखा जाता है -**
(अ) विदेशी निवेशकों द्वारा भारत में निवेश करना।
(ब) भारत द्वारा विदेशों से ऋण लेना।
(स) भारत द्वारा विदेशों से हथियार खरीदना।
(द) भारतीय निवेशकों द्वारा विदेशी बंध पत्रों को खरीदना।

**उत्तर - (स) भारत द्वारा विदेशों से हथियार खरीदना।**

**प्रश्न 12. रुपये की परिवर्तनीयता से तात्पर्य है -**
(अ) रुपये को अन्य मुद्राओं और अन्य प्रमुख मुद्राओं को रुपये में मुफ्त रूप से परिवर्तन की अनुमति।
(ब) रुपये के बदले सोना प्राप्त करना।
(स) रुपये के मूल्य को बाजार की शक्तियों से निर्धारित करना
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर - (अ) रुपये को अन्य मुद्राओं और अन्य प्रमुख मुद्राओं को रुपये में मुफ्त रूप से परिवर्तन की अनुमति।**

**प्रश्न 13. 'बंद अर्थव्यवस्था' वह अर्थव्यवस्था है, जिसमें**
(अ) मुद्रा पूर्ति पूर्णतः नियंत्रित होती है।
(ब) घाटे की वित्त व्यवस्था होती है।
(स) केवल निर्यात होता है।
(द) न तो निर्यात और न ही आयात होता है।

**उत्तर - (द) न तो निर्यात और न ही आयात होता है।**

**व्याख्या -** बंद अर्थव्यवस्था में विदेशों से व्यापार नहीं होता है।

**प्रश्न 14. किसी देश का अदायगी संतुलन (भुगतान संतुलन) किसका अभिलेख है?**
(अ) किसी देश का शेष विश्व के साथ आर्थिक लेनदेन का।
(ब) एक देश का दूसरे देश की सरकार के बीच आर्थिक लेनदेन का।
(स) एक देश से दूसरे देश को पूंजी का संचलन।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर - (अ) किसी देश का शेष विश्व के साथ आर्थिक लेनदेन का।**

**प्रश्न 15. भुगतान संतुलन के खाते में निम्न में से कौनसी मदें चालू खाते में रहती हैं -**
(अ) वस्तुओं के आयात-निर्यात
(ब) सेवाओं का आयात-निर्यात
(स) अंतरण अदायगी
(द) उपरोक्त सभी

**उत्तर - (द) उपरोक्त सभी**

**प्रश्न 16. निम्न में से सही कथन बताइये-**
(अ) राजस्व प्राप्तियों के ऊपर राजस्व व्यय के अधिशेष को राजस्व घाटा कहते हैं।
(ब) राजस्व घाटे में केवल इन्हीं लेनदेन को सम्मिलित किया जाता है, जिससे सरकार के आय-व्यय पर प्रभाव पड़ता है।
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर - (स) उपरोक्त दोनों**

**प्रश्न 17. सरकारी बजट में राजस्व घाटा उच्च होने के कारण -**
(अ) सरकारी ऋण और ब्याज दायित्वों में वृद्धि होगी।
(ब) सरकार पूंजीगत व्यय अथवा लोक कल्याण संबंधी व्यय में कटौती कर सकती है।
(स) अर्थव्यवस्था के विकास की दर धीमी होगी।
(द) उपरोक्त सभी घटनायें घटित होंगी।

**उत्तर - (द) उपरोक्त सभी घटनायें घटित होंगी।**

**प्रश्न 18. संघीय बजट में राजकोषीय घाटे से तात्पर्य है -**
(अ) कुल व्यय और ऋण ग्रहण को छोड़कर कुल प्राप्तियों का अंतर।
(ब) राजस्व व्यय में से ब्याज अदायगी को घटाने के बाद प्राप्त अंतर।
(स) चालू व्यय और चालू राजस्व में अंतर।
(द) सरकार को कुल प्राप्तियों की तुलना में कुल व्यय की अधिकता।

**उत्तर - (अ) कुल व्यय और ऋण ग्रहण को छोड़कर कुल प्राप्तियों का अंतर।**

**प्रश्न 19. भारत सरकार के बजट के कुल घाटे में सबसे अधिक योगदान है -**
(अ) राजकोषीय घाटे का
(ब) राजस्व घाटे का
(स) प्राथमिक घाटे का
(द) पूंजीगत घाटे का

**उत्तर - (अ) राजकोषीय घाटे का**

**प्रश्न 20. संघ के बजट के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा व्यय/से व्यय गैर योजना व्यय के अंतर्गत आता है/आते हैं?**
(अ) रक्षा व्यय
(ब) ब्याज अदायगी
(स) वेतन तथा पेंशन
(द) उपरोक्त सभी

**उत्तर - (द) उपरोक्त सभी**

**व्याख्या -** पहले बजटीय दस्तावेज में कुल राजस्व व्यय को योजनागत और गैर योजनागत व्यय मदों में बांटा जाता था। गैर योजनागत व्यय राजस्व व्यय का सबसे महत्वपूर्ण घटक होता है।

**प्रश्न 21. केन्द्रीय बजट के राजस्व व्यय की सबसे बड़ी मद होती है -**
(अ) रक्षा व्यय
(ब) ब्याज अदायगी
(स) मुख्य उपदान
(द) राज्यों को अनुदान

**उत्तर - (ब) ब्याज अदायगी**

**प्रश्न 22. केन्द्रीय बजट में निम्नलिखित में से कौनसी मदें पूंजीगत प्राप्तियों के अंतर्गत नहीं आती हैं -**
(अ) अंतर्राष्ट्रीय संगठन से प्राप्त कर्ज।
(ब) सार्वजनिक उपक्रम के शेयरों की बिक्री से प्राप्त धन।
(स) वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात से प्राप्त धन।
(द) उपरोक्त सभी।

**उत्तर - (स) वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात से प्राप्त धन।**

**प्रश्न 23. सरकार द्वारा किये जाने वाले किस व्यय के परिणामस्वरूप भौतिक या वित्तीय परिसंपत्तियों का सृजन अथवा वित्तीय दायित्व में कमी आती है?**
(अ) राजस्व व्यय
(ब) पूंजीगत व्यय
(स) योजना व्यय
(द) गैर योजनांतर्गत व्यय

**उत्तर - (ब) पूंजीगत व्यय**

**प्रश्न 24. 'मिशन सहकार' निम्न में से किससे संबंधित है?**
(अ) कृषकों की दोगुनी आय।
(ब) तपेदिक का उन्मूलन।
(स) संपूर्ण ग्रामीण विद्युतीकरण।
(द) उपरोक्त सभी।

**उत्तर - (अ) कृषकों की दोगुनी आय।**

**प्रश्न 25. राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के बारे में असत्य कथन बताइये -**
(अ) यह केन्द्रीय कृषि मंत्रालय का शीर्ष वित्त पोषण संगठन है।
(ब) यह भारतीय संसद के एक अधिनियम के तहत स्थापित एक वैधानिक निगम है।
(स) यह कृषि उत्पादों के उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन, भंडारण निर्यात और आयात के लिये कार्यक्रम बनाता है।
(द) उपरोक्त में से कोई भी नहीं।

**उत्तर - (द) उपरोक्त में से कोई भी नहीं।**

**व्याख्या -** इस निगम की स्थापना 1962 में की गई है।

**प्रश्न 26. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के बारे में सत्य कथन बताइये -**
(अ) विश्व आर्थिक मंच के तहत पेरिस में इसे स्थापित किया गया है।
(ब) यह उपाय ऊर्जा सहित वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को भी बढ़ावा देता है।
(स) यह एक स्वायत्त संस्था है।
(द) ब एवं स

**उत्तर - (द) ब एवं स**

**प्रश्न 27. स्वयं प्रभा पोर्टल संबंधित है -**
(अ) शिक्षकों के लिये डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर
(ब) डायरेक्ट टू होम के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक चैनल प्रदान करना।
(स) नेशनल ऑनलाइन एजुकेशन प्लेटफार्म
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**उत्तर - (ब) डायरेक्ट टू होम के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक चैनल प्रदान करना।**

**प्रश्न 28. निम्न कथनों में से असत्य कथन बताइये -**
(अ) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 सार्वजनिक वितरण प्रणाली का कानूनी आधार है।
(ब) गन्ना का मूल्य निर्धारण, आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत गन्ना आदेश 1966 द्वारा किया जाता है।
(स) कृषि लागत और मूल्य आयोग एक वैधानिक निकाय है।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**उत्तर - (स) कृषि लागत और मूल्य आयोग एक वैधानिक निकाय है।**

**- डॉ. माया राठी**

(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

# हिन्दी

**1. 'ण' का उच्चारण स्थान है?**
अ. तालु ब. मूर्धा
स. वर्त्स द. कंठ
**उत्तर- ब. मूर्धा**

**2. निम्न में से नासिक्य व्यंजन कौनसा है?**
अ. व ब. ण
स. ग द. ज
**उत्तर- ब. ण**

**3. मनोरम का सन्धि विच्छेद है?**
अ. मल+ओरम ब. मन+रम
स. मनो+रम द. मनः+रम
**उत्तर- द. मनः+रम**

**4. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए?**
अ. दीर्घायु ब. दीरघायु
स. दीघायु द. दीर्घीयु
**उत्तर- अ. दीर्घायु**

**5. निम्न में से कौनसा घोष वर्ण है?**
अ. ख ब. च
स. ग द. ठ
**उत्तर- स. ग**

**6. अभ्युदय शब्द में कौनसी संधि है?**
अ. गुण ब. अयादि
स. यण् द. दीर्घ
**उत्तर- स. यण् संधि**

**7. निश्चल में प्रयुक्त संधि का नाम है?**
अ. गुण संधि
ब. विसर्ग संधि
स. दीर्घ संधि
द. वृद्धि संधि
**उत्तर- ब. विसर्ग संधि**

**8. कष्टसाध्य में कौनसा समास है?**
अ. तत्पुरुष ब. कर्मधारय
स. द्वंद द. अव्ययी भाव
**उत्तर- अ. तत्पुरुष**

**9. 'महाजन' में कौनसा समास है?**
अ. अव्ययी भाव ब. कर्मधारय
स. बहुव्रीहि द. द्वंद समास
**उत्तर- ब. कर्मधारय समास**

**10. 'पंजाब' में कौनसा समास है?**
अ. कर्मधारय ब. बहुव्रीहि
स. द्विगु द. द्वंद समास
**उत्तर- स. द्विगु**

**11. अर्ध के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं?**
अ. 3 ब. 5
स. 6 द. 8
**उत्तर- द. 8**

**निम्नलिखित शब्दों का सही संधि विच्छेद क्या है।**

**12. पावक**
अ. पा+वक ब. पौ+अक
स. पो+अक द. पाव+क
**उत्तर- ब. पौ+अक**

**13. सदैव**
अ. सदा+एव ब. स+दैव
स. सद्+ऐव द. सदा+व
**उत्तर- अ. सदा+एव**

**14. स्वागत**
अ. स्व+आगत
ब. सु+आगत
स. स्वा+गत
द. इनमें को कोई नहीं
**उत्तर- ब. सु+आगत**

**15. प्रत्येक**
अ. प्र+त्येक ब. प्रत्य+एक
स. प्रति+एक द. प्रत+एक
**उत्तर- स. प्रति+एक**

**16. गत्यावरोध**
अ. गति+अवरोध
ब. गत्य+वरोध
स. गति+वरोध
द. इनमें से कोई नहीं
**उत्तर- अ. गति+अवरोध**

**निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची का चयन कीजिए।**

**17. काढ़ा**
अ. अकौआ ब. रस
स. पानी द. निचोड़
**उत्तर- द. निचोड़**

**18. कामदेव**
अ. मन्मथ ब. भगीरथ
स. कृतांत द. वरूण
**उत्तर- अ. मन्मथ**

**19. यति**
अ. सती ब. संन्यासी
स. ब्राह्मण द. भिखारी
**उत्तर- ब. संन्यासी**

**20. पत्ता**
अ. किसलय ब. प्राज्ञ
स. नीरव द. भती
**उत्तर- अ. किसलय**

**21. कौआ**
अ. परिजात ब. वैधानर
स. कंदर्प द. पिशुन
**उत्तर- द. पिशुन**

**22. द्रौपदी**
अ. अपणा ब. मेदिनी
स. याज्ञसेनी द. कामिनी
**उत्तर- स. याज्ञसेनी**

**23. मंदिरा**
अ. वारूणी ब. अंतक
स. क्षणदा द. अपवर्ग
**उत्तर- अ. वारूणी**

**24. खर**
अ. मूर्ख ब. गधा
स. कुंठित द. रावण
**उत्तर- ब. गधा**

**25. जीवन**
अ. आत्मा ब. वृतांत
स. जीव द. जिंदगी
**उत्तर- द. जिंदगी**

**26. इनमें से किस बोली का संबंध बिहारी हिन्दी से नहीं है?**
अ. अवधी ब. मगही
स. भोजपुरी द. मैथली
**उत्तर- अ. अवधी**

**27. इनमें से कौन प्राचीनतम भाषा है?**
अ. हिन्दी ब. उर्दू
स. प्राकृत द. वैदिक संस्कृत
**उत्तर- द. वैदिक संस्कृत**

**28. हिन्दी भाषा की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से मानी जाती है?**
अ. मगही ब. शौर सेनी
स. ब्राचड़ द. खस
**उत्तर- ब. शौर सेनी**

**29. देवनागरी का विकास किस लिपि से हुआ है?**
अ. खरोष्ठी ब. ब्राम्ही
स. चित्रलिपि द. गुरूमुखी
**उत्तर- ब. ब्राम्ही**

**30. देवनागरी लिपि में कुल वर्ण की संख्या है?**
अ. 50 ब. 52
स. 57 द. 60
**उत्तर- ब. 52**

**31. निम्नलिखित में से कौन भारोपीय परिवार की भाषा नहीं है?**
अ. मराठी ब. हिन्दी
स. मलयालम द. गुजराती
**उत्तर- स. मलयालम**

**32. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए?**
अ. अनुक्रम ब. अनकृम
स. अनुकर्म द. अनक्रर्म
**उत्तर- अ. अनुक्रम**

**33. अघोष वर्ण कौनसा है?**
अ. अ ब. ज
स. ह द. स
**उत्तर- द. स**

**34. गिरीश का सही संधि-विच्छेद है?**
अ. गिरि+इश ब. गिरि+ईश
स. गिर्+इश द. गिर्+ईश
**उत्तर- ब. गिरि+ईश**

**35. 'ञ' वर्ण किन वर्णों के संयोग से बना है?**
अ. ज+ञ ब. ज्+ञ
स. ज+घ द. ज+न्य
**उत्ता- ब. ज्+ञ**

**36. 'जितेन्द्रिय' में कौनसा समास है?**
अ. द्वंद ब. बहुव्रीहि
स. तत्पुरुष द. कर्मधारय
**उत्तर- ब. बहुव्रीहि**

**37. कौनसा शब्द देशज नहीं है?**
अ. डिबरी ब. पगड़ी
स. ढोर द. पुष्कर
**उत्तर- द. पुष्कर**

**38. 'परीक्षा' शब्द निम्नलिखित वर्गों में से किस वर्ग में आता है?**
अ. तत्सम ब. तद्भव,
स. देशज द. विदेशज
**उत्तर- अ. तत्सम**

**39. शब्द जब वाक्य में प्रयुक्त होने की योग्यता प्राप्त करता है, तो उसे कहा जाता है?**
अ. वाक्य ब. ध्वनि
स. पद द. समास
**उत्तर- स. पद**

**40. अर्धमागधी अपभ्रंश से विकसित बोली है?**
अ. बांगरू ब. बघेली
स. ब्रजभाषा द. भोजपुरी
**उत्तर- ब. बघेली**

**41. पश्चिमी हिन्दी की दो बोलियों का सही युग्म है?**
अ. कन्नौजी+अवधी
ब. ब्रज+बघेली
स. छत्तीसगढ़ी+बांगरू
द. खड़ी बोली+बुंदेली
**उत्तर- द. खड़ी बोली+बुंदेली**

**42. 'मगही' किस हिन्दी प्रदेश की बोली है?**
अ. मध्यप्रदेश ब. राजस्थान
स. बिहार द. छत्तीसगढ़
**उत्तर- स. बिहार**

**43. इनमें से किसको संविधान की अष्टम अनुसूची में शामिल नहीं किया गया?**
अ. डोंगरी ब. मैथिली
स. ब्रज द. असमी
**उत्तर- स. ब्रज**

**44. विकास की दृष्टि से प्राकृत की पूर्वकालीन अवस्था का नाम है?**
अ. पाली ब. संस्कृत
स. हिन्दी द. अवहट्ट
**उत्तर- अ. पाली**

**45. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए?**
अ. जेष्ठ ब. ज्येस्ठ
स. जेठ द. ज्येष्ठ
**उत्तर- द. ज्येष्ठ**

**46. इनमें से कौनसा युग्म अघोष ध्वनि है?**
अ. ग, घ ब. ड, ढ
स. प, फ द. द, घ
**उत्तर- स. प, फ**

**47. 'ण' ध्वनि का उच्चारण स्थान है?**
अ. मूर्धन्य ब. तालव्य
स. दन्त्य द. ओष्ठय
**उत्तर- ब. तालव्य**

**48. 'अवनत' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है?**
अ. नत ब. अ
स. अव द. अवन
**उत्तर- स. अव**

**49. अपभ्रंश में कुल कितने स्वर थे?**
अ. 8 ब. 12
स. 10 द. 9
**उत्तर- अ. 8**

**50. किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?**
अ. अपवाद ब. पराजय
स. प्रभाव द. ओढ़ना
**उत्तर- द. ओढ़ना**

**51. मृदुल का विलोम है?**
अ. कठिन ब. खराब
स. रूक्षर द. कठोर
**उत्तर- द. कठोर**

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं।)

# जनजाति कल्याण केंद्र द्वारा किये जा रहे उल्लेखनीय कार्य - राज्यपाल

## जनजाति कल्याण केंद्र का उद्देश्य युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाना - मुख्यमंत्री

डिंडौरी, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने डिंडौरी जिले के बरगांव में नर्मदांचल विद्यापीठ के नवीन परिसर एवं छात्रावास का शिलान्यास किया। उन्होंने सिलगी नदी पर निर्मित नवीन घाट एवं सीढ़ी निर्माण कार्य का लोकार्पण कर गौ-शाला, निर्माणाधीन स्कूल परिसर एवं छात्रावास का निरीक्षण भी किया। बरगांव में साउथ ईस्ट कोल्ड फील्ड लिमिटेड बिलासपुर के सीएसआर मद से लगभग 18 करोड़ रुपये लागत से नर्मदांचल विद्यापीठ स्कूल एवं छात्रावास का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में हुआ कार्य

राज्यपाल ने कहा कि जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल बरगांव समाज के विकास में सतत रूप से कार्य कर रहा हैं। यहां शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण-संरक्षण सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं। इसके लिए संस्था से जुड़े सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। राज्यपाल ने नर्मदांचल विद्यापीठ की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने राज्य शासन द्वारा संचालित सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम उल्लेख करते हुए उपस्थित जनजातीय बंधुओं को अनिवार्य रूप से अपनी एवं अपने परिजन की सिकल सेल जांच कराने एवं अन्य को भी जांच के लिये प्रेरित किया। राज्यपाल ने केंद्र सरकार के लक्ष्य अनुसार वर्ष 2025 तक टीवी एवं 2047 तक सिकल सेल का सम्पूर्ण उन्मूलन करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वे वर्ष 2006 में बरगांव आए थे, तब से लेकर अब तक इस जनजाति कल्याण केंद्र के स्वरूप में काफी बदलाव आ चुका है। उस दौरान उनके साथ सुदर्शन जी एवं पूज्य स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि गौ-शाला भ्रमण के दौरान देखा कि परिसर में पर्यावरण-संरक्षण के लिए पीपल के वृक्ष लगाए गए हैं, जो ऑक्सीजन बैंक का कार्य कर रहे हैं।

जनजाति कल्याण केंद्र बरगांव का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास कर नैतिक एवं मानवीय मूल्यों से निहित आदर्श नेतृत्व एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे वे जिम्मेदार नागरिक बन कर समाज एवं राष्ट्र की सेवा कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन का काम समाज-सेवा से ही किया जा सकता है। इन आयामों का पालन बखूबी यह केंद्र कर रहा है।

### भारत की गरिमामय संस्कृति

मुख्यमंत्री ने भारत की प्राचीन एवं गरिमामयी संस्कृति का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन संस्कृति से जुड़ने का कार्य यह प्रकल्प कर रहा है। नर सेवा, नारायण सेवा का भाव इस केंद्र में परिलक्षित होता है। उन्होंने मौजूद सभी लोगों से आह्वान किया कि वे इस पुण्य कार्य में अपनी सहभागिता दें और समाज को बेहतर बनाएं। मुख्यमंत्री ने जनजाति कल्याण केंद्र की बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए शासन की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# उन्नत खेती और अधिक उत्पादन के लिये कृषि मेले का लाभ लें

**इंदौर,** किसान मेले का अधिक से अधिक लाभ उठायें। उन्नत खेती और अधिक उत्पादन के लिये तकनीकी ज्ञान से स्वयं को समृद्ध करें। यह बात किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने इंदौर के कृषि महाविद्यालय में मालवा किसान मेला-2023 का शुभारंभ करते हुये कही। श्री पटेल ने मेले में किसानों को कृषि रत्न सम्मान से सम्मानित किया और किसान मेले का अवलोकन भी किया।

कृषि मंत्री ने कहा कि किसान मेले में उन्नत खेती करने के तरीके बताये जायेंगे। यहां बताया जायेगा कि आधुनिक खेती कैसे करें, गुणवत्तायुक्त उत्पादन कैसे हो, किसानों को अपनी उपज का अधिक से अधिक मूल्य कैसे प्राप्त हो, इन सभी का मेले में बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा। किसान भाइयों से आह्वान है कि वे मेले का अधिक से अधिक लाभ लें, जिससे उत्पादन वृद्धि में मदद मिल सके।

### वन रक्षक, क्षेत्र रक्षक एवं जेल प्रहरी परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न

# सामान्य ज्ञान और गणित

**प्रश्न 1. निम्न में से कौन म.प्र. के राज्यपाल नहीं रहे हैं?**
(अ) श्री भगवत दयाल शर्मा
(ब) श्री के.सी. रेड्डी
(स) कैलाश नाथ काटजू
(द) कुंवर मेहमूद अली खान
**उत्तर - (स) कैलाश नाथ काटजू**

**प्रश्न 2. निम्न में से कौनसा सुमेलित नहीं है -**

| भौगोलिक संकेतक | स्थान |
|---|---|
| (अ) चंदेरी साड़ी | - अशोकनगर |
| (ब) कड़कनाथ मुर्गा | - झाबुआ |
| (स) बाघ प्रिंट | - धार |
| (द) चिन्नीर चावल | - छिंदवाड़ा |

**उत्तर - (द) चिन्नीर चावल - छिंदवाड़ा**

**प्रश्न 3. निम्न में से किस कोयला क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रकार का कोयला पाया जाता है?**
(अ) मोहपानी कोयला क्षेत्र
(ब) सिंगरौली
(स) कोरार कोयला क्षेत्र
(द) कान्हन घाटी
**उत्तर - (ब) सिंगरौली कोयला क्षेत्र**

**प्रश्न 4. निम्न में से कौनसा राष्ट्रीय उद्यान म.प्र. और छत्तीसगढ़ के मध्य सीमा साझा करता है?**
(अ) सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान
(ब) पेंच राष्ट्रीय उद्यान
(स) संजय डुबरी राष्ट्रीय उद्यान
(द) पन्ना राष्ट्रीय उद्यान
**उत्तर - (स) संजय डुबरी राष्ट्रीय उद्यान**

**प्रश्न 5. किस तापमान से अधिक तापमान बढ़ने पर वायुमंडल की वायु में वाष्प ग्रहण करने की शक्ति दो-गुनी बढ़ जाती है?**
(अ) 20°C (ब) 25°C
(स) 20°F (द) 30°F
**उत्तर - (स) 20°F पर**

**प्रश्न 6. संचित ऊर्जा का पिरामिड किस आकार का बनता है?**
(अ) सीधा
(ब) उल्टा
(स) उल्टा व सीधा दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर - (अ) सदैव सीधा**

**प्रश्न 7. निम्न में से कौनसा सुमेलित नहीं है?**

| पशु | अभ्यारण/राष्ट्रीय उद्यान |
|---|---|
| (अ) कस्तूरी मृग | - शिकारी देवी अभ्यारण |
| (ब) हांगुल | - दाचीग्राम राष्ट्रीय उद्यान |
| (स) लाल पांडा | - बद्रीनाथ अभ्यारण |
| (द) सींग वाला गेंडा | - मानस अभ्यारण |

**उत्तर - (स) लाल पांडा - बद्रीनाथ अभ्यारण**

**प्रश्न 8. यूएन द्वारा किस दशक को जैव विविधता दशक घोषित किया गया?**
(अ) 2002-2020 (ब) 2011-2020
(स) 2014-2024 (द) 2015-2023
**उत्तर - (ब) 2011-2020**

**प्रश्न 9. 'सफर' नामक मोबाइल एप का संबंध किससे है?**
(अ) जल गुणवत्ता सूचकांक
(ब) पर्यटन सुविधाओं से
(स) वायु गुणवत्ता सूचकांक
(द) रेल यात्रियों हेतु
**उत्तर - (स) वायु गुणवत्ता सूचकांक**

**प्रश्न 10. निम्न में से 'धन विधेयक' के संबंध में कौनसा कथन असत्य है?**
(अ) इसे सिर्फ लोकसभा में ही पुर: स्थापित किया जा सकता है।
(ब) इसके पुर:स्थापना हेतु राष्ट्रपति की अनुमति या संस्तुति आवश्यक नहीं है।
(स) इसे अध्यक्ष प्रमाणन की आवश्यकता होती है।
(द) इसमें राज्यसभा कोई संशोधन या अस्वीकृति नहीं दे सकती।
**उत्तर - (ब) इसके पुर:स्थापना हेतु राष्ट्रपति की अनुमति या संस्तुति आवश्यक नहीं है।**

**प्रश्न 11. राज्यपाल के अध्यादेश जारी करने की शक्ति किस अनुच्छेद में वर्णित है -**
(अ) 213 (ब) 165
(स) 161 (द) 233
**उत्तर - (अ) 213**

**प्रश्न 12. निम्न में से कौनसा छंद 'काव्य छंद' भी कहा जाता है?**
(अ) उल्लाला छंद (ब) रोला छंद
(स) बरवै छंद (द) गीतिका छंद
**उत्तर - (ब) रोला छंद**

**प्रश्न 13. ''धनपति उहै जेहिक संसारू।**
**सबहि देइ नित, धन न भेजरू।।''**
**उपरोक्त पंक्तियों में कौनसा अलंकार है?**
(अ) विरोधाभास (ब) अन्योक्ति
(स) विशेषोक्ति (द) विभावना
**उत्तर - (स) विशेषोक्ति अलंकार**

**प्रश्न 14. निम्न वाक्यों में से शुद्ध वाक्य छांटिये -**
(अ) नीरज की सौभाग्यकांक्षिणी कन्या का विवाह तय हो गया।
(ब) यहां एकमात्र दो ही उपाय हैं।
(स) कुंभ के मेले में चार भोपाल के व्यक्ति भी थे।
(द) यदि वह आता तब मैं जाता।
**उत्तर - (अ) नीरज की सौभाग्यकांक्षिणी कन्या का विवाह तय हो गया।**

**प्रश्न 15. निम्न में से 'दिग्दिगन्त' का सही संधि विच्छेद कौनसा है?**
(अ) दिग् + दिगन्त (ब) दिक् + दिगन्त
(स) दी + अगन्त (द) दि + दिगन्त
**उत्तर - (ब) दिक् + दिगन्त**

**प्रश्न 16. 'हिरण शेर से डरता है' वाक्य में कौनसा कारक है?**
(अ) करण कारक
(ब) सम्प्रदान कारक
(स) अपादान कारक
(द) अधिकरण कारक
**उत्तर - (स) अपादान कारक**

**प्रश्न 17. 'सत्, रज् व तम् से परे' उपरोक्त वाक्यांश हेतु कौनसा एक शब्द उपयुक्त होगा?**
(अ) गुणातीत (ब) विजित
(स) मीमांसक (द) स्वयंभू
**उत्तर - (अ) गुणातीत**

**प्रश्न 18. निम्न में से अनेकार्थी शब्दों का कौनसा युग्म सही नहीं है?**
(अ) नाना - अनेक, मां के पिता
(ब) अयन - दिशा, वन
(स) सैंधव - नमक, घोड़ा
(द) नाक - स्वर्ग, नासिव
**उत्तर - (ब) अयन - दिशा, वन**

**प्रश्न 19. निम्न में से 'छाया' का विलोम क्या होगा?**
(अ) हवा (ब) चंदन
(स) आतप (द) विछाया
**उत्तर - (स) आतप**

**प्रश्न 20. सौर्यिक स्पेक्ट्रम की सम्पूर्ण ऊर्जा के अधिकतम भाग का प्रतिनिधित्व किसके द्वारा किया जाता है?**
(अ) दृश्य प्रकाश किरणें
(ब) अवरक्त किरणें
(स) पराबैंगनी किरणें
(द) माइक्रोवेव्स
**उत्तर - (ब) अवरक्त किरणें**

**प्रश्न 21. कैथोड किरणों के संबंध में कौनसा कथन सत्य है?**
(अ) ये किरणें विद्युत क्षेत्र में विक्षेपित होती हैं।
(ब) ये किरणें गैसों को आयनीकृत कर देती हैं।
(स) ये किरणें प्रतिदीप्ती उत्पन्न करती हैं।
(द) उपरोक्त सभी।
**उत्तर - (द) उपरोक्त सभी।**

**प्रश्न 22. 'लॉरेन्ज बल' का संबंध है -**
(अ) विद्युत क्षेत्र से
(ब) चुम्बकीय क्षेत्र तीव्रता
(स) विद्युतचालन से
(द) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर - (ब) चुम्बकीय क्षेत्र तीव्रता**

**प्रश्न 23. निम्न में से लोहे के किस यौगिक को 'हरा कसीस' कहा जाता है?**
(अ) फेरिक आक्साइड
(ब) आयरन सल्फाइड
(स) मोहर लवण
(द) फेरस सल्फेट
**उत्तर - (द) फेरस सल्फेट**

**प्रश्न 24. 'नाइक्रोम' मिश्रधातु में निम्न में से कौनसी धातु नहीं पाई जाती?**
(अ) टिन (ब) निकिल
(स) क्रोमियम (द) आयरन
**उत्तर - (अ) टिन**

**प्रश्न 25. 'फेनिल कीटोन्यूरिया' नामक बीमारी मुख्यत: किसमें पाई जाती है?**
(अ) महिलाओं में (ब) पुरुषों में
(स) बच्चों में (द) बुजुर्गों में
**उत्तर - (स) बच्चों में**

**प्रश्न 26. 'ग्लाइकोलिसिस' प्रक्रिया में बनने वाले ATP अणुओं में कितने अणुओं का शुद्ध लाभ होता है?**
(अ) 4 अणु (ब) 2 अणु
(स) 38 अणु (द) 1 अणु
**उत्तर - (ब) 2 अणु**

**प्रश्न 27. 'इलियोसीकल वाल्व' मानव शरीर में कहां पाया जाता है?**
(अ) इलियम व कोलन जोड़ पर
(ब) हृदय में
(स) छोटी आंत में
(द) प्रासनली में
**उत्तर - (अ) इलियम व कोलन जोड़ पर**

**प्रश्न 28. म.प्र. के शहर इंदौर में आयोजित प्रवासी भारतीय सम्मेलन कौनसा था?**
(अ) 18 वां (ब) 15 वां
(स) 22 वां (द) 17 वां
**उत्तर - (द) 17 वां**

**प्रश्न 29. पूर्व जस्टिस ऑफ इंडिया - रमेशचंद्र लाहोटी जिनका हाल ही में निधन हुआ - वे म.प्र. के किस जिले से संबंधित हैं?**
(अ) गुना (ब) इंदौर
(स) जबलपुर (द) नीमच
**उत्तर - (अ) गुना (जन्म स्थान)**

**प्रश्न 30. 'सिकल सेल उन्मूलन मिशन' की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कब की गई?**
(अ) 15 जुलाई 2022
(ब) 5 मार्च 2023
(स) 6 सितंबर 2022
(द) 15 नवंबर 2021
**उत्तर - (द) 15 नवंबर 2021**

**प्रश्न 31. मध्यप्रदेश के किस जिले को अपने अभियान ''मेरा बच्चा अभियान'' हेतु प्रधानमंत्री एक्सीलेंस अवॉर्ड 2021 मिला है?**
(अ) जबलपुर (ब) खरगोन
(स) दतिया (द) मंडला
**उत्तर - (स) दतिया**

**प्रश्न 32. गांवों को सौर ऊर्जा से बिजली की आपूर्ति में आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'सूर्य शक्ति अभियान' की शुरुआत किस राज्य के द्वारा की गई है?**
(अ) केरल (ब) म.प्र.
(स) तमिलनाडु (द) गुजरात
**उत्तर - (ब) म.प्र.**

**प्रश्न 33. देवेंद्र झाझरिया, जिन्हें 2022 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया, वे किस खेल से संबंधित हैं?**
(अ) भाला फेंक (ब) तैराकी
(स) तीरंदाजी (द) केनो सलोलेम
**उत्तर - (अ) भाला फेंक**

**प्रश्न 34. थॉमस कप जीतने वाली भारतीय टीम के साथ महत्वपूर्ण योगदान देने वाले खिलाड़ी प्रियांशु राजावत म.प्र. के किस जिले से संबंधित हैं?**
(अ) धार (ब) मंदसौर
(स) नर्मदापुरम (द) इंदौर
**उत्तर - (अ) धार**

**प्रश्न 35. एक रेखा AB का बिंदु A = (2, -3) तथा बिन्दु B = (10, y) तथा रेखा AB की लंबाई 10 इकाई हो तो y का मान ज्ञात कीजिए।**
(अ) -7 (ब) 5
(स) -9 (द) 8
**उत्तर - (स) -9**
**व्याख्या -** $(x_1, y_1) = (2, -3)$ $(x_2, y_2) = (10, y)$
d = 10 इकाई

$$\therefore d = \sqrt{(x_1 - x_2)^2 + (y_1 - y_2)^2}$$

$$d^2 = (x_1 - x_2)^2 + (y_1 - y_2)^2$$
$$(10)^2 = (2 - 10)^2 + (-3 - y)^2$$
$$100 = 64 + (-3 - y)^2$$
$$-3 - y = 6 \Rightarrow y = -9$$

**प्रश्न 36. यदि x = 20 तथा y = 18 हो तो** $\frac{x^2 + y^2 + xy}{x^3 - y^3}$ **का मान होगा -**
(अ) 0.5 (ब) 1
(स) 2 (द) 3
**उत्तर - (अ) 0.5**
**व्याख्या -**

$$\frac{x^2 + y^2 + xy}{x^3 - y^3} = \frac{x^2 + y^2 + xy}{(x - y)(x^2 + y^2 + xy)}$$

$$= \frac{1}{(20 - 18)} \Rightarrow \frac{1}{2} \Rightarrow 0.5$$

**प्रश्न 37. किसी संख्या को 9 से भाग देने पर भागफल और शेषफल का योग 13 प्राप्त होता है और उनके वर्गों का अन्तर भी 13 प्राप्त होता है। भागफल और शेषफल ज्ञात कीजिए?**
(अ) भागफल = 7 शेषफल = 6
(ब) भागफल = 8 शेषफल = 9
(स) भागफल = 5 शेषफल = 6
(द) भागफल = 10 शेषफल = 8
**उत्तर - (अ) भागफल = 7 शेषफल = 6**
**व्याख्या -** माना भागफल a तथा शेषफल b प्राप्त होता है।
$\therefore a + b = 13$ और $a^2 - b^2 = 13$
(i)
$\therefore (a - b)(a + b) = 13$
$\therefore (a - b) \times 13 = 13$
a - b = 1 ..... (ii)
सभी (i) और (ii) को हल करने पर
a = 7 b = 6
∴ भागफल = 7 और शेषफल = 6

**प्रश्न 38. एक धातु की आयताकार चादर 40 से.मी. × 15 से.मी. है। चारों कोनों से 4 से.मी. भुजा के समान वर्ग काटे गए हैं। शेष चादर को मोड़कर एक खुला आयताकार सन्दूक बनाया गया है। सन्दूक का आयतन होगा-**
(अ) 600 से.मी.$^3$ (ब) 760 से.मी.$^3$
(स) 896 से.मी.$^3$ (द) 800 से.मी.$^3$
**उत्तर - (स) 896 से.मी.$^3$**
**व्याख्या -** संदूक की लंबाई = 40 - (4 + 4)
=32 से.मी.
संदूक की चौड़ाई = 15 - (4 + 4) = 7 से.मी.
संदूक की ऊंचाई = 4 से.मी.
∴ संदूक का आयतन = 32 × 7 × 4
= 896 से.मी.$^3$

**प्रश्न 39. किसी कमरे में वायु का आयतन 200 मी.$^3$ है। कमरे की ऊंचाई 8 मी. है। कमरे के फर्श का क्षेत्रफल क्या है?**
(अ) 25 मी.$^2$ (ब) 28 मी.$^2$
(स) 30 मी.$^2$ (द) 32 मी.$^2$
**उत्तर - (अ) 25 मी.$^2$**
**व्याख्या -** कमरे में वायु का आयतन
= फर्श का क्षेत्र. × कमरे की ऊंचाई
∴ 200 = फर्श का क्षेत्रफल × 8
फर्श का क्षेत्रफल = $\frac{200}{8}$ = 25 मी.$^2$

**प्रश्न 40. एक व्यक्ति धारा की दिशा में तैरते हुए 15 कि.मी. एक घंटे में तैर लेता है। यदि धारा की गति 5 कि.मी./ घंटा हो, तो वही व्यक्ति उतनी ही दूरी धारा के विरुद्ध तैरते हुए कितने समय में तय कर लेगा?**
(अ) 1 घंटा 20 मिनट
(ब) 1 घंटा 30 मिनट
(स) 3 घंटा
(द) 4 घंटा
**उत्तर - (ब) 1 घंटा 30 मिनट**
**व्याख्या -** व्यक्ति की धारा के अनुकूल चाल
= 15 कि.मी. / घंटा
∴ धारा के प्रतिकूल व्यक्ति की चाल
= 15 - 5 = 10 कि.मी. / घंटा
∴ धारा के विरुद्ध तैरने में लगा समय
= 15 / प्रतिकूल चाल = $\frac{15}{10}$
= $1\frac{1}{2} \Rightarrow$ 1 घण्टा 30 मिनट

**- कृतिका जावरिया**
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

युगे युगीन भारत

# भारत में बनने जा रहा विश्व का सबसे बड़ा संग्रहालय

संग्रहालय किसी भी देश के प्राचीन इतिहास या किसी स्थान को समझने के लिए काफी बड़ी भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि कोई भी देश तब तक आगे नहीं बढ़ सकता जब तक वो अपने इतिहास, अपनी विरासत, अपनी संस्कृति के प्रति अगर वो गर्व करना नहीं जानता है। हाल ही में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 47वें अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नॉर्थ और साउथ ब्लॉक में आगामी राष्ट्रीय संग्रहालय के वर्चुअल वॉकथ्रू का उद्घाटन किया। इसमें बताया गया कि आगामी दिनों में देश में विश्व का सबसे बड़ा संग्रहालय बनने जा रहा है जिसे 'युगे युगीन भारत' नाम से जाना जाएगा।

देश में बनने जा रहे इस राष्ट्रीय संग्रहालय को लेकर वर्चुअल वॉकथ्रू वीडियो के माध्यम से इन बातों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई कि संग्रहालय में कहां क्या होगा। इसमें बताया गया कि आज जब हम अमृत काल से शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर हो रहे हैं तब भारत के अतीत की अनमोल विरासत वर्तमान के अथक प्रयासों और भविष्य की झलकियों की कहानियां समेटे विश्व का सबसे विशाल संग्रहालय 'युगे युगीन भारत' राष्ट्रीय संग्रहालय बनने जा रहा है।

वीडियो में बताया कि भारत में जहां दुनिया की सबसे बड़ी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, सबसे बड़ा स्टेडियम और 10 हजार फीट ऊंचाई पर बनी विश्व की सबसे लंबी टनल है, वहीं अब विश्व का सबसे बड़ा संग्रहालय 'युगे युगीन भारत' राष्ट्रीय संग्रहालय बनने जा रहा है।

### एक लाख 17 हजार वर्ग मीटर में होगा तैयार यह बेजोड़ संग्रहालय

इस संग्रहालय में कई खंड होंगे, जिसमें प्राचीन भारत खंड, भारतीय ज्ञान परंपरा, मध्य युगीन भारत, स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्र भारत का नव-निर्माण शामिल होंगे। इस संग्रहालय में हमारी युगों पुरानी गाथा को संग्रहित किया गया है। इसके बारे में जानकर हमें अवश्य ही गर्व महसूस होगा। विश्व के सबसे विशाल संग्रहालय में बनाए गए प्राचीन भारत खंड में हड़प्पा-मोहनजोदड़ो के सुनियोजित नगर व्यवस्था के सफर को दर्शाया जाएगा वहीं, भारतीय ज्ञान परंपरा के इतिहास में तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला विश्वविद्यालय के साथ वेदों, उपनिषदों की कहानी को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

इसमें बताया जाएगा कि हमारे पूर्वज कौन थे, जिन्होंने इस प्राचीन संस्कृति की नींव रखी, जिनके मार्गदर्शन में वैभवशाली सभ्यता का विकास हुआ, जिनके संरक्षण में ज्ञान-विज्ञान की अतुल संपदा विकसित हुई और जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास रचा। भारत का यह बेजोड़ संग्रहालय 1 लाख 17 हजार वर्ग मीटर के विस्तार में बनकर तैयार हो रहा है। इस ऐतिहासिक धरोहर के दोनों खंडों के 950 कक्षों में भारत की लगभग 5 हजार वर्ष पुरानी अतुल सांस्कृतिक ज्ञान संपदा संग्रहित की जा रही है।

### भारतीय ज्ञान परंपरा

यहां आपको भारत की उस ज्ञान परंपरा के बारे में जानने को मिलेगा जिसमें युगों पहले भारत ने सुनियोजित नगर व्यवस्था विकसित कर ली थी। वीडियो में बताया गया है कि यहां सिंधु-सरस्वती सभ्यता की

की जानकारी मिलेगी। क्या कभी सोचा है कि क्यों भारत में पर्वतों, समुद्रों, पेड़ों और नदियों की पूजा होती रही है? हजारों साल पहले ही हमारे विद्वान इस बात को जानते थे। वेदों, उपनिषदों में केवल अध्यात्मिक ही नहीं, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, ज्योतिष और विज्ञान जैसे सभी क्षेत्रों का ज्ञान समाहित है। यही नहीं ऋग्वेद में त्वचा रोग विशेषज्ञ ऋषि अपाला का वर्णन मिलता है, सुश्रुत की शल्य चिकित्सा, चरक के सिद्धांत और पतंजलि के अष्टांग योग की प्रासंगिकता हैरान करने वाली है। वहीं विश्व विद्यालयों का प्रचलन भारत में 2 हजार साल से भी पहले से था। तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला जैसे अनेक विश्वविद्यालयों को पूरे विश्व में ख्याति प्राप्त थी। राष्ट्रीय संग्रहालय में इस तरह की कई जानकारी के माध्यम से लोगों को भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित कराया जाएगा।

### ऐतिहासिक धरोहर

यहां वैभवशाली मौर्य साम्राज्य के उत्थान और विस्तार के साथ सातवाहन, पल्लव और कुषाण, गुप्त वंश का स्वर्णिम काल राष्ट्रकूट, चालुक्य, चेर, पांड्य वंश और कश्मीर आदि के शासकों की गौरव गाथाएं संकलित हैं। सोने की चिड़िया भारत का वैभवशाली गुप्त वंश हो या दक्षिण भारत के चोल, चेर, पांड्य वंश सभी के व्यापारिक संबंध पश्चिम में मिस्र, ग्रीस और रोम तक फैले थे। लोगों को इन सभी ऐतिहासिक धरोहरों से परिचित होने का मौका भी मिलेगा।

### मध्ययुगीन भारत

युग परिवर्तन के साथ मध्यकाल में प्रवेश करने पर राजपूतों की शौर्य गाथा के साथ सल्तनत और मुगल युग का इतिहास संकलित है। चौहान, प्रतिहार, परमार, सोलंकी, सिसोदिया और राजपूत राजाओं की केवल शौर्य गाथाएं ही प्रसिद्ध नहीं थीं, बल्कि उनके संरक्षण में कला, शिल्प, संस्कृति का भी अभूतपूर्व विकास हुआ। संग्रहालय में इसके बारे में भी जानकारी मिलेगी।

### युग परिवर्तन

राजपूतों, मराठों और मुगल शासकों के युग में उत्तर-पूर्वी भारत में अहोम शासन और दक्षिण में विजयनगर साम्राज्य का समृद्ध वास्तुशिल्प देखते हुए होयसल, यादव, मराठा शासकों का इतिहास भी यहां देखने को मिलेगा। इसके आगे परिवर्तन के उस दौर की जानकारी भी मिलेगी जब ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत में व्यापार की अनुमति मिली थी।

### स्वतंत्रता आंदोलन

इस संग्रहालय के पांचवें जोन में देखने को मिलेगा कि कैसे प्लासी और बक्सर की लड़ाइयों के साथ औपनिवेशिक शासन का विस्तार शुरू हुआ। 1760 से ही देश के संन्यासियों और फकीरों ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी से आजादी पाने के लिए ऐसा मोर्चा संभाला जिसे कंपनी 40 साल तक दबा नहीं सकी और 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बाद हर वर्ग के लोग अपने-अपने ढंग से आजादी की लड़ाई में आहुति देने उतर पड़े। लगभग 2 शताब्दी लंबे भारत के स्वाधीनता संग्राम की गाथाएं यहां संकलित मिलेंगी।

### स्वतंत्र भारत

वर्षों के संघर्ष के बाद भारत की आजाद हवा में स्वतंत्र तिरंगा लहराया। सच है कि स्वतंत्र भारत के आगे अनेक आर्थिक सामाजिक चुनौतियां थीं। हर चुनौती को पार करने के लिए सशक्त राष्ट्र का निर्माण करने के लिए स्वतंत्र भारत ने फिर से राष्ट्र को संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य बनाया और तब जाकर तैयार हुआ भारत का संविधान। इसके बारे में विस्तार से जानकारी मिलेगी।

### नव-निर्माण नव-प्रयास

विज्ञान और प्रौद्योगिकी में आधुनिक भारत नई ऊंचाइयां छू रहा है। नई दिशाओं में नए प्रयोगों से नए आयाम तय कर रहा है। राष्ट्र को सुरक्षित बनाने के नित नए प्रयास सतत जारी हैं। रक्षा के क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। अंतरिक्ष विज्ञान में ऊंची उड़ान, दिन-प्रतिदिन बढ़ता डिजिटल संसार, चिकित्सा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान, दिनों-दिन होता आर्थिक व्यापार विस्तार, शिक्षा का उत्थान, प्रसार इस जोन के अन्य कक्षों में क्रमशः संकलित होंगे।

इस प्रकार युगे युगीन भारत-विश्व का सबसे बड़ा संग्रहालय हमें देश के अतीत से लेकर आधुनिक युग तक की उन तमाम ऐतिहासिक घटनाओं, व्यक्तित्वों, विचारों और उपलब्धियों को पेश करेगा, जिन्होंने भारत के वर्तमान को बनाने में अपना अहम योगदान दिया है।

**- रश्मि रंजन**

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

## विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

## सामान्य ज्ञान-खेल

1. **ओलिंपिक खेलों में कुश्ती में भारत के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी हैं?**
(अ) सुशील कुमार
(ब) के.डी. जाधव
(स) बजरंग पूनिया
(द) योगेश्वर दत्त

2. **टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले बल्लेबाज हैं?**
(अ) मोहम्मद यूसुफ
(ब) बाबर आजम
(स) यूनिस खान
(द) जहीर अब्बास

3. **इनमें से किस वर्ष पहली बार यूरो कप का आयोजन किया गया था?**
(अ) वर्ष 1955 (ब) वर्ष 1960
(स) वर्ष 1962 (द) वर्ष 1975

4. **कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में बैडमिंटन में महिला एकल वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता हैं?**
(अ) पी.वी. सिंधु
(ब) कैरोलिना मारिन
(स) साइना नेहवाल
(द) क्रिस्टी गिलमोर

5. **फुटबॉल का प्रसिद्ध स्टेडियम माराकाना किस शहर में स्थित है?**
(अ) लंदन (ब) बार्सिलोना
(स) पेरिस (द) रियो डि जेनेरियो

6. **इनमें किस भारतीय महिला क्रिकेटर को विज्डन प्लेयर ऑफ द ईयर सूची में शामिल किया गया है?**
(अ) हरमनप्रीत कौर
(ब) स्मृति मंधाना
(स) दीप्ति शर्मा
(द) जेमिमा रोड्रिग्ज

7. **फॉर्मूला वन में मैक्स वर्स्टापेन किस टीम के लिए रेसिंग करते हैं?**
(अ) मर्सिडीज (ब) फेरारी
(स) मैक्लेरेन (द) रेडबुल

8. **टोक्यो ओलिंपिक में कौन-सा देश पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा था?**
(अ) अमेरिका (ब) जापान
(स) चीन (द) जर्मनी

9. **वर्ष 2021 में किस महिला खिलाड़ी ने यूएस ओपन एकल खिताब जीता था?**
(अ) नोआमी ओसाका
(ब) एमा राडुकानू
(स) सिमोना हालेप
(द) एंजेलिक कर्बर

10. **इस वर्ष एशियन कुश्ती चैम्पियनशिप का आयोजन किस देश में किया गया था?**
(अ) मंगोलिया (ब) अजरबेजान
(स) ईरान (द) कजाखस्तान

11. **इनमें से कौन भारतीय ओलिंपिक संघ का अध्यक्ष है?**
(अ) पी.टी. उषा
(ब) नरेंद्र बत्रा
(स) अभिनव बिंद्रा
(द) बाइचुंग भूटिया

12. **अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 हजार रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर हैं?**
(अ) मिताली राज
(ब) चार्लोट एडवर्ड्स
(स) डिएंड्रा डॉटिन
(द) मेग लेनिंग

13. **भारत ने कितनी बार एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है?**
(अ) एक बार (ब) दो बार
(स) तीन बार (द) चार बार

14. **पूर्व महिला टेनिस खिलाड़ी एना इवानोविक किस देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं?**
(अ) जर्मनी (ब) रूस
(स) यूक्रेन (द) सर्बिया

15. **ओलिंपिक खेलों में जिम्नास्टिक में सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक जीतने वाली खिलाड़ी हैं?**
(अ) सिमोन बाइल्स
(ब) कार्ली पैटरसन
(स) लेरिसा लातिनिना
(द) इनमें से कोई नहीं

16. **वर्ष 2021 में किस देश ने यूएफा नेशंस लीग का खिताब जीता था?**
(अ) इटली (ब) फ्रांस
(स) जर्मनी (द) डेनमार्क

17. **रणजी ट्रॉफी 2022 में किस बल्लेबाज ने सबसे ज्यादा रन बनाये हैं?**
(अ) मयंक अग्रवाल
(ब) सरफराज खान
(स) हनुमा विहारी
(द) रजत पाटीदार

18. **इस वर्ष कौन-सा देश पुरुष रग्बी वर्ल्डकप की मेजबानी करेगा?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) जापान
(स) इंग्लैंड (द) फ्रांस

19. **वेन रूनी किस देश के दिग्गज फुटबॉलर रह चुके हैं?**
(अ) स्पेन (ब) इंग्लैंड
(स) जर्मनी (द) स्वीडन

20. **होल्गर रूने किस देश के युवा टेनिस खिलाड़ी हैं?**
(अ) मैक्सिको (ब) डेनमार्क
(स) ग्रीस (द) सर्बिया

21. **बोरिस बेकर किस देश के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रह चुके हैं?**
(अ) अमेरिका (ब) स्विट्जरलैंड
(स) जर्मनी (द) पोलैंड

22. **इस वर्ष कतर ओपन का खिताब इनमें से किस खिलाड़ी ने जीता है?**
(अ) डेनिल मेदवेदेव
(ब) एंडी मरे
(स) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(द) एलेक्स डि मिनोर

23. **फीफा ने किस खिलाड़ी को वर्ष 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना है?**
(अ) किलियन एम्बापे
(ब) लियोनल मेसी
(स) करीम बेंजेमा
(द) लुका मोड्रिच

24. **इस वर्ष किस महिला खिलाड़ी ने बैडमिंटन में जर्मन ओपन खिताब जीता है?**
(अ) पीवी सिंधु (ब) आन से यंग
(स) अकाने यामागुची
(द) चेन यूफेई

25. **टोक्यो ओलिंपिक में बैडमिंटन में महिला एकल वर्ग का स्वर्ण पदक किसने जीता है?**
(अ) पीवी सिंधु
(ब) कैरोलिना मारिन
(स) ताइ जू यिंग (द) चेन यूफेई

### उत्तर

1. (ब), 2. (स), 3. (ब), 4. (अ), 5. (द), 6. (अ), 7. (द), 8. (स), 9. (ब), 10. (द), 11. (अ), 12. (ब), 13. (स), 14. (द), 15. (स), 16. (ब), 17. (अ), 18. (द), 19. (ब), 20. (ब), 21. (स), 22. (अ), 23. (ब), 24. (स), 25. (द)

**- पुष्पेंद्र कुमार सविता**

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

### भाला फेंक में विश्व के नंबर वन खिलाड़ी बने नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली,** भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा अब भाला फेंक खेल में विश्व के नंबर वन खिलाड़ी बन गए हैं। विश्व एथलेटिक्स द्वारा जारी पुरुष भाला फेंक रैंकिंग में नीरज अपने प्रतिद्वंद्वी और मौजूदा विश्व चैम्पियन एंडरसन पीटर्स को पछाड़कर पहली बार शीर्ष पायदान पर पहुंचे हैं। रैंकिंग में 1455 अंकों के साथ नीरज पहले स्थान पर हैं, जबकि एंडरसन पीटर्स 1433 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। रैंकिंग में चेक गणराज्य के जैकब वडलेज्च (1416) तीसरे स्थान पर हैं। चौथे स्थान पर जर्मनी के जूलियन वेबर और पांचवें स्थान पर पाकिस्तान के अरशद नदीम हैं।

### पारूल चौधरी स्टीपलचेज में बनीं विजेता

**न्यूयॉर्क,** भारत की एथलीट पारूल चौधरी ने अमेरिका में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता ट्रैक नाइट एनवायसी में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। प्रतियोगिता में पारूल ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। इस सत्र में यह पारूल का पहला खिताब है। पारूल ने स्पर्धा में 9 मिनट 41.88 सेकेंड का समय लेकर दौड़ पूरी की। पारूल अमेरिका में एशियाई खेलों की तैयारी कर रही हैं।

### कूकाबूरा गेंद से खेला जायेगा डब्ल्यूटीसी फाइनल

**लंदन,** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जाने वाला आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला ड्यूक की जगह कूकाबूरा गेंद से खेला जायेगा। दोनों टीमों ने फाइनल में कूकाबूरा गेंद का इस्तेमाल करने पर सहमति दी है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल मैच लंदन के द ओवल स्टेडियम में खेला जाना है। पिछले कुछ समय से इंग्लैंड की काउंटी टीमों द्वारा ड्यूक गेंदों की गुणवत्ता की शिकायतें मिल रही थीं, इसी कारण ड्यूक की जगह कूकाबूरा गेंद को तहजीब दी गई।

### चेन लॉन्ग ने लिया बैडमिंटन से संन्यास

**बीजिंग,** चीन के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी चेन लॉन्ग ने बैडमिंटन से संन्यास

ले लिया है। लॉन्ग ने संन्यास लेने की घोषणा करते हुए कहा कि यह मेरे लिए एक चुनौतीपूर्ण समय है। बैडमिंटन को अलविदा कहना मुश्किल है, लेकिन मैंने अपना निर्णय ले लिया है। लॉन्ग ने रियो ओलिंपिक में बैडमिंटन में पुरुष एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। इसके अलावा वे टोक्यो ओलिंपिक में रजत और लंदन ओलिंपिक में कांस्य पदक जीत चुके हैं। लॉन्ग ने बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों में दो-दो बार स्वर्ण पदक जीते हैं।

तीरंदाजी विश्वकप स्टेज - 2

# प्रथमेश जावकर ने जीता स्वर्ण पदक

**शंघाई,** भारत के युवा तीरंदाज प्रथमेश जावकर ने तीरंदाजी विश्वकप स्टेज-2 में स्वर्णिम प्रदर्शन किया है। प्रथमेश ने विश्वकप में पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। प्रथमेश ने इस स्पर्धा में विश्व के नंबर वन पुरुष तीरंदाज और नीदरलैंड्स के माइक स्कोलेसर को रोमांचक मुकाबले में 149-148 से हराया।

फाइनल में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। पहली बार वैश्विक स्तर पर खेल रहे प्रथमेश के सामने अनुभवी खिलाड़ी माइक स्कोलेसर को जीत का दावेदार माना जा रहा था। प्रथमेश ने मैच में सिर्फ एक अंक गंवाया। मैच के पहले चरण में दोनों खिलाड़ियों ने 29-29 अंक बंटोरे। इसके बाद दूसरे, तीसरे और चौथे चरण में दोनों निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और सटीक निशाने लगाते हुए 30-30 अंक हासिल किए।

मैच का पांचवां सेट निर्णायक साबित हुआ। पांचवें सेट में प्रथमेश ने धैर्यपूर्वक खेलते हुए एक बार फिर परफेक्ट निशाना लगाते हुए 30 अंक बटोरे, वहीं स्कोलेसर 29 अंक ही बटोर सके। प्रथमेश ने यह चरण अपने नाम कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

**ओजस और ज्योति भी बने चैम्पियन**

तीरंदाजी विश्वकप के दूसरे चरण में ओजस देवताले और ज्योति वेन्नाम की

- प्रथमेश ने पहली बार जीता है तीरंदाजी विश्वकप में स्वर्ण पदक।
- ओजस और ज्योति की जोड़ी ने इस वर्ष दूसरी बार विश्वकप में स्वर्ण पदक जीता है।
- भारतीय जोड़ी तुर्किये में आयोजित विश्वकप के पहले चरण में भी पहले स्थान पर रही थी।
- ज्योति का इस वर्ष विश्वकप में ये तीसरा स्वर्ण पदक है।

जोड़ी का स्वर्णिम सफर जारी रहा। ओजस और ज्योति की जोड़ी ने विश्वकप में कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। स्पर्धा के फाइनल में ओह योहून और किम जोंगहो की दक्षिण कोरियाई जोड़ी को 156-155 से हराया। फाइनल में दोनों टीमों ने पहले, दूसरे और तीसरे चरण में 39-39 अंक बटोरे। मैच के निर्णायक चौथे चरण में कोरियाई जोड़ी दबाव में आ गई और 38 अंक ही अर्जित कर सकी, जबकि भारतीय जोड़ी ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर 39 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया।

**अवनीत ने जीता कांस्य पदक**

प्रतियोगिता में भारत की युवा तीरंदाज अवनीत कौर ने कांस्य पदक जीता। अवनीत ने महिला कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में तुर्किये की इपेक तोमरूक को 147-144 के अंतर से हराया। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक दक्षिण कोरिया ने जीता, वहीं रजत पदक ब्रिटेन के नाम रहा।

### चेल्सी ने पांचवीं बार जीता महिला एफए कप टूर्नामेंट

**लंदन,** इंग्लैंड का फुटबॉल क्लब चेल्सी पांचवीं बार महिला एफए कप का चैम्पियन बन गया है। चेल्सी ने लंदन के वेम्बले स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मैच में एकमात्र गोल चेल्सी की स्ट्राइकर सैम केर ने किया। केर ने मैच के 68वें मिनट में पार्नेल हार्डर के पास को गोल में तब्दील कर चेल्सी को 1-0 की बढ़त दिलाई। मैच में पिछड़ने के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बराबरी हासिल करने के कई प्रयास किये, लेकिन वे चेल्सी की मजबूत रक्षापंक्ति को भेद नहीं सके। मैच 1-0 के स्कोर पर खत्म हुआ और चेल्सी ने यादगार जीत दर्ज की।

### फ्रेंच ओपन-2023 में नहीं खेलेंगे राफेल नडाल

**पेरिस,** स्पेन के स्टार खिलाड़ी और क्ले कोर्ट के सबसे सफल खिलाड़ी राफेल नडाल इस बार फ्रेंच ओपन में हिस्सा नहीं लेंगे। नडाल कमर की चोट के कारण 18 वर्षों में पहली बार फ्रेंच ओपन में नहीं खेल सकेंगे। नडाल ने बताया कि ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान कमर में लगी चोट से वह अब तक उबर नहीं पाये हैं। इसके अलावा नडाल ने कहा कि वर्ष 2024 उनके पेशेवर कैरियर का आखिरी साल होगा। राफेल नडाल के नाम सबसे ज्यादा 14 बार फ्रेंच ओपन जीतने का रिकॉर्ड है। नडाल ने वर्ष 2005 में पहली बार फ्रेंच ओपन जीता था।

# मैनचेस्टर सिटी ने सातवीं बार जीती प्रीमियर लीग

**मैनचेस्टर,** इंग्लैंड की सबसे लोकप्रिय फुटबॉल प्रतियोगिता इंग्लिश प्रीमियर लीग का खिताब मैनचेस्टर सिटी ने अपने नाम कर लिया। मैनचेस्टर सिटी ने लगातार तीसरी और कुल सातवीं बार यह प्रतियोगिता जीती है। मैनचेस्टर सिटी ने लीग में दो मैच शेष रहते खिताब पर कब्जा पक्का कर लिया है। मैनचेस्टर सिटी को लीग में दूसरे स्थान पर चल रही आर्सेनल की हार का फायदा मिला।

आर्सेनल को नॉटिंघम फॉरेस्ट ने 1-0 से हराया। इस हार के बाद आर्सेनल की अंक तालिका में शीर्ष पर आने की संभावना खत्म हो गई है, वहीं मैनचेस्टर सिटी का अंक तालिका में पहले स्थान पर रहना सुनिश्चित हो गया है। मैनचेस्टर सिटी ने इस टूर्नामेंट में अब तक 37 मैचों में 28 जीत के साथ 89 अंक हासिल किए हैं। वहीं आर्सेनल के लीग में 37 में से 25 मैच जीतकर 81 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी के लीग में एक तथा आर्सेनल का भी एक मैच बाकी है।

बीते छह सत्रों में मैनचेस्टर सिटी ने पांचवीं बार प्रीमियर लीग जीती है। इसके अलावा मैनचेस्टर सिटी ने दो बार एफए कप भी जीते हैं। कोच पेप गुआर्डिओला के मार्गदर्शन में मैनचेस्टर सिटी लगातार बढ़िया प्रदर्शन कर रही है। मैनचेस्टर सिटी के लिए इस सत्र में एर्लिंग हॉलेंड ने 36 गोल दाग कर एक सत्र में सबसे ज्यादा गोल दागने का रिकॉर्ड बनाया है। मैनचेस्टर सिटी को अब तीन जून को एफए कप फाइनल खेलना है।

# समीर वर्मा ने स्लोवेनिया ओपन में जीता स्वर्ण पदक

**जुब्लजाना,** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी समीर वर्मा ने स्लोवेनिया ओपन का खिताब अपने नाम किया है। समीर ने पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में ताइवान के सू ली यांग को 21-18, 21-14 से हराया।

समीर ने फाइनल मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन किया और अपने प्रतिद्वंद्वी को हावी होने का कोई मौका नहीं दिया। मैच का पहला गेम रोमांचक रहा। यांग ने इस गेम में कई शानदार शॉट्स जमाते हुए समीर को कड़ी टक्कर दी, लेकिन समीर ने अंत में गेम 21-18 से अपने नाम किया। मैच के दूसरे गेम में समीर ने यांग को पलटवार करने का कोई मौका नहीं दिया और गेम 21-14 से जीतकर खिताब अपने नाम किया।

टूर्नामेंट में रोहन कपूर और सिक्की

रेड्डी की भारतीय जोड़ी ने मिश्रित युगल वर्ग में रजत पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने टूर्नामेंट के फाइनल में डेनमार्क के जेस्पर टॉट और क्लारा ग्रेवसेन के हाथों 12-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। रोहन और सिक्की की जोड़ी ने पहली बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीता है।

इटालियन ओपन

# रूने को हराकर मेदवेदेव बने चैम्पियन

**रोम,** पिछले कुछ समय से बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे रूस के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव ने क्ले कोर्ट पर अपना पहला खिताब जीत लिया है। मेदवेदेव अब इटालियन ओपन के नए चैम्पियन बन गए हैं। मेदवेदेव ने इटालियन ओपन में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में डेनमार्क के युवा खिलाड़ी होल्गर रूने को 7-5, 7-5 से हराया। इस जीत के साथ मेदवेदेव ने फ्रेंच ओपन में अपना दावा मजबूती से पेश किया है।

बारिश के कारण इटालियन ओपन के फाइनल में देरी हुई, इससे मेदवेदेव के तेजतर्रार खेल में कोई अंतर नहीं आया। राफेल नडाल की अनुपस्थिति में मेदवेदेव को जोकोविच के साथ खिताब का दावेदार माना जा रहा था।

फाइनल मुकाबले में मेदवेदेव ने शुरुआत से ही रूने पर दबाव बनाये रखा। मैच के पहले सेट में मेदवेदेव ने होल्गर रूने के फाउल का फायदा उठाते हुए अंक



- डेनिल मेदवेदेव ने इस सत्र में पांच एटीपी खिताब जीते हैं।
- मेदवेदेव ने इससे पहले रॉटरडेम ओपन, दोहा ओपन, दुबई ओपन और मियामी मास्टर्स खिताब जीते हैं।
- क्ले कोर्ट पर मेदवेदेव का यह पहला खिताब है।
- इस जीत के साथ मेदवेदेव टेनिस रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आ गए हैं, वहीं कार्लोस अलकरेज नंबर वन खिलाड़ी बन गए हैं।

अर्जित किए। मेदवेदेव ने यह सेट 7-5 से जीता। दूसरे सेट में रूने ने पलटवार की कोशिश की और शुरुआत में अंक बंटोर कर मेदवेदेव को दबाव में लाने की कोशिश की, लेकिन मेदवेदेव ने एक बार फिर अपने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन कर रूने की सर्विस ब्रेक कर सेट 7-5 से जीतकर खिताब अपने नाम किया।

**रिबाकिना बनीं महिला वर्ग की विजेता**

इटालियन ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब कजाखस्तान की इलिना रिबाकिना ने जीता। रिबाकिना ने फाइनल में यूक्रेन की अनहेलिना कलिनिना को हराया। फाइनल मुकाबले में रिबाकिना की चुनौती के सामने कलिनिना ज्यादा देर तक टिक नहीं सकीं। रिबाकिना ने पहला सेट आसानी से 6-4 से जीत लिया। दूसरे सेट में भी रिबाकिना 1-0 से आगे थी, तभी कलिनिना चोटिल हो गईं। चोट के चलते कलिनिना मुकाबले से हट गईं और रिबाकिना को विजेता घोषित किया गया।

### भारतीय क्रिकेट टीम का नया किट स्पॉन्सर बना एडिडास

**मुंबई,** भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी पर अब एडिडास का लोगो नजर आयेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए नए किट स्पॉन्सर का ऐलान करते हुए कहा कि अब एडिडास टीम इंडिया का नया किट स्पॉन्सर होगा। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि एडिडास भारतीय टीम का नया किट प्रायोजक होगा। हम क्रिकेट के खेल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और दुनिया के प्रमुख स्पोर्ट्स वियर ब्रांड में से एक एडिडास के साथ साझेदारी करने के लिए उत्साहित हैं। एडिडास जून 2023 से अगले पांच वर्ष तक टीम इंडिया का किट स्पॉन्सर रहेगा। मौजूदा किट स्पॉन्सर किलर जींस के साथ करार 31 मई को समाप्त हो रहा है। बीसीसीआई ने इस करार को आगे नहीं बढ़ाया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

• ईरान ने •

## राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का सचिव बदला

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव पद पर नए अधिकारी को नियुक्त किया है। अली अकबर अहमदियां मौजूदा सचिव अली शमखानी का स्थान लेंगे जिन्हें हाल ही में एक जासूसी कांड में अभ्यारोपित किया गया था।

सरकारी समाचार एजेंसी 'ईरना' ने यह खबर दी है। शक्तिशाली अधिकारी शमखानी लंबे समय से इस पद पर काबिज़ थे। राष्ट्रपति रईसी ने शमखानी को बदलने के लिए आदेश जारी किया है। वह भ्रष्टाचार के आरोपों का लगातार सामना कर रहे थे। हालांकि उन्होंने इससे इनकार किया है। इसके अलावा वह उस ब्रिटिश-ईरानी व्यक्ति के साथ करीबी रिश्तों को लेकर भी जांच का सामना कर रहे हैं जिसे इस साल के शुरू में जासूसी के इल्ज़ाम में फांसी दे दी गई थी। बाद में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खमेनेई के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि शमखानी देश की अभियान परिषद में शामिल होंगे और सर्वोच्च नेता के राजनीतिक सलाहकार के रूप में काम करेंगे।

असम रोज़गार मेला

# नए भारत के निर्माण की दिशा में हम तेजी से कदम उठा रहे हैं : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से असम रोज़गार मेले को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि

- **कुछ समाह पहले एम्स गुवाहाटी और 3 मेडिकल कॉलेजों के लोकार्पण करने के सौभाग्य को भी श्री मोदी ने याद किया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में असम में डेंटल कॉलेजों का भी विस्तार हुआ है, इसके कारण चिकित्सा पेशे से जुड़े युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर सृजित हुए हैं।**
- **प्रत्येक नई अवसंरचना परियोजना के साथ हर क्षेत्र में रोज़गार और स्वरोज़गार के अवसरों को मिल रहा है बढ़ावा।**
- **आजादी के अमृत काल में हम सभी ने अपने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।**

आज का रोज़गार मेला, असम में युवाओं के भविष्य के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा, इससे पहले भी असम में रोज़गार मेले के जरिए 40 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि आज लगभग 45 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गये हैं। उन्होंने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानमंत्री ने कहा, असम

शांति और विकास का एक नया युग देख रहा है और विकास की इस गति ने असम में सकारात्मक दृष्टिकोण और प्रेरणा का संचार किया है। सरकारी नियुक्तियों को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए असम सरकार द्वारा शुरू की गई प्रक्रियाओं के संबंध में प्रधानमंत्री ने विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के लिए गठित असम प्रत्यक्ष भर्ती आयोग का जिक्र किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, आजादी के अमृत काल में हम सभी ने अपने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अमृत काल के 25 वर्ष, सेवा काल के समान ही महत्वपूर्ण हैं। नवनियुक्तों के व्यवहार, सोच, कार्य करने के दृष्टिकोण और लोगों पर प्रभाव के महत्व को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि नवनियुक्त कर्मी प्रत्येक आम नागरिक के लिए असम सरकार का चेहरा होंगे। उन्होंने कहा कि समाज आकांक्षी होता जा रहा है और कोई भी नागरिक विकास के लिए इंतजार नहीं करना चाहता। ट्वेंटी-20 क्रिकेट के इस युग में, देश के लोग त्वरित परिणाम चाहते हैं। श्री मोदी ने कहा कि सरकारी प्रणालियों को इस अनुसार खुद को बदलने की आवश्यकता है। उन्होंने देश के नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने में सरकारी कर्मचारियों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने नियुक्त किए गए लोगों से उसी समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया, जिसके जरिये वे यहां तक पहुंचे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे नई चीजों को सीखने के लिए तत्पर रहकर समाज और व्यवस्था को बेहतर बनाने में योगदान दे सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज, युवा कई ऐसे क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं, जिसकी पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। उन्होंने स्टार्टअप इकोसिस्टम पर प्रकाश डाला, जिसने देश में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोज़गार के लाखों अवसर सृजित करने में मदद की है। उन्होंने कृषि, सामाजिक कार्यक्रमों, सर्वेक्षण और रक्षा क्षेत्र में ड्रोन की बढ़ती मांग का भी जिक्र किया और कहा कि इससे युवाओं के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत अभियान का भी जिक्र किया, जो भारत में करोड़ों मोबाइल फोन बनाकर देश के विकास में योगदान दे रहा है। हर गांव में पहुंच रहे ब्रॉडबैण्ड कनेक्टिविटी के विस्तार का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे बड़े पैमाने पर रोज़गार और स्वरोज़गार को प्रोत्साहन मिला है। श्री मोदी ने रेखांकित किया कि केवल एक योजना या एक निर्णय, लोगों के जीवन को प्रभावित कर सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा, सरकार रोज़गार और स्वरोज़गार के नए अवसर देकर युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम एक नए भारत के निर्माण की दिशा में भी तेजी से कदम उठा रहे हैं।

नासा के

# जेम्स वेब टेलीस्कोप की नई खोज से वैज्ञानिक हुए चकित

खगोलविदों ने लगभग 40 प्रकाश वर्ष दूर एक तारे के चारों ओर घूमने वाले ग्रह जीजे 1214बी (GJ 1214b) को

- **40 प्रकाश वर्ष दूर एक ग्रह से जुड़ी जानकारी सामने आई है इस ग्रह का नाम जीजे 1214बी है। जो पानी से भरा हो सकता है।**

लेकर नया शोध किया है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से मिनी नेपच्यून के नाम से जाने जाने वाले इस ग्रह को बारीकी से देखा गया है। मिनि नेपच्यून विशाल गैसीय ग्रह का एक सिकुड़ा हुआ संस्करण है। क्योंकि हमारे सौरमंडल में ऐसा कोई ग्रह नहीं है, इसलिए वैज्ञानिकों की इसके प्रति जिज्ञासा बनी हुई है। लेकिन अब इसके कुछ रहस्य धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं।

पहले जब इस ग्रह को देखा गया था तो इस पर बादलों की घनी परत देखी गई थी, जिसने इसके अंदर देखने से रोक दिया था। लेकिन जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप अब तक का सबसे शक्तिशाली टेलीस्कोप है, जो इंफ्रारेड हीट कैमरे से लैस है। इस टेलीस्कोप ने घने बादलों की जांच की, जिससे जुड़े रिजल्ट 10 मई को जर्नल नेचर में पब्लिश किये गये हैं। नासा शोधकर्ताओं के मुताबिक जीजे 1214बी में भाप से बना वातावरण है। इससे नासा शोधकर्ता मान रहे हैं कि ये ग्रह पानी से भरा है।

नासा की जेट प्रोपल्शन लैब के एक एक्सोप्लैनेट शोधकर्ता रॉब जेलेम ने एक बयान में कहा,'पिछले लगभग एक दशक से इस ग्रह के बारे में हमें सिर्फ यह पता था कि इसका वातावरण बादल भरा या धुंधला था। JWST के मिड-इंफ्रारेड इंस्ट्रूमेंट (MIRI) का इस्तेमाल ग्रह का तापमान मैप करने के लिए किया गया।

जॉर्जिया की

# राष्ट्रीय एयरलाइन ने राष्ट्रपति की उड़ान पर लगाया प्रतिबंध

यूरोपीय देश जॉर्जिया की राष्ट्रीय एयरलाइन जॉर्जियाई एयरवेज ने अपने ही राष्ट्रपति के उड़ान भरने पर रोक लगा

- **राष्ट्रपति को रूस के खिलाफ बयान पर माफी मांगने तक अवांछित व्यक्ति घोषित किया।**

दी है। यह रोक जॉर्जियाई एयरवेज के संस्थापक तमाज गयशविली ने लगाई है। दरअसल, जॉर्जियाई राष्ट्रपति सैलोम जौराबिचविली ने कहा था कि वह रूस के लिए फ्लाइटों को फिर से शुरू करने पर एयरलाइन का बहिष्कार करेंगी।

रूस ने इस महीने घोषणा की थी कि वह जॉर्जिया के साथ सीधी उड़ानों पर चार साल पुराना प्रतिबंध हटा रहा है। इसी के साथ रूस की यात्रा करने वाले

जॉर्जियाई लोगों के लिए दशकों पुरानी वीजा की जरूरत को भी खत्म कर दिया गया है।

राष्ट्रपति सैलोम जौराबिचविली ने जॉर्जियाई अधिकारियों से रूसी ऑफर को न मानने का आदेश दिया था। उन्होंने कहा था कि जॉर्जिया के लोग रूस के बहकावे में न आएं, हालांकि उनकी अपील को नजरअंदाज कर दिया गया। निजी स्वामित्व वाली जॉर्जियाई एयरवेज के संस्थापक तमाज गयशविली ने रूसी समाचार एजेंसी TASS को बताया कि जौराबिचविली अब अस्वीकार्य हैं। उन्होंने कहा कि जब तक वह जॉर्जियाई लोगों के सामने माफी नहीं मांगती तब तक उन पर प्रतिबंध लगा रहेगा।

जॉर्जियाई अधिकारियों ने रूस से सीधी फ्लाइट की बहाली का स्वागत किया है। हालांकि, यूरोपीय संघ के समर्थक कुछ जॉर्जियाई लोगों ने मध्य तिब्लिसी में इसके खिलाफ प्रदर्शन भी किया। जॉर्जिया में एक पक्ष रूस के साथ किसी भी तरह के मेल-मिलाप का विरोध करता है।

रूस-यूक्रेन संघर्ष

# न्यूक्लियर पावर प्लांट पर मिसाइल और ड्रोन से अटैक

दक्षिणी पूर्वी यूक्रेन में स्थित जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा केंद्र पर रूस ने ताबड़तोड़ मिसाइल और ड्रोन से अटैक किए हैं। इससे परमाणु संयंत्र अलग-थलग पड़ गया है और उसकी बाहरी बिजली सप्लाई काट दी गई है। रूसी अधिकारी व्लादिमीर रोगोव ने कहा कि यूक्रेन द्वारा नियंत्रित बिजली लाइन को डिस्कनेक्ट करने के बाद संयंत्र को बाहरी बिजली आपूर्ति से पूरी तरह से काट दिया गया है।

''द मॉस्को टाइम्स'' की एक रिपोर्ट में

कहा गया है कि रूसी प्रशासन ने टेलीग्राम पर लिखा है, "हाइटेंशन लाइन कट जाने के कारण, न्यूक्लियर पावर प्लांट ने अपनी बाहरी बिजली आपूर्ति खो दी है।" रिपोर्ट में कहा गया है कि आउटेज के कारणों की जांच की जा रही है और परमाणु केंद्र में डीजल जनरेटर से बैकअप व्यवस्था बहाल की जा रही है।

ज्ञात रहे कि यूक्रेन की परमाणु एजेंसी Energoatom ने रूस पर हमला करने का आरोप लगाया। एजेंसी ने कहा कि रूसी हमले की वजह से न्यूक्लियर पावर प्लांट में बिजली गुल हो गई। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि मार्च 2022 में मॉस्को के सैनिकों के नियंत्रण में इस प्लांट के आने के बाद से संयंत्र के "ब्लैकआउट मोड" में जाने का यह सातवां मामला है। हालांकि, Energoatom ने कहा कि जनरेटर के लिए 10 दिनों का पर्याप्त ईंधन भंडार है।

दूसरी तरफ इसी एजेंसी ने चेतावनी दी है कि अगर 10 दिनों के अंदर इस संयंत्र की बाहरी शक्ति बहाल नहीं की जा सकी तो पूरी दुनिया रेडिएशन की जद में आ सकती है और इसके गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं। निप्रो क्षेत्र के गवर्नर ने कहा कि रात भर हवाई हमले किए गए हैं, जिसमें चार रूसी मिसाइलें और 15 ड्रोन गिराए जा चुके हैं और कम से कम आठ नागरिक घायल हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र के परमाणु प्रमुख राफेल ग्रॉसी, जिन्होंने संयंत्र की सुरक्षा पर एक समझौते के लिए दोनों पक्षों के साथ बातचीत करने की कोशिश की है, ने कहा कि यह युद्ध के दौरान विशाल परमाणु सुविधा में सातवीं बिजली कटौती है।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- मनीष सिंह, मुद्रक- मनीष सिंह द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- राजीव तिवारी।